जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें
jagruktimes.co.in
जयपुर, गुरुवार, 23 जनवरी, 2025 ▶▶ वर्ष 16 ▶▶ अंक 265 ▶▶ पृष्ठ 12 ▶▶ मूल्य 1.50 रु.



फिर साथ नजर आएंगे प्रभास-दीपिका पादुकोण

पेज: 10

# पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह

# कई यात्री कूदे, दूसरे ट्रैक पर आ रही ट्रेन ने कुचला

## 12 लोगों की मौत, 40 गंभीर रूप से घायल

## सीएम फडणवीस ने हादसे पर जताया दुख





**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम 4.42 बजे बड़ा ट्रेन हादसा हुआ। यहां पाचोरा स्टेशन के पास माहेजी और परधाड़े के बीच पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैली। इस दौरान किसी यात्री ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन रुकी और घबराए यात्री कूद गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया।

जलगांव एसपी ने 12 लोगों की मौत की पुष्टि की है। 40 पैसेंजर्स के घायल होने की खबर है। सेंट्रल रेलवे के भुसावल डिवीजन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जहां घटना हुई, उस जगह पर शार्प टर्न था। इस वजह से दूसरे ट्रैक पर बैठे पैसेंजर्स को ट्रेन के आने का अंदाजा नहीं लगा। यही वजह रही कि कर्नाटक संपर्क क्रांति से इतनी बड़ी संख्या में लोग कुचले गए। सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल निला ने बताया, भुसावल से मेडिकल रिलीफ ट्रेन निकल चुकी है। हादसे में किसी यात्री की फिलहाल मौत की जानकारी नहीं है। जलगांव से भाजपा सांसद स्मिता वाघ ने बताया है कि इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने यह भी आशंका व्यक्त की कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, विशेषकर इसलिए कि घायलों में से कई की हालत गंभीर है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर दुख व्यक्त किया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। सरकार के मंत्री गिरीश महाजन और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

### ब्रेक लगने पर ट्रेन के पहिए से निकला था धुआं

गाड़ी नंबर 12627 कर्नाटक एक्सप्रेस यशवंतपुर से हजरत निजामुद्दीन जा रही थी। जबकि पुष्पक एक्सप्रेस (12533) लखनऊ से मुंबई जा रही थी। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच के अंदर हॉट एक्सल या ब्रेक-बाइंडिंग (जैमिंग) के कारण चिंगारी उठी और कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने जंजीर खींची और उनमें से कुछ नीचे कूद गए।

### बढ़ सकता है मौत का आंकड़ा

नासिक के डिविजनल कमिश्नर ने कहा कि हादसे के बाद एसपी, कलेक्टर और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं। डीआरएम और रेलवे अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। घटनास्थल पर 8 एंबुलेंस पहुंच चुकी हैं। अभी तक 11 लोगों की मौत की खबर है, लेकिन ये आंकड़ा अभी बढ़ सकता है। जलगांव जिला कलेक्टर आयुष प्रसाद ने बताया कि घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है। घायलों को तत्काल ग्रामीण अस्पताल सहित कुल तीन अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में 27 दल करेंगे परेड

**शिमला।** 26 जनवरी को 76वां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। इस दिन राज्यस्तरीय समारोह के मौके पर 27 दल परेड करेंगे। हिमाचल प्रदेश में गणतंत्र दिवस के मौके पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम शिमला में होना है। इस अध्यक्षता राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला करेंगे। शिमला में इस बार गणतंत्र दिवस की तैयारी विशेष तौर पर की जा रही है।

### बोकारो में दो नक्सली ढेर

**बोकारो।** झारखंड में नक्सलियों पर ताबड़तोड़ प्रहार जारी है। इस बीच बुधवार को बोकारो जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया। नक्सलियों के शवों के पास से एक एके-47 राइफल समेत कई हथियार बरामद किए गए हैं।

### शेयर मार्केट में बड़ी रिकवरी

**मुंबई।** ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने और विदेशी निवेशकों की जबरदस्त बिकवाली के बीच बुधवार भारतीय शेयर बाजार दिनभर के बड़े उतार-चढ़ाव के बाद संभलने में कामयाब रहे। बाजार बंद होने पर दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी अच्छी मजबूती के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 566.63 अंक उछलकर 76,404.99 अंक पर बंद हुआ।

## एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व चर्चा, सीएम शर्मा बोले...

# एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच की सशक्त समाज के निर्माण में अहम भूमिका

## सबका साथ, सबका विकास हमारा लक्ष्य



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि एक सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच की अहम भूमिका है। इनका समाज पर बहुत गहरा प्रभाव होता है तथा वे राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बजट में प्रत्येक वर्ग की जरूरतों का समावेश कर सभी के सुझावों का यथासंभव समाहित करेगी जिससे सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को गति मिले।

मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व चर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनजीओ, सिविल सोसाइटी एवं उपभोक्ता मंच जैसे संगठन अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ है तथा इनके अनुभव का लाभ जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भीमराव अम्बेडकर के अंत्योदय की अवधारणा पर काम कर रही है जिसके तहत अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले तथा वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके।

### महिला सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर कर रही काम

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि हम महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। राजीविका के तहत राज्य में 20 हजार से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों का गठन हुआ है तथा लखपति दीदी योजना के तहत 14 लाख से ज्यादा महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए हैं। राज्य सरकार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी इन महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री में सहयोग भी दे रही है। उन्होंने कहा कि हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 55 हजार से ज्यादा आवासों को स्वीकृति दी है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवास की समस्या को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत बारां जिले में सहरिया जनजाति के लिए विशेष अभियान चलाकर 17 हजार से ज्यादा आवास स्वीकृत किए गए हैं। बैठक में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों ने स्वरोजगार केन्द्र स्थापित करने, नशा मुक्ति केन्द्र खोलने, सिलिकोसिस बीमारी से रोकथाम, गांवों तक योजनाओं का प्रचार-प्रसार, बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, घुमन्तू वर्गों का संबल, बालश्रम की रोकथाम हेतु कार्यवाही, स्वयं सहायता समूह, दिव्यांगों के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, जेण्डर बजट, रिसर्च सेंटर फॉर कन्ज्यूमर केयर, प्रवासी श्रमिक बोर्ड का गठन, विमंदितों के लिए पुनर्वास गृह सहित विभिन्न विषयों पर अपनी राय रखी। बैठक में अपना घर आश्रम, उमंग, सेवा भारती, नया सवेरा, भगवान महावीर चाइल्ड केयर, अलख फांउडेशन, प्रयास संस्थान, सेव द चिल्ड्रन, अक्षय पात्र फाउंडेशन, घुमन्तू जाति उत्थान न्यास सहित विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, पंचायती राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### गांवों का विकास राज्य की समृद्धि का आधार

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विकास राज्य की समृद्धि में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारी सरकार गांवों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के 20 करोड़ मानव दिवस को बढ़ाकर 27 करोड़ मानव दिवस किया गया है। अब तक 24 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस का रोजगार दिया जा चुका है। साथ ही, योजना के तहत लगभग सभी श्रमिकों का भुगतान 15 दिन में किया जा रहा है।*

## बजट से पहले मोदी कैबिनेट का फैसला

# जूट की एमएसपी बढ़ी, किसानों को फायदा



प्रेस वार्ता करते मंत्री पीयूष गोयल



फाइल फोटो

**नई दिल्ली।** बजट से पहले कृषि और स्वास्थ्य को लेकर मोदी कैबिनेट ने बड़ा फैसला किया है। बुधवार को कैबिनेट बैठक में जूट के एमएसपी बढ़ाने और नेशनल हेल्थ मिशन को अगले पांच साल तक चालू रखने का फैसला किया है। बैठक के बाद यह जानकारी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने दी है। कैबिनेट की बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई है। पीयूष गोयल के मुताबिक कैबिनेट ने जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ा दिया है। 2025-26 के लिए रॉ जूट की एमएसपी में 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इस फैसले के बाद अब जूट का कच्चा माल 5650 प्रति क्विंटल में खरीदा जाएगा। किसानों को प्रति क्विंटल 315 रुपए का सीधा लाभ होगा। सरकार ने यह फैसला जूट की खपत को बढ़ाने के मकसद से लिया है। इस फैसले से जूट किसानों को फायदा होगा। बिहार, बंगाल और असम में जूट की खेती भारी मात्रा में होती है। इस फैसले का सीधा लाभ किसानों के इन 40 लाख परिवारों को होगा।

### जूट का कच्चा माल 5650 प्रति क्विंटल

कैबिनेट बैठक में नेशनल हेल्थ मिशन को लेकर भी फैसला किया गया है। इस मिशन को अगले पांच साल तक के लिए चालू रखा गया है। कोरोना काल में यह मिशन काफी मददगार साबित हुआ था।



## पिकअप और ट्रैक्टर ट्रॉली में भीषण भिड़ंत....

# डेढ़ दर्जन घायल, 6 लोगों की हालत गंभीर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** मनिया थाना इलाके में एनएच 44 स्थित सिया का पुरा गांव के नजदीक बुधवार को पिकअप गाड़ी और ट्रैक्टर ट्रॉली में जोरदार टक्कर हो गई।

इस दुर्घटना में ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार डेढ़ दर्जन महिला-पुरुष एवं बच्चे घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। 6 घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। ट्रैक्टर ट्रॉली सवार घायल ग्वालियर के बताए जा रहे हैं। थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि पिकअप और ट्रैक्टर ट्रॉली की भिड़ंत में डेढ़ दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिनका जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहन पुलिस ने कब्जे में ले लिए हैं। मध्य प्रदेश के ग्वालियर निवासी करीब दो दर्जन महिला-पुरुष एवं बच्चे खैरागढ़ कस्बे में 21 जनवरी को भात कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। बुधवार को सभी लोग वापस लौट रहे थे। इस दौरान धौलपुर जिले के मनिया थाना इलाके में एनएच 44 स्थिति सिया पुरा गांव के नजदीक पीछे से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप गाड़ी ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी।

## सीएम योगी ने महाकुंभ से की घोषणा

# उत्तरप्रदेश में खुलेंगे तीन नए मेडिकल कॉलेज

## सात दिनों में सवा नौ करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भव्य महाकुंभ का आयोजन जारी है। बीते एक सप्ताह के अंदर सवा नौ करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पर पावन स्नान का आनंद लिया है। वहीं, बुधवार को महाकुंभ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी सरकार के कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक के बाद सीएम योगी ने यूपी के विकास के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं।

तीन जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे- बागपत, कासगंज और हाथरस। प्रयागराज, वाराणसी, आगरा नगर निगम के लिए बॉन्ड जारी होगा। युवाओं को स्मार्टफोन, टैबलेट दिए जाएंगे। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ेंगे। चित्रकूट को भी गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाएगा। नई एयरोस्पेस डिफेंस पॉलिसी बनेगी। महाकुंभ के मद्देनजर प्रयागराज का विकास। यमुना नदी पर एक और सिग्नेचर ब्रिज बनेगा।

सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज और इसके आसपास के क्षेत्रों को विकसित करने के लिए हम एक विकास क्षेत्र बनाएंगे। इसके बुनियादी ढांचे को ध्यान में रखते हुए गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार किए जाने वाले प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। गंगा एक्सप्रेसवे प्रयागराज से मिर्जापुर, भदोही से काशी, चंदौली और गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। वहीं ये वाराणसी और चंदौली से, गंगा एक्सप्रेसवे सोनभद्र को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगा।

## अनंत सिंह पर जानलेवा हमला

### कई राउंड फायरिंग हुई

### सोनू-मोनू गैंग का नाम सामने आया

**पटना।** पूर्व विधायक और बाहुबली नेता अनंत सिंह पर बुधवार देर शाम जानलेवा हमला हुआ है। गैंगस्टर सोनू-मोनू ने 60 से 70 राउंड फायरिंग की। हालांकि हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अनंत सिंह मोकामा विधानसभा क्षेत्र के नौरंगा गांव के दौरे पर थे। तभी हमला हुआ। गिरोह के लोगों ने गांव के एक परिवार को जमकर पीटा और घर से बाहर करके ताला लगा दिया था। जब इस बात की खबर अनंत सिंह को हुई तो वे गैंगस्टर के घर पहुंचे। ऐसा बताया जा रहा है कि, अनंत सिंह को घर पर देखकर दोनों भाई सोनू-मोनू फायरिंग करने लगे। हालांकि इस गोलीबारी में अनंत सिंह बाल-बाल बच गए हैं। गोलीबारी के बाद सोनू-मोनू फरार हो गए।

## महिला कुक और अध्यापक बुरी तरह से झुलसे



## मिड डे मील का दूध गर्म करते समय हुआ हादसा, रसोईघर ढहा...

# अलवर के सरकारी स्कूल में फटा गैस सिलेंडर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर जिले के बड़ौदामेव कस्बे में एक सरकारी स्कूल में हादसा हो गया। कस्बे के समीपवर्ती ग्राम खेडला अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बुधवार दूध गर्म समय गैस सिलेंडर फट गया। जिससे जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज से हड़कंप मचा और स्कूल के अध्यापक मौके पर पहुंचे। हादसे में पोषाहार बना रही महिला और एक अध्यापक झुलस गए। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार खेड़ला गांव के सरकारी स्कूल में कुक हंसरा रसोई में बच्चों के लिए दूध गर्म करने गई थी। हंसरा ने गैस चालू किया तो पर जल नहीं रहा था। इस पर वह अध्यापक को बुलाने बाहर गई। थोड़ी देर में अध्यापक धर्म सिंह सहायता करने रसोई घर में पहुंचे और माचिस जलाते ही गैस रिसाव से रसोई में जोरदार धमाका हुआ।

जिससे रसोई घर क्षतिग्रस्त हो गया और कुक हंसरा निवासी खेडला व अध्यापक धर्म सिंह निवासी चौलाई का बास झुलस गए। मौके पर मौजूद अन्य अध्यापकों ने तुरंत आग को बुझाया और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ौदामेव ले गए।

### किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद

# पशुपालकों के सशक्तीकरण के लिए किए महत्वपूर्ण निर्णयः मुख्यमंत्री शर्मा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। एक वर्ष के कार्यकाल में हमने कृषकों की आय बढ़ाने के लिए दूरगामी निर्णय किए है। उनका सशक्तीकरण ही विकसित राजस्थान की मजबूत नींव तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि किसानों एवं पशुपालकों से प्राप्त सुझावों को यथासंभव आगामी बजट 2025-26 में शामिल करने के प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय पर किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अन्नदाता अपनी अथक मेहनत से देश-प्रदेश को खाद्य सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। हमारा भी दायित्व है कि किसानों का सशक्तीकरण सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र का राज्य के जीएसडीपी में करीब 30 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं कृषि एवं पशुपालन से प्रदेश के करीब 85 लाख परिवारों को रोजगार मिल रहा है।

बैठक में जालौर, सवाईमाधोपुर, बीकानेर, अजमेर, चुरू, जयपुर, श्रीगंगानगर, चित्तौड़गढ़, जोधपुर, फलौदी, बालोतरा, जैसलमेर, सीकर सहित विभिन्न अंचलों के प्रगतिशील किसानों ने मुख्यमंत्री को कृषि, पशुपालन के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही कोटा, भरतपुर, पाली डेयरी संघों सहित विभिन्न संघों ने भी सुझाव दिए। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, राज्य किसान आयोग अध्यक्ष सी. आर. चौधरी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, शासन सचिव कृषि राजन विशाल सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

#### » एक साल में पानी-बिजली के लिए प्राथमिकता से किए कार्य

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में किसानों को पानी-बिजली उपलब्ध करवाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। ईआरसीपी-पीकेसी परियोजना, यमुना जल समझौता, माही डेम परियोजना एवं देवास परियोजना के माध्यम से किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से 2.24 लाख करोड़ रूपए के एमओयू हस्ताक्षरित किए गए हैं। इससे किसानों को वर्ष 2027 में दिन के समय में भी बिजली उपलब्ध हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के सहयोग से राज्य सरकार 'कर्म भूमि से मातृभूमि' अभियान चलाकर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रेन वॉटर रिचार्ज इस्ट्रक्चर बनाएगी। इससे किसानों को पानी मिल सकेगा।

#### » नवीन तकनीकों को सीखने के लिए किसानों को भेजेंगे विदेश

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि किसान नवीनतम तकनीक अपनाकर खुशहाली के मार्ग पर आगे बढ़े। इसी क्रम में राज्य सरकार प्रगतिशील किसानों को विदेशों में भेजेगी ताकि वे उन्नत कृषि तकनीकों को जाने, समझे और उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का अधिकतम उपयोग करते हुए कृषि क्षेत्र में चुनौतियों के समाधान के लिए एग्रीस्टेक का क्रियान्वयन कर रही है। इसके तहत 5 फरवरी से विभिन्न चरणों में प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में फार्म रजिस्ट्री कैंप आयोजित किए जाएंगे।

#### » प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को मिला आर्थिक संबल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से लाभार्थियों को हर साल 2 हजार रुपये अतिरिक्त देकर कुल 8 हजार रुपये की राशि दी जा रही है। इस योजना के तहत राज्य के 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 1 हजार 355 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित भी की जा चुकी है। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 2 हजार 822 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम वितरित किए गए है।

#### » 32 लाख से अधिक महिला किसानों को बीज मिनिकिट निःशुल्क वितरित

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसानों को सस्ती दरों पर किराये पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए राज्य में केवीएसएस और जीएसएस पर 330 कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना की है। किसानों को मृदा स्वास्थ्य की जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए साढ़े आठ लाख से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए हैं।

#### » पशुपालकों को ब्याज मुक्त अल्पकालीन ऋण की सुविधा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शर्मा ने कहा कि राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के अंतर्गत डेयरी से संबंधित गतिविधियों तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपये तक ब्याज मुक्त अल्पकालीन ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के डीबीटी के माध्यम से राशि लाभार्थियों को हस्तांतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजीकृत गौशालाओं को देय अनुदान में 10 प्रतिशत की वृद्धि के आदेश जारी कर दिए गए है।

### » बीजेपी प्रदेश प्रभारी का राहुल गांधी पर तंज, बोले...

# राहुल गांधी कांग्रेस की कब्र खोद देंगे

### मंत्रिमंडल विस्तार होना है या नहीं, सीएम तय करेंगे

**जयपुर।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज हैं। मतदान में भले ही अभी देर हो, लेकिन राजधानी दिल्ली के चुनाव को लेकर देशभर में सियासी पारा गर्म हो गया है। बुधवार को जयपुर पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि जनता अब कांग्रेस को जान चुकी है। वह झांसे में आने वाली नहीं। राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए अग्रवाल ने कहा कि वे अच्छे आदमी हैं। कांग्रेस के लिए इतनी कब्र खोद देंगे कि देश में कहीं भी कांग्रेस नहीं रहेगी। उन्होंने दिल्ली चुनाव को लेकर जीत का दावा किया और कहा कि वहां तो मानो भाजपा चुनाव जीत चुकी। अब सिर्फ परिणाम की घोषणा बाकी है।

भाजपा में चल रहे संगठन चुनाव को लेकर प्रभारी ने कहा कि चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। योग्यतम जिला अध्यक्ष बने, यह प्रयास है। 45 से 60 साल की उम्र के



कार्यकर्ता, जिसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं हो, भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं हो और पिछले दो चुनाव में पार्टी के प्रति समर्पित भूमिका रही हो, ऐसे कार्यकर्ताओं को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष बनाया जा रहा है। अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के संगठन चुनाव पूरे देश में चल रहे हैं। राजस्थान कई राज्यों से आगे है। अग्रवाल ने कहा कि हम पूरे पारदर्शी तरीके से चुनाव कर रहे हैं। यदि कोई कार्यकर्ता असहमत होता है तो वो अपील में जाता है। भाजपा का राष्ट्रीय अपील अधिकारी मैं ही हूं। राजस्थान से अभी तक एक भी शिकायत मेरे पास नहीं आई है।

#### राहुल कांग्रेस की कब्र खोद रहे

भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जनता कांग्रेस को जान चुकी है। चुनाव में जनता ने कांग्रेस पार्टी को जवाब दे दिया है। वे चर्चा में बने रहने के लिए कुछ ना कुछ आरोप लगाते हैं। उससे हमारा नुकसान नहीं होता, कुछ फायदा ही होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो 2013 से पहले ही खत्म हो चुकी है। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे अच्छे आदमी हैं। वे कांग्रेस की इतनी कब्र खोद देंगे कि यह पार्टी देश में कहीं भी नहीं बचेगी।

#### दिल्ली में तो हम जीते हुए ही हैं

अग्रवाल ने दिल्ली चुनाव को लेकर कहा कि वहां तो हम बस जीते हुए ही हैं। चुनाव का रिजल्ट घोषित होना बाकी है। वहां आप पार्टी बेनकाब हो चुकी है। वह झूठ और भ्रष्टाचार की राजनीति करती है। विकास से उनका कोई लेना-देना नहीं है। दिल्ली में फ्री बिजली के नाम पर अधिकारी पैसे वसूलते हैं। फ्री पानी के नाम पर टैंकर ब्लैकमेल किए जा रहे हैं।

#### मंत्रिमंडल विस्तार मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार

मंत्रिमंडल विस्तार पर पूछे गए सवाल के जवाब में प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास ने कहा कि यह सवाल मुख्यमंत्री से पूछना चाहिए। यह उनका एकाधिकार है। जब मंत्रिमंडल बदलाव हो या विस्तार, ये उनका अपना निर्णय होगा। हालांकि, अभी ऐसा लग भी नहीं रहा है कि मंत्रिमंडल में फेरबदल की कोई जरूरत है।

## मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल, कांगपोकपी, चूरचंदपुर और टेंग्नुपाल से असम राइफल्स और पुलिस ने हथियारों का जखीरा और बड़ी संख्या में गोला-बारूद बरामद किए हैं। मणिपुर पुलिस ने बुधवार को बताया कि 11 जनवरी को चूरचंदपुर जिले के मोंगजांग गांव और 13 जनवरी को कांगपोकपी जिले के फेयेंग हिल में उग्रवादियों के मूवमेंट का इनपुट मिला। छापेमारी के दौरान कारबाइन मशीन गन, सिंगल बोर बैरल राइफल, एके-47, पिस्तौल, ग्रेनेड, गोला-बारूद जब्त किए गए।

# सैफ ने की ऑटो चालक से मुलाकात

### खून से लथपथ एक्टर को पहुंचाया था अस्पताल

**मुंबई।** ठीक एक हफ्ते पहले बीते गुरुवार की रात सैफ अली खान पर धारदार चाकू से हमला हुआ था। खून से लथपथ एक्टर जैसे-तैसे ऑटो से अस्पताल पहुंचे थे। इन तस्वीरों से जाहिर हो रहा है कि ये लीलावती अस्पताल की हैं। ये तस्वीरें बीते दिन एक्टर के डिस्चार्ज होने से पहले ही ली गई हैं। सैफ अली खान इन तस्वीरों में मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने ब्लू डेनिम के साथ ही व्हाइट शर्ट कैरी की है। इसके साथ ही उन्होंने ब्लैक



गॉगल भी लगाए हैं। हाथ में उनके चोट पर लगाए जाने वाला कवर दिख रहा है। बैकग्राउंड में अस्पताल का बिस्तर भी दिख रहा है। नीली शर्ट पहने ऑटो चालक भजन सिंह साथ नजर आ रहे हैं। एक्टर ने उनके कंधे पर हाथ रखा है। दोनों ही बिस्तर पर बैठे हैं। इसके अलावा एक और तस्वीर भी ली गई है, जिसमें दोनों ही खड़े हैं। दोनों ही तस्वीरों में सैफ अली खान काफी खुश नजर आ रहे हैं।

#### ड्राइवर ने नहीं लिए थे पैसे

अस्पताल पहुंचाने वाले चालक एक्टर को पहचान भी नहीं सके थे। उन्होंने बताया था कि एक्टर लगातार पूछते रहे थे कि वो कितनी देर में अस्पताल पहुंचेंगे। अस्पताल पहुंचने के बाद ही चालक को पता चला कि घायल हालत में ये एक्टर सैफ अली खान थे। ऑटो चालक ने एक्टर से अस्पताल पहुंचाने के पैसे भी नहीं लिए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ ब्लास्ट मामलाः 16 लोकेशन पर एनआईए की रेड

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ ब्लास्ट केस को लेकर एनआईए ने बुधवार सुबह पंजाब, यूपी और उत्तराखंड में 16 जगहों पर छापे मारे। इनमें पंजाब के 14 और उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड में 1-1 लोकेशन पर एनआईए की टीम पहुंची। सितंबर 2024 में चंडीगढ़ में हुए ब्लास्ट में पाकिस्तानी आतंकी हरिवंदर सिंह और अमेरिका में रह रहे आतंकी हरप्रीत सिंह का नाम आया था।

### दो सड़क हादसों में 13 लोगों की मौत

**हुबली।** कर्नाटक में एक ही दिन में 2 एक्सीडेंट हुए। हुबली में बुधवार सुबह 5 बजे फल-सब्जियां ले जा रहा ट्रक 50 मीटर गहरी खाई में गिर गया। इसमें 9 लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई लोग घायल भी हुए जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, रायचुर जिले में एक वाहन के पलटने से 4 लोगों की मौत हुई। इस हादसे को लेकर अभी और जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने बताया कि दोनों एक्सीडेंट के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### जम्मू-कश्मीर में रहस्यमयी बीमारी से 17 मौतें

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी के गांव बधाल को कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। यहां रहस्यमयी बीमारी से 44 दिनों में 3 परिवारों के 17 लोगों की मौत के बाद बुधवार को यह फैसला लिया गया। यहां अब भीड़ इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है। मंगलवार को एक और बुधवार को दो मरीज और सामने आए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार को 25 साल के युवक एजाज अहमद की तबीयत बिगड़ी थी। पहले उसे जीएमसी जम्मू लाया गया था। फिर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। गांव में हुई मौतों की वजह अभी सामने नहीं आई है। गांव में 7 दिसंबर से 19 जनवरी के बीच संदिग्ध परिस्थितियों में ये मौतें हुई हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गांव में निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। इसके बाद प्रशासन ने गांव को कंटेनमेंट जोन बनाने का फैसला लिया।

# संशोधित पीकेसी लिंक परियोजना अब होगी रामजल सेतु लिंक परियोजना

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर की घोषणा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** भगवान श्रीराम की अयोध्या में रामजन्मभूमि पर भव्य प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना का नामकरण रामजल सेतु लिंक परियोजना किए जाने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि गत 17 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में संशोधित पीकेसी परियोजना के एमओए के अवसर पर पार्वती, काली सिंध और चंबल नदियों का जल रामसेतु जल संकल्प कलश में प्रवाहित किया गया था।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर रामजल सेतु लिंक परियोजना के नामकरण के उपरान्त इसके पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष आज के ही दिन 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भगवान श्रीराम अयोध्या में जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में विराजमान हुए थे। भगवान श्रीराम ने सत्य की विजय के लिए समुद्र पर सेतु बनाकर एक छोर को दूसरे छोर से जोड़ने का काम किया। उनसे प्रेरणा लेते हुए ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान और मध्य प्रदेश को सुजलाम सुफलाम बनाने के लिए नदियों को जोड़ने की यह महत्वाकांक्षी परियोजना लाई गई है।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदियों को जोड़ने के सपने को साकार करते हुए रामसेतु जल परियोजना के पूर्ण होने पर प्रदेश की 40 प्रतिशत आबादी को पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा। इस लिंक परियोजना में चंबल और इसकी सहायक नदियों कुन्नू, कूल, पार्वती, कालीसिंध और मेज के सरप्लस वर्षा जल को बनास, मोरेल, बाणगंगा, रूपारेल, पार्वतनी, गंभीर नदी बेसिनों में भेजा जाएगा। इस परियोजना में 522 एमसीएम पुनर्चक्रित जल सहित कुल 4102 मिलियन क्यूबिक मीटर जल उपलब्ध हो सकेगा। इस परियोजना से राजस्थान के 17 जिलों में वर्ष 2054 तक पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसमें लगभग सवा तीन करोड़ लोगों को सुलभ पेयजल की उपलब्धता के साथ-साथ लगभग ढाई लाख हैक्टेयर नये क्षेत्र में सिंचाई तथा लगभग डेढ़ लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हेतु अतिरिक्त पानी की व्यवस्था हो सकेगी। साथ ही, इन जिलों में स्थापित होने वाले उद्योगों के विकास के लिए भी पानी मिल सकेगा।

इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, सांसद मदन राठौड़, विधायक बहादुर सिंह कोली, डॉ. शैलेष सिंह, डॉ. सुभाष गर्ग, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## अब ऑनलाइन होंगे आवासन मंडल के सभी भुगतान

### आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने जारी किए आदेश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल ने भुगतान में होने वाले अनावश्यक विलंब को रोकने एवं पारदर्शिता को बेहतर बनाने के लिए चैक से भुगतान पर रोक लगाते हुए सभी भुगतान आरटीजीएस/NEFT या ऑनलाइन ट्रांसफ़र द्वारा ही किये जाने के निर्देश जारी किये है। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि अभी तक मण्डल के कार्यालयों द्वारा चैक से भुगतान किया जाता था जो कि वर्तमान डिजिटल युग में प्रासंगिक, तार्किक और युक्तियुक्त नहीं है, साथ ही इससे प्राप्तकर्ता को राशि प्राप्त करने में अनावश्यक विलंब होता था इसी के मध्यनज़र ये आदेश जारी किए है। उन्होंने बताया कि आदेशों की अवहेलना करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मण्डल आगे भी अपनी कार्यप्रणाली को बेहतर, प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए प्रयासरत रहेगा।



### शंभू-खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन

# चर्चा के लिए हम डल्लेवाल से अनुरोध कर सकते : एससी

### पंजाब सरकार ने कोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** 13 फरवरी 2024 से शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन मामले की सुनवाई बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई। एमएसपी सहित अन्य मांगों को लेकर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल आमरन अनशन पर बैठे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम डल्लेवाल से बातचीत फिर से शुरू करने और चिकित्सा देखभाल लेने के साथ-साथ प्रभावी चर्चा में शामिल होने का अनुरोध कर सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केंद्र के प्रतिनिधिमंडल से डल्लेवाल बातचीत करने को तैयार हो गए हैं। 14 फरवरी को बैठक होना तय हुआ है। जस्टिस सूर्यकांत ने भी कहा कि सकारात्मक पहल हुई है। हमें यह भी बताया गया है कि कुछ अन्य किसान नेताओं ने भी अपना अनशन तोड़ दिया है और वार्ता फिर से शुरू करने पर



सहमति व्यक्त की है। सभी हितधारक कार्रवाई करने में सक्षम होंगे। और राष्ट्रीय हित में जो भी मुद्दा होगा उसे हल करेंगे। मामले की अगली सुनवाई फरवरी महीने के अंत में होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह सभी रिपोर्ट्स को एम्स को भेजेगा, ताकि राज्य के दावे की पुष्टि की जा सके। कोर्ट ने एम्स के डायरेक्टर से कहा था कि इस संबंध में चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श करें।

**26 को ट्रैक्टर मार्च का ऐलानः-** किसानों ने फैसला किया है कि 26 जनवरी को देशभर में ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे। इसके बाद दिल्ली कूच के बारे में फैसला लिया जाएगा। जबकि 14 फरवरी को किसान चंडीगढ़ में केंद्र सरकार से मुलाकात करेंगे।

# कोटा में एक दिन में दो छात्रों ने की आत्महत्या

### अहमदाबाद और असम के थे छात्र, 22 दिन में छठी घटना

**कोटा।** राजस्थान की शिक्षा नगरी कोटा में एक ही दिन में दो स्टूडेंट ने आत्महत्या कर अपनी जिंदगी समाप्त कर ली। कोटा के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में गुजरात निवासी कोचिंग छात्रा ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। छात्रा ने पीजी के कमरे में पंखे से फंदा लगा लिया। गाइडलाइन के बाद भी पंखे में हैंगिंग डिवाइस नहीं लगा था। अहमदाबाद की रहने वाली अफ्शा शेख (23) करीब 6 महीने पहले कोटा आई थी। अफ्शा प्रतीक्षा रेजिडेंसी में रह रही थी। वहीं असम के नागोन शहर का रहने वाले छात्र पराग ने सुसाइड कर लिया। छात्र दो साल से कोटा में रह रहा था। कोटा में जनवरी में अब तक छह छात्रों ने खुदकुशी कर ली है।

#### बच्चों पर पढ़ाई का दबाव : शिक्षा मंत्री

राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को कहा था कि कोटा में विद्यार्थियों के बढ़ते आत्महत्या का कारण बच्चों पर पढ़ाई का दबाव और उनकी क्षमता से ज्यादा उम्मीदें रखना है। बच्चों पर पढ़ाई का दबाव डालने और उनकी क्षमता से ज्यादा उम्मीदें रखने के कारण यह स्थिति बन रही है। अभिभावकों को बच्चों की मानसिक स्थिति को समझना होगा।

## वाराणसी में सरकारी संपत्ति पर ही 406 वक्फ प्रॉपर्टी

**वाराणसी।** वक्फ बोर्ड संशोधन को लेकर गठित जेपीसी की लखनऊ में अहम बैठक हुई। इस दौरान एक चौकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। जिसमें सरकारी संपत्ति पर 78 प्रतिशत वक्फ की प्रॉपर्टी होने का दावा किया गया है। इसी बीच वाराणसी जिला प्रशासन द्वारा भी सरकार को एक रिपोर्ट भेजी गई है जिसमें अब तक वाराणसी जनपद में कुल वक्फ संपति और सरकारी प्रॉपर्टी पर वक्फ संपति होने का संपूर्ण विवरण शामिल है। वाराणसी एडीएम ने बताया कि वाराणसी के तीनों तहसील, नगर निगम का सर्वे हुआ है। उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड एक्ट- 37 के अनुसार वाराणसी जनपद में 1637 वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी हैं, जिसमें 1537 सुन्नी के हैं और 100 शिया वक्फ बोर्ड के हैं। वर्तमान में उनकी क्या स्थिति है इसका सर्वे कराया गया है जिसके अनुसार इनमे 406 ऐसी संपति है जो सरकारी भूमि पर ही स्थित हैं और इसकी सूचना हमने शासन को भिजवा दी है।

# अजमेर में घोड़ी पर चढ़ा 'दलित' दूल्हा

### 200 पुलिसकर्मियों की तैनाती में निकली बारात

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर जिले में दलित समाज के एक दूल्हे की बारात पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच निकली क्योंकि दुल्हन के परिवार को आशंका थी कि गांव के उच्च जाति के लोग इसमें बाधा डाल सकते हैं। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। यह मामला 21 जनवरी को जिले के लवेरा गांव का है जहां युवती अरुणा खोरवाल के परिवार के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से संपर्क कर बारात व बारातियों की सुरक्षा को लेकर आशंका जताई। प्रशासन ने बारात आदि की सुरक्षा के लिए लगभग 200 पुलिसकर्मियों को तैनात किया। दूल्हा विजय रेगर घोड़ी पर बैठकर दुल्हन के घर पहुंचा जिसके बाद पारंपरिक 'बिंदोली' की रस्म निभाई गई।



#### » हम डरेंगे को कैसे काम चलेगा : लड़की के पिता

अरुणा के पिता नारायण खोरवाल ने भी स्थानीय कार्यकर्ताओं से मदद मांगी थी। खोरवाल ने कहा,अगर हम डरे रहेंगे तो कैसे काम चलेगा। हम एक शिक्षित परिवार हैं। पहले भी बारात निकलने के दौरान अप्रिय घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिए हमने पुलिस और कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। प्रशासन और पुलिस के सहयोग से शादी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने बारात निकासी के लिए मानव विकास एवं अधिकार केंद्र संस्थान के सचिव रमेश चंद बंसल से मदद मांगी थी। बंसल ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को पत्र लिखा और स्थानीय पुलिस से मदद मांगी, जिसके बाद कई थानों से पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को तैनात किया गया।

#### » ग्रामीणों का पुलिस को समर्थन

अजमेर की पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने कहा कि एक परिवार ने पुलिस के सामने चिंता जताई थी कि वे बारात निकालना चाहते हैं और इसमें कुछ परेशानी हो सकती है। एहतियातन गांव में बैठक की गई और ग्रामीणों ने भी समर्थन दिया था कि कोई समस्या नहीं होगी। बारात, पुलिस सुरक्षा में निकाली गई।


स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com

» राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में बैठक

# पुलिस संदिग्ध गतिविधियों पर रखे विशेष नजरः मुख्यमंत्री

**सजगता और सतर्कता से आयोजित हों भर्ती परीक्षाएं**

**परीक्षार्थियों की सुविधाओं के लिए करें उत्कृष्ट व्यवस्था**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में आगामी 2 फरवरी को आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की फरवरी माह में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शिता के साथ संपादित करने के लिए प्रतिबद्ध है और परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण सजगता एवं सतर्कता के साथ किया जाएगा।

**प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताः-** मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा के लिए प्रश्न-पत्र संग्रहण और वितरण पर विशेष सतर्कता बरती जाए। जिला प्रशासन, पुलिस एवं आरपीएससी परस्पर समन्वय कर बेहतर पर्यवेक्षण और निगरानी के साथ परीक्षा संपादित करें। उन्होंने कहा कि प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता एवं सुरक्षा सर्वोच्च होनी चाहिए। उन्होंने परीक्षाओं में अनुचित साधनों का उपयोग ना हो इसके लिए प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

**'फरियाद के निस्तारण में ना बरतें कोताही':-** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला कलेक्टर और एसपी फरियादी की फरियाद संवदेनशीलता के साथ सुनें एवं उनका त्वरित निस्तारण करें। जनता की समस्या के निदान में लापरवाही और देरी करने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी और सख्त कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के लिये भी निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने जिला कलक्टर्स को महत्वपूर्ण कार्यों की नियमित समीक्षा करने के लिए भी निर्देशित किया।

**परीक्षा केन्द्रों पर हों सुरक्षा के विशेष इंतजामः-** शर्मा ने संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त रहे और डिबार किये गए परीक्षार्थियों पर निगरानी करने लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के निकट क्षेत्रों का सघन निरीक्षण भी किया जाए। स्थानीय पुलिस थाना विशेष सतर्कता के साथ कार्य करें। बैठक में आरपीएससी सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि डमी अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने से रोकने के लिए आवेदन पत्र और अटेंडेस शीट पर थंब इम्प्रेशन लेने का नवाचार भी किया गया है।

**सुगम आवागमन के लिए बसों की समय-सारणी हो जारीः-** मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग को परीक्षार्थियों के सुगम आवागमन के लिए पर्याप्त संख्या में यातायात साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा परीक्षा से दो दिन पूर्व एवं पश्चात निःशुल्क आवागमन की सुविधा दी जा रही है। परीक्षार्थियों को सुलभ यातायात के लिए परिवहन विभाग बसों की समय सारणी भी जारी करे। श्री शर्मा ने कहा कि परीक्षा प्रबंधन में लगे कार्मिकों का समयबद्ध प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता के लिए भी निर्देशित किया। शर्मा ने कहा कि कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा फरवरी माह में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं एवं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 27-28 फरवरी को आयोजित होने वाली राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

**एग्री स्टैक के लिए 5 फरवरी से शुरू होंगे शिविरः-** मुख्यमंत्री ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत हुए एमओयू की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने एग्रीस्टैक योजना एवं फार्मर रजिस्ट्री रोल-आउट पर अधिकारियों को मिशन मोड़ पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अवगत कराया गया कि आगामी 5 फरवरी से चरणबद्ध रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री के लिए कैम्प लगाए जाएंगे।

बैठक में प्रत्येक जिले में एक उपज, एक वानस्पतिक प्रजाति, एक उत्पाद, एक पर्यटन स्थल एवं एक खेल पर आधारित पंच-गौरव कार्यक्रम के संबंध में गाइडलाइन के बारे में प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। साथ ही, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन, नगरीय निकायों की सीमा वृद्धि, मंगला पशु बीमा योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, अति. मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर, अति. मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक यू आर साहू, पुलिस महानिदेशक (इंटेलीजेंस) संजय सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव एवं शासन सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। साथ ही, सभी संभागीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं विभिन्न अधिकारीगण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

**विद्याधर नगर जोन में हुई जनसुनवाई**

# महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने विकास कार्यो के संबंध में समीक्षा बैठक

**जन समस्याओं को तत्काल निस्तारण करने के दिये निर्देश**



## खराब पड़ी लाईटों को 15 दिन में ठीक करने के भी दिये निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बुधवार को विद्याधर नगर जोन कार्यालय पर वार्डो के गत वर्ष के विकास कार्यो के संबंध में वार्ड वाईज समीक्षा बैठक ली। 3 घंटे से भी अधिक चली बैठक में महापौर ने एक-एक कर पार्षदों की जन समस्याओं को सुना और संबंधित शाखा के अधिकारियों को समस्याओं के तुरंत निस्तारण के निर्देश दिये। बैठक में चैयरमेन एवं पार्षद एवं जोन उपायुक्त मनोज कुमार वर्मा, एसई नितिन शर्मा सहित जोन के अधिकारी, कर्मचारी, उपायुक्त पशु प्रबंधन, उपायुक्त गैराज सहित संबंधित शाखा के अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन मौजूद रहे।

करीब तीन घंटे से भी अधिक चली बैठक में महापौर ने वार्डो में खराब लाईटों को ठीक करने, नई लाईट लगवाने, सड़कों पर पेचवर्क करने, गडढे भरने, आवारा पशुओं के संबंध में कार्यवाही करने, अवैध एवं अस्थाई अतिक्रमणों को हटवाने, खुले पड़े चैंबर एवं नालों की सफाई, सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नाला सफाई, पेड़ों की कटाई छटाई सहित अन्य बिन्दुओं पर वार्डवार पार्षदों के साथ विस्तृत चर्चा की तथा संबंधित शाखा के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

महापौर ने गत 4 वर्षो में हुये कार्यो की समीक्षा की। गौरतलब है कि महापौर ने गत दिनों मुरलीपुरा जोन कार्यालय में भी जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुन तत्काल समाधान के निर्देश दिये थे। महापौर ने कहा कि सबका साथ सबका विकास और सबके प्रयासों के साथ कार्य किये जायेगे आमजन को हर संभव आधारभूत सुविधा दी जाये इसके लिये धरातल पर कार्य किया जायेगा।

# 'फॉरगॉटन स्टोरीज' का रेरा अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**डेल्फिक ने करवाया स्कूली बच्चों को कला-शिल्प से रूबरू**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण की अध्यक्ष वीनू गुप्ता ने बुधवार को डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान और एमजीडी गर्ल्स स्कूल डेल्फिक क्लब द्वारा एमजीडी प्रांगण में आयोजित क्राफ्ट डेमोंस्ट्रेशन, 'फॉरगॉटन स्टोरीज' का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम सैंकड़ों स्कूली छात्राओं को राजस्थानी संस्कृति और कला से रूबरू करवाने का माध्यम बना। प्रदर्शनी में विख्यात शिल्पकारों ने छात्राओं के समक्ष अपनी कला का प्रदर्शन किया। विभिन्न शिल्पकलाओं के माध्यम से राजस्थान के बेहतरीन शिल्प-समृद्ध इतिहास को दर्शाया गया।

कार्यक्रम में राज्य पुरस्कार विजेता सुनील प्रजापति द्वारा राजस्थान की सुप्रसिद्ध मूर्तिकला का, राजेश भट्ट एवं परिवार द्वारा कठपुतली कला, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार रामस्वरूप जांगिड़ द्वारा तारकशी कला का प्रदर्शन किया गया। छात्राओं ने मूर्ति निर्माण कला, कठपुतली बनाने और इसे अपने हाथों की उँगलियों पर नचाने की कला के साथ साथ तारकशी कला को भी करीब से जाना। इसी प्रकार वरिष्ठ कैलीग्राफी मास्टर हरिशंकर बालोठिया की कैलीग्राफी की कला में छात्राओं की विशेष रूचि देखने को मिली। सुन्दर और कलात्मक लेखन से संबंधित इस कला को अपने अध्ययन में उपयोग में लेने की रूचि छात्राओं ने जाहिर की। वीनू गुप्ता ने प्रदर्शनी का जायजा लिया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य अर्चना मनकोटिया भी उनके साथ रही। उन्होंने विभिन्न कलाओं के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर कलाकारों का सम्मान भी किया। इस कार्यक्रम का आयोजन लोकधुनी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में डेल्फिक कॉउंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य शिप्रा शर्मा, कीर्ति शर्मा, मनीषा गुलियानी, शबाना डागर, मुदित तिवारी व नवीन त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार विशेष योग्यजनों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्धः अविनाश गहलोत

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने ली राज्य दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड की बैठक, दिए जरूरी दिशा-निर्देश**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार विशेष योग्यजनों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। राज्य सरकार विशेष योग्यजनों के पुनर्वास और उन्हें आधारभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रभावी कदम उठाएगी। गहलोत ने बुधवार को अंबेडकर भवन के सभागार में राज्य दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने विशेष योग्यजनों की सुविधा के लिए चिकित्सा विभाग को पंचायत समिति, जिला स्तर पर कैंप लगाकर कम से कम समय में यूडीआईडी कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुगम्य भारत अभियान के तहत प्रदेश भर में निर्माणाधीन राजकीय भवनों, गैर सरकारी संस्थानों, सार्वजनिक और धार्मिक स्थानों को विशेष योग्यजन के लिए सुगम्य और बाधारहित बनाने के भी निर्देश दिए।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने सीएसआर फंड के माध्यम से विशेष योग्यजनों के कल्याण के लिए जिला स्तर की औद्योगिक इकाइयों को प्रपोजल भेजने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से बड़े उद्योगों के सीएसआर फंड को योग्यजनों के कल्याण के कार्यों में लगाया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका ने बैठक में आए संबंधित विभागों के अधिकारियों को विशेष योग्यजनों के कल्याण के लिए जारी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव विशेष योग्यजन एच गुईटे ने सिलिकोसिस बीमारी से संबंधित आंकड़ों का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया। साथ ही न्यूमोकोनियोसिस नीति के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभों को भी साझा किया।

बैठक में सिलिकोसिस योजना की मॉनिटरिंग और पुनर्वास, स्वावलम्बन पोर्टल पर यूडीआईडी या दिव्यांगता प्रमाण पत्रों के दिव्यांगता प्रमाणीकरण के संबंध में चिकित्सा विभाग से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त सुगम्य भारत अभियान में जिलों से प्रस्ताव मंगवाने और विशेष योग्यजन विभाग के जिला कार्यालय बनाये जाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में विशेष योग्यजनों के लिए संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विभिन्न हितधारक विभागों से समन्वय स्थापित किये जाने की भी चर्चा की गई। इस दौरान चिकित्सा, शहरी विकास, स्कूल शिक्षा, परिवहन, महिला एवं बाल विकास, साक्षरता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, डीओपी, पंचायतीराज, श्रम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं प्रदेश भर की प्रमुख गैर स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# नगर निगम की टीम ने कार्यवाही कर दो केन्टर सामान किया जब्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में जयपुर विकास प्राधिकरण के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए लालकोठी सब्जी मण्डी एवं सहकार मार्ग से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 2 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में जयपुर विकास प्राधिकरण के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए लालकोठी सब्जी मण्डी एवं सहकार मार्ग से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# जेडीए ने 32 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी को किया पूर्णतः ध्वस्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण जोन-13 में निजी खातेदारी करीब 32 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त किया गया। जोन-03 में लालकोठी योजना में लक्ष्मी मंदिर से सहकार मार्ग व अण्डरपास के आस-पास दोनो तरफ रोड़ सीमाओं को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सामरिया रोड़, जिला जयपुर में करीब 32 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "नरेन्द्र मोहन नगर" के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल व सीमेन्ट के ब्लॉक की सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

**सहकार मार्ग व अण्डरपास के आस-पास रोड़ सीमाओं को कराया अतिक्रमण मुक्त**



जेडीए द्वारा जोन-03 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित लालकोठी योजना में लक्ष्मी मंदिर से सहकार मार्ग, अण्डरपास सब्जीमण्डी के आस-पास करीब 60 स्थानों पर दोनों तरफ रोड़ सीमा व फुटपाथ पर थड़ी-ठेलें, बांस तम्बू, तिरपाल, टेबल, कुर्सियां लगाकर कब्जें-अतिक्रमण कर रखे थे। जिससे यातायात आवागमन में आमजन को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था एवं सौन्दर्यकरण को नुकसान पहुँचाया जा रहा था। उक्त किये गये अतिक्रमणों को नगर निगम एवं जेडीए के सामूहिक अभियान के तहत आज जोन-03 के राजस्व व तकनीकी स्टाफ एवं प्रवर्तन दस्तें व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। आवागमन को सुगम किया गया।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13, 03 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 25 आज तक कुल 408 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# मुख्यमंत्री आयुष्यमान आरोग्य शिविरों में बड़ी संख्या में आमजन हो रहे लाभान्वित

**सीएचसी माधोराजपुरा में आयोजित हुए शिविर में 375 रोगियों को मिला स्वास्थ्य लाभ**

## महावीर कैंसर अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 71 मरीजों की स्क्रीनिंग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जिले में आयुष्यमान आरोग्य शिविरों में आमजन को बड़ी संख्या में लाभ मिल रहा है। बुधवार को सीएचसी माधोराजपुरा में आयोजित हुए शिविर में विभिन्न रोगियों को उपचार का लाभ मिला है। इसमे महावीर कैंसर अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कैंसर की निःशुल्क स्क्रीनिंग सहित चर्म रोग, दंत रोग व शिशु रोग की सेवाएं दी गई। कैंसर वैन द्वारा 71 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि शिविर में 375 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इसमे 207 पुरुष व 168 महिला मरीज शामिल रहे। महावीर कैंसर अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 71 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। शिविर में मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के लाभार्थियों की ईकेवाईसी की गई और कार्ड वितरित किए गए। साथ ही शिविर में 18 लाभार्थियों को आभा आईडी कार्ड प्रिंट कर दिए गए। साथ ही 16 लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया गया।

कैम्प में 15 महिलाओं की एएनसी जांच की गई और 5 महिलाओं के टीकाकरण किया गया। इसके अलावा 15 पुरुषों व 10 महिलाओं की शुगर की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 3 पुरुष व 4 महिलाओं में मधुमेह की पुष्टि हुई। इसी प्रकार 15 पुरुषों व 10 महिलाओं के ब्लड प्रेशर की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 2 पुरुष व 3 महिलाओं में ब्लड प्रेशर पाया गया। इन सभी को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

शिविर में 30 महिलाओं व 5 पुरुषों के ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। इसी प्रकार दांतों की बीमारी की स्क्रीनिंग में 7 पुरुषों व 3 महिलाओं को चिकित्सा दी गई। शिविर में ब्रेस्ट कैंसर, सवाईकल कैंसर, टीबी व नाक कान गले के रोगों की स्क्रीनिंग भी की गई।



## कान्हा जी फाउंडेशन ने बांटे स्वेटर और जुराब

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** कान्हा जी फाउंडेशन द्वारा आर्थिक दृष्टि से कमजोर विद्यार्थियों को एक समान स्कूल आने के लिए के 115 बच्चों को स्वेटर और जुराबे दी गई। इस कार्यक्रम में वर्षा मुलानी ने बताया पूर्व प्रिंसिपल मंजू पारीक रंजना शर्मा, रितिका पारीक, सुमन ब्याडवाल, उर्मिला जांगिड़, रेखा सृष्टि, हितेश आडवाणी, हिमांशु शर्मा, गुल सजनानी, पूजा लालवानी, गोरी ढींगरा, अमिता गुप्ता, हेमलता पारीक, मनु शर्मा, आभा आदि वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।



## एनएसएस का सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** नाथद्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रंजना शर्मा ने बताया कि शिविर में महाविद्यालय की ओर से गोद लिए गए गांव पलाना कला में आरंभ हुआ। उदघाटन कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पालना कलां के संस्था प्रधान कमलेश मालानी, ग्राम सरपंच नीतू जैन, वरिष्ठ अध्यापक देवनारायण वीरवार ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था प्रधान कमलेश मालानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य केवल प्रमाण पत्र प्राप्त कर लेना ही नहीं है अपितु इसके साथ ही साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों की सेवा करना भी प्रमुख कार्य है। इस अवसर पर ग्राम सरपंच नीतू जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयंसेवक सेवा कार्य के लिए ही समर्पित होते हैं अत: उन्हें भी इस प्रकार के कार्यों को करते हुए अपना असीम योगदान राष्ट्र की उन्नति में प्रदान करना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ व्याख्याता देवनारायण वीरवार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यों में भी विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न प्रकल्प पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का उत्तरदायित्व प्रभावकारी होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ रंजना शर्मा ने बताया कि सेवा योजना में कुल 90 स्वयंसेवक इस शिविर में भाग ले रहे हैं।

## कॅरियर संस्थान राजसमन्द ने सेवा प्रकल्प के तहत जरूरतमंदों में कपड़े वितरित किए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमन्द।** ठंड से बचने के लिए गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राजस्थान की यूथ आइकॉन पैडवूमन भावना पालीवाल के कपड़ा बैंक ने कॅरियर संस्थान राजसमन्द और नेहरु युवा केंद्र के सहयोग से बुधवार को राजसमन्द



के पलेवा मंगरी, गडरियावास, गुर्जरों का गुड़ा, गेला, उमरिया की भागल, गोवालिया, पुठोल रीको एरिया के पीछे,जरूरतमंदों को नए कम्बल एवं गर्म कपड़े का वितरण अलग अलग स्थानों में जाकर किया। कॅरियर संस्थान राजसमन्द के सचिव निलेश पालीवाल ने बताया की ग्रामीण क्षेत्रों में, कच्ची बस्तियों में, दूर दराज के इलाको में जहां निर्धन, असहाय, विक्षिप्त, एवं जरूरतमंद लोग खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे है, ऐसे लोगों को ठंड से बचने के लिए कपडा और कम्बल का वितरण का कार्य नवम्बर माह से जारी है। कॅरियर संस्थान राजसमन्द ने कपड़ा बैंक के माध्यम से नवम्बर माह में वितरण कार्य शुरू किया था जो राजसमन्द, नाथद्वारा, रेलमगरा, भीम, देवगढ़, कुम्भलगढ़, आमेट के कई इलाको में कपडा बैंक के वेन पहुंची और सेवा कार्य करने का कार्य किया। इस बार संस्था द्वारा लगभग दो हजार से अधिक जरूरतमंदों लोगों को कम्बल, तीन हजार पांच से से अधिक जरूरतमंदों को गर्म कपड़े का और कई बच्चो को स्वेटर वितरण करने का कार्य सेवा प्रकल्प के तहत किया जा चुका है। सामाजिक कार्यकर्ता भावना पालीवाल ने बताया की जरूरतमंदों की सेवा, सहायता ही सर्वोपरि धर्म है सेवा के भावों को अंगीकार करते हुए समाज को अनुकरणीय दिशा दी जा सकती है। एक-दूसरे के प्रति प्रेमभाव से सामाजिक एकता, शांति और भाईचारे का आधार बनता है। संस्थान के कार्य के लिए संरक्षक महेश पालीवाल, देवगढ़ प्रभारी भूपेंद्र परिहार, उपाध्यक्ष गुंजन शर्मा, राजसमन्द प्रभारी मीनल पालीवाल, भीम प्रभारी प्रवीण सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष अवंतिका शर्मा, शशिकांत जोशी, भावना सुखवाल, कुम्भलगढ़ प्रभारी गोकुल सेनी, आमेट प्रभारी विजय लक्ष्मी धाभाई, हंसा वैष्णव, दिलखुश सेन, सुमन, आशा, किरण गोस्वामी, अरीना बानो, वेदही परिहार, रिद्धिमा चौहान, निकिता वैष्णव सनी सिंह सहित कई लोगों की ओर से वितरण के लिए मदद की जा रही है।

## अलवर में रामभक्तों ने निकाली ध्वज यात्रा अनेकों मंदिरों में भण्डारे हुए

**अलवर।** अयोध्या में श्रीरामजी की प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूरा होने पर अलवर शहर में बुधवार को राम भक्तों ने ध्वज यात्रा निकाली। जिसमें सैकड़ों भक्ता गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते निकले। साधु वेष में कलाकारों ने कला का प्रदर्शन किया। मुंह से आग के गोले उगलते निकालते हुए कलाकार आकर्षण बने रहे। इधर शहर में अनेको स्थानो पर इस मौके पर भंडारों का आयोजन किया गया इसी कडी में भूरा सिद्व स्थित राम सुमरिन परिवार द्वारा भव्य भण्डारें का आयोजन किया गया। अलवर शहर के 60 फुट रोड स्थित राठ इंटरनेशनल स्कूल से व्यापार मंडल की तरफ से भगवा ध्वज यात्रा निकाली गई। पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल ने कहा कि भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर एक साल पहले भी शहरवासियों ने ध्वज यात्रा निकली थी। अब भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को एक साल पूरा होने पर व्यापार मंडल की ओर से ध्वज यात्रा निकाली है। जिसमें शहर व आसपास के लोग शामिल हुए हैं।

# ड्रग तस्करों की गुप्त सूचनाएं देकर आदर्श नागरिक का कर्तव्य निभाएं: डॉ.अशोक

### हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का ड्रग्स के विरुद्ध एक निर्णायक युद्ध



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पंचकूला हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार के नेतृत्व में हरियाणा में ड्रग्स के विरुद्ध एक निर्णायक युद्ध चला हुआ है।

नशा तस्करों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5870 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुँचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3331 अभियोग अंकित कर 5094 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है।

इसके साथ कोई नया व्यक्ति इस नशे की दलदल में न फंसे इसके लिए भी अलग से व्यवस्था की गयी है और वह है नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम। ब्यूरो द्वारा पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को जागरूकता कार्यक्रम के लिए नियुक्त किया गया है। वे उच्चाधिकारियों के आदेश से गांव गांव तक साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए पहुँच रहें हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पंचकूला में एक दिवसीय नशा के विरुद्ध जागरूकता कार्यकम आयोजित किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि नशा मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छा होता तो सबसे पहले माता अपने बच्चे को नशा देकर कहती ले खा ले मेरे बच्चा। यदि नशा मनुष्य के लिए अच्छा होता तो पिता कहता ले थोड़ी सी पी ले क्यों करता है चिंता अपना जीवन जी ले। नशे के प्रकार और उनके मनुष्य के मस्तिष्क और स्वास्थ्य पर प्रभाव का वर्णन करते हुए कहा कि प्रतिबंधित नशों में अफीम चरस स्मैक चिट्टा आदि अनेक नशे हैं जो तन मन धन का हनन करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को एक सजग नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि प्रदेश और देश को नशा मुक्त बनाया जाए। ड्रग तस्करों की गुप्त सूचनाएं ब्यूरो के नंबर 9050891508 अथवा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र की वेबसाइट अथवा 1933 पर दी जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी।

## सुबह निकली धूप दोपहर को आसमान में छाए बादल

**सादुलपुर।** बुधवार सुबह जहां धूप निकली वहीं जिले के सादुलपुर उपखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में हल्के पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से दोपहर में आसमान में बादल छाए लेकिन बारिश नहीं हुई दो दिनों से अंचल में निकल रही तीखी धूप से राहत मिली मौसम विभाग आईएमडी के अनुसार राज्य के शेखावाटी संभाग सहित पूर्वोत्तर में बुधवार एवं गुरुवार को भी बादलवाही एवं हल्की बारिश बूंदाबांदी की संभावना बनी रहेगी।

## यूरोलॉजिस्ट डॉ.उमराव सिंह कुल्हरी का किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के निकटवर्ती जिला झुंझुनू आरुणि अस्पताल में स्टेनली मेडिकल कॉलेज चेन्नई के पूर्व चिकित्सक व गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. उमरार्वा संह का स्वागत किया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील पूनिया ने बताया कि अस्पताल में अब नियमित यूरॉलोजी सुपर स्पेशिएलिटी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी अस्पताल में ईसीएचएस आरजीएस, चिरंजीवी में इलाज उपलब्ध हैं मरीजों के लिए अत्याधुनिक ट्रोमा सेंटर, आईसीयू व लेजर मशीन द्वारा पथरी का ऑपरेशन, मॉड्यूलर ओटी में घुटने व कूल्हे का जोड़ प्रत्यारोपण, क्रिटिकल यूनिट स्पाइरोमैट्री द्वारा अस्थमा-जांच की सुविधा सभी विभागों में ओपीडी व इनडोर सेवाएं नियमित उपलब्ध हैं।

# कलक्टर के निर्देश पर पहुंची सरकारी मदद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमन्द।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा निरंतर समाज के निर्धन तबके के संरक्षण और सहायता की दिशा में प्रयासरत हैं।



जहां एक ओर जिले में पालनहार विशेष अभियान तथा प्रोजेक्ट श्रम संबल जैसे अभियानों से निर्धन और जरूरतमंद तबकों को लाभ मिला है, तो वहीं प्रशासन की ओर से व्यक्तिगत सहायता के प्रकल्प भी जारी हैं। जिले के ओलानाखेड़ा में पति के आकस्मिक निधन के बाद चार माह से भरण पोषण को लेकर तरस रही एक विधवा महिला का प्रकरण संज्ञान में आते ही जिला कलक्टर के निर्देश पर प्रशासन ने त्वरित राहत प्रदान की है। जिला कलक्टर को ओलानाखेड़ा निवासी सोहनीदेवी भील की पीड़ा के संबंध में ज्ञापन प्राप्त हुआ था। जिसमें बताया गया था कि 10 सितंबर को उसके पति का आकस्मिक बीमारी से निधन हो गया है, उसके दो बेटे और दो बेटियां है तथा परिवार का खर्चा चला पाना मुश्किल हो रहा है। शिकायत मिलते ही कलक्टर असावा ने आमेट विकास अधिकारी को महिला के घर जाकर उसका हालचाल पूछकर पात्रता अनुसार अधिकाधिक योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए थे। असावा के निर्देश पर आमेट विकास अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी सोहनी देवी के घर पहुंचे। महिला का हाथों-हाथ मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर मास्टरोल में नाम दर्ज कर उसे रोजगार प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभान्वित करने की दृष्टि से आवास प्लान-2024 में नाम शामिल किया गया। विधवा पेंशन योजना के तहत पेंशन स्वीकृति आदेश हाथों-हाथ जारी किया गया। इसके साथ ही पालनहार योजना में उसके बच्चों को जोड़ते हुए प्रतिमाह आर्थिक सहायता सुनिश्चित की।

# कानून व्यवस्था और ट्रैफिक संचालन दुरुस्त करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे : राजेश सीआई सिहाग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था में सुधार तथा ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। यह बात राजगढ़ के नव नियुक्त थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बुधवार शाम को कहीं। राजगढ़ थाना क्षेत्र सीएलजी तथा शांति समिति की बैठक एसपी किशोरी लाल मीणा के अध्यक्षता में हुई, जिसमें नगर पालिका के नवनियुक्त राकेश कुमार अरोड़ा भी उपस्थित थे। सीआई सिहाग ने कहा कि उन्होंने पूरे शहर का दौरा किया है, ट्रैफिक अव्यवस्था उनके सामने आई है जिसके लिए दुकानदारों और नागरिकों को सहयोग करना होगा। यदि वह स्वेच्छा से सहयोग नहीं करते हैं तो फिर नगर पालिका के साथ मिलकर पुलिस एक्शन लेगी



और दुकानों के आगे के अतिक्रमण को हटाकर व्यवस्था को दुरुस्त करवाएगी। उन्होंने कहा कि अन्य आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए उन्होंने कदम उठाने शुरू कर दिए है और निश्चित ही इसका लाभ आम जनता को मिलेगा। बैठक में उपस्थित ईओ राकेश अरोड़ा ने माना कि नगर पालिका से संबंधित व्यवस्थाएं खराब है और शहर की की हालत बदतर हैं। उन्होंने दो रोज पहले ही कार्यभार संभाला है तथा कार्यवाही आरंभ कर दी है। मुख्य मार्गों की गंदे पानी भराव की समस्या का निदान किया जाएगा। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट का कार्य भी दुरुस्त करवाया जा रहा है। कार्यभार संभालते ही उन्होंने हालातो का जायजा ले लिया है और दो सप्ताह के अंदर वह निश्चित काफी सुधार करवा देंगे। यह भी बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्हें 34 अस्थाई सफाई कर्मी अनुपस्थित मिले उसके लिए ठेकेदार को नोटिस दिया गया है। बैठक में बस निजी बस आपरेटर यूनियन के निहाल सिंह, संयुक्त व्यापार समिति के अध्यक्ष पवन मोहता, भाजपा महिला मोर्चा की नीलम पूनियां सहित श्यामलाल सोनी, मनीषा शांडिल्य, यासीन खां पीटीआई, सुमेर सिंह गुलपुरा, वरिष्ठ पत्रकार श्याम जैन, मकसूद चिश्ती, पवन पूनियां आदि ने विभिन्न समस्याओं को उठाया। उल्लेखित बिंदुओं में रात्रि के समय देर रात तक बजने वाले डीजे एवं आवारा बाइकर्स पर नियंत्रण किए जाने, सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त रखे जाने, रात्रिकालीन गश्त बढ़ाए जाने, दिन में मुख्य बाजार में चौपाहियां वाहनों एंट्री पर रोक लगाई जाने जैसे बिंदु शामिल रहे।



# श्री पूर्णमल लाटा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कृत्रिम अंग लगाने के लिए दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** श्री पूर्णमल लाटा चेरिटेबल ट्रस्ट एवं महावीर सेवा समिति द्वारा गांव ढाणी सहारणो वाली में कृत्रिम अंग लगाने हेतु दो दिवसीय दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन हुआ।शिविर में चयनितो को फरवरी में आयोजित होने वाले शिविर में कृत्रिम अंग लगाये जाएँगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अमित चाचाण ने दिव्यांगो की सेवा को सर्वोपरि बताते हुए लाटा ट्रस्ट एवं महावीर सेवा समिति कोलकाता का आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा कि अपनी जन्मभूमि के लिए प्रवासियों का हृदय हमेशा खुला रहता है तथा समय समय पर इस प्रकार के आयोजन इनके सहयोग से सम्पन्न होते है जिससे जरूरतमंद को लाभ मिलता है। पूर्व मदरसा बोर्ड अध्यक्षा मेहरुन्निशा टाक ने भी इस सराहनीय कार्य के लिए लाटा परिवार की प्रशंसा की। इस अवसर पर पुलिस उपाधिक्षक ईश्वर सिंह ,तहसीलदार बजरंग लाल ,नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी बसंत सेनी थानाधिकारी ईश्वरानंद शर्मा ,गोशाला अध्यक्ष एड. बाबूलाल चाचान ,नोहर रिलीफ सोसाइटी से ओम प्रकाश चौधरी , विकलांग सेवा समिति के अध्यक्ष कालूराम ,डॉ .महेश शर्मा सरपंच प्रतिनिधि अमर सिंह सहू उपस्थित रहे। अतिथियों ने कृत्रिम अंग लगाने के इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।अतिथियों ने श्री लाटा ट्रस्ट द्वारा गांव में मुख्य द्वार,धर्मशाला,सडक़,स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था , पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ लगा कर गर्मी में उनमें नियमित पानी डलवाना तथा गांव के हर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की परम्परा को प्रेरक बताया। लाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रदीप लाटा एवं गोपाल लाटा ने बताया इस शिविर हेतु अभी तक चार सौ से अधिक दिव्यांग पंजीकृत किए जा चुके है जिन्हें इस जांच शिविर के माध्यम से आगामी फरवरी माह में आयोजित होने वाले कृत्रिम अंग हेतु चयनित किए जाएंगे। चयनितो को महावीर सेवा समिति की विशेषज्ञ टीम द्वारा कृत्रिम अंग लगाए जायेगे।इस अवसर पर आयोजित बॉडी चेकअप हेतु डॉ. पवन कस्वा ने करीब एक सौ लोगों का निःशुल्क जाँच की ।ग्रामीण सेवा समिति ढाणी सहारना वाली एवं नोहर रिलीफ सोसाइटी ने व्यवस्थाओं को संभाला।इस मौके पर मोहन शर्मा, डालचंद छींपा,बजरंग शास्त्री, गौरव पारीक,जयपाल सहारण, मुरलीधर छींपा, रामस्वरूप सहारण, कृष्ण सहारण,राम रतन गोस्वामी,श्याम लाल शर्मा,भूप राम सहारण आदि ने भी दिव्यांग जनों के सहयोग हेतु सेवा प्रदान की वही ट्रस्ट द्वारा नोहर के शिवाजी बस स्टेंड से दिव्यांग जनों को शिविर स्थल तक निःशुल्क लाने एवं ले जाने सहित भोजन की व्यवस्था भी रखी गई है। कार्यक्रम का शानदार मंच संचालन कृष्ण लाल सहारण ने किया।



## स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

### गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल के रक्त केंद्र में 11 बजे लगेगा अगला रक्तदान शिविर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** कुरुक्षेत्र स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर नए बस अड्डे कुरुक्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर हरियाणा राज्य परिवहन के महाप्रबंधक शेर सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता शतकवीर पर्यावरण प्रहरी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में यातायात प्रबंधक पवन कुमार और प्रयास फाउंडेशन के प्रधान एवं रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष नरेश सैनी मुख्य रूप से पधारे हुए थे जबकि परिवहन कुरुक्षेत्र से आशुलिपिक आशीष गहलौत विशिष्ट अतिथि रहे। स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा और सेवाभावी रमेश चंद ने शिविर के संचालन में विशेष सहयोग किया। शिविर में सतीश सैनी ने 52 वीं बार और नवीन वर्मा ने 36 वीं बार रक्तदान किया। मुख्यातिथि पवन कुमार और नरेश सैनी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। शिविर संयोजक पुलिस डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों एवं रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर रक्तदान करने वाले युवा बधाई के पात्र हैं। महानायक सुभाष चंद्र बोस ने नारा दिया था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आज़ादी दूंगा। आज देश स्वतंत्र है। आज रक्त उन लोगों के लिए दान देना चाहिए जो किसी व्याधि से पीड़ित हैं अथवा जिनका उपचार होना है। इसके लिए कुछ अलग से नहीं करना केवल थोड़ा सा रक्तदान करना है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के रक्त केंद्र में प्रात: 11 बजे से 1 बजे के मध्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमे कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। नागरिक अस्पताल करनाल के क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा की अध्यक्षता में रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में सतीश सैनी, नवीन वर्मा, मोहन लाल सहित 26 युवाओं ने रक्तदान किया।

## समीक्षा बैठक में कलक्टर ने दिए दिशा-निर्देश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमन्द।** जल जीवन मिशन में शीघ्र से शीघ्र लक्ष्य अर्जित कर ग्रामीण क्षेत्र के समस्त घरों में नल से जल पहुंचाना सुनिश्चित करें, साथ ही जलापूर्ति संबंधी सभी पेंडिंग कार्य समय पर पूर्ण करें। ये निर्देश बुधवार को जिला कलक्टर ने दिए। वे जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अधीक्षण अभियंता लोकेश सैनी ने घरों में नल से जल की स्थिति, ब्लॉक लेवल प्रोग्रेस, टाइम ओवर रन स्कीम आदि के बारे में बताया। इसके साथ ही राजकीय विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायत कार्यालयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में नल कनेक्शन की समीक्षा की गई। कलक्टर ने शेष संस्थाओं में सर्वे करते हुए मिशन मोड पर नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि आज भी जिले में कई आंगनवाड़ी केंद्रों में नल कनेक्शन नहीं है, जबकि वहां माताएं और नन्हें बच्चों का आना भी रहता है, ऐसे में आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्राथमिकता पर कनेक्शन दें। अधीक्षण अभियंता ने बताया की जिले में 289 गांवों में शत प्रतिशत नल से जल पहुंच रहा है, शेष गांवों में भी जल जीवन मिशन के तहत कार्य जारी हैं। कलक्टर ने बैठक में जाखम बांध आधारित वृहद पेयजल परियोजना, बेड़च का नाका संबंधी कार्य, चम्बल परियोजना संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिशाषी अभियंता परियोजना मांडलगढ़ रामप्रसाद जाट, एक्सइएन दीपक सिंघल, मनीष जैन, धर्मराज बैरवा, एइएन लोकेश वर्मा, लीलन गुर्जर, आकाश शर्मा, तन्मय शर्मा, सहयोग इकाई शुभं बगोरा, जिला स्वच्छता समन्वयक नानालाल साल्वी, भूजल वैज्ञानिक संदीप जैन आदि उपस्थित रहे। शिकायतों पर समय पर हो समाधान- जिला कलक्टर ने कहा कि आगामी ग्रीष्म ऋतु को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारी अभी से अलर्ट मोड पर रहें। लंबित कार्य समय पर पूरे होंगे तो गर्मी में लोगों को फायदा मिलेगा। कलक्टर ने कहा कि जिन इलाकों में गत वर्ष गर्मी के समय अधिक समस्या आई है वहां विशेष तौर पर फोकस करते हुए समस्या का समाधान अभी से कर लें। इसके साथ ही कलक्टर ने नल-जल मित्र, विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। स्वच्छता को लेकर गतिविधियों की भी समीक्षा ज़िला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण नानालाल सालवी की ओर से मॉडल ओडीएफ प्लस, वेरिफिकेशन, पिंक टॉयलेट, गोबरधन, बीएसआर दरों के टेंडर, स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की प्रगति की जानकारी दी एवं ज़िला कलक्टर के स्वछता नवाचार के तहत 28,29 जनवरी को होने वाले विशाल सफाई अभियान एवं एआईपी 2025-26 की जानकारी दी गई।

## शहर कोतवाल नारायण सिंह ने बाबा गंगाराम धाम में किए दर्शन, मंदिर की व्यवस्था की सराहना

**झुंझुनूं।** शहर कोतवाल नारायण सिंह, जिन्होंने हाल ही में कोतवाली झुंझुनूं में अपने पद का कार्यभार संभाला है, ने बाबा गंगाराम धाम श्री पंचदेव मंदिर में दर्शन किए। इस पावन अवसर पर उन्होंने मंदिर की महिमा और इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। मंदिर के ट्रस्टी अनिल कुमार मोदी ने नारायण सिंह का स्वागत करते हुए उन्हें दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया और बाबा गंगाराम का साहित्य भेंट स्वरूप प्रदान किया। नारायण सिंह ने मंदिर की सुव्यवस्थित व्यवस्था और यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक स्थल न केवल आस्था का केंद्र हैं, बल्कि समाज में शांति और समरसता का संदेश भी देते हैं। इस दौरान मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य और श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय कब मास्टर फ्लॉक लीडर बेसिक शिविर प्रारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में साथ दिवसीय कब मास्टर फ्लॉक लीडर बेसिक शिविर ब्लॉक मुख्यालय राजकीय प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला रैगरपुरा प्रभात सिनेमा के पास अतिरिक्त जिला शिक्षा



अधिकारी प्रारंभिक प्रमोद आबूसारिया, पूर्व संस्थापन अधिकारी पंजीयन शिक्षा विभाग बीकानेर एवं जिला ऑर्गेनाइजर प्रदीप ईशरवाल की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। शिविर ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए एडीईओ प्रमोद आबूसरिया ने कहा कि स्काउट के माध्यम से व्यक्ति का चहुंमुखी विकास होता है। प्रत्येक व्यक्ति किसी ने किसी विशेष प्रतिभा का धनी होता है। स्काउट के माध्यम से उन सभी प्रतिभाओं को मंच मिलता है। रोवर लीडर नीरज कुमार ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर में प्रतिभागियों को स्काउट प्रार्थना, ध्वज गीत, स्काउट के सिद्धांत, स्काउट नियम, विभिन्न प्रकार की गांठे, शिविर कला, प्राथमिक उपचार सहित विभिन्न प्रकार विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर मीरा ईशरवाल, ट्रेनिंग काउंसलर आशीष, रोवर शुभम, रवि कुमार सहित प्रतिभागी मौजूद थे।

## लावरेश्वर मंदिर में शिव महापुराण कथा महोत्सव 31 जनवरी से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से मंदिर के समीप ही चौथमल गोयनका के नोहरे में शिव महापुराण कथा 31 जनवरी से शुरू होगी। मंदिर



के 33वें वार्षिकोत्सव बसंत पंचमी के मौके पर होने वाले इस कार्यक्रम के तहत 31 जनवरी से सात फरवरी तक बालव्यास श्रीकांत शर्मा शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। आयोजन की पूर्व तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसे लेकर बुधवार को मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टीज की बैठक हुई। जिसमें उन्होंने कथा में प्रति दिवस प्रसाद वितरण, भवन में रुकने की एवं भोजन इत्यादि व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इसके अलावा कथा स्थल चौथमल गोयनका के नोहरे का अवलोकन कर आवश्यक साफ सफाई करने, कथा में पांडाल एवं स्टेज डेकोरेशन के लिए डेकोरेटर आशीष श्रीमोहन तुलस्यान एवं टेंट के लिए रामावतार जांगिड़ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर ट्रस्ट के ट्रस्टीज सुरेशचंद्र पंसारी, जयपुर से राजकुमार अग्रवाल, राधेश्याम ढंढारिया, नरेश अग्रवाल, स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत पंसारी, कैलाश अग्रवाल एवं डॉ. डीएन तुलस्यान उपस्थित थे। ट्रस्टीज ने बताया कि शिव महापुराण कथा में भक्तिज्ञान, वैराग्य की त्रिवेणी में अवगाहन होगा। कथा में शिव महिमा एवं शिव प्राकट्य महोत्सव शनिवार एक फरवरी, शिव पार्वती विवाह रविवार दो फरवरी, गणेश जन्मोत्सव सोमवार तीन फरवरी, श्री हनुमान जन्मोत्सव मंगलवार चार फरवरी, शिव लीला एवं शिव चरित्र बुधवार पांच फरवरी, द्वादश ज्योतिर्लिंग महा रुद्राभिषेक कथा गुरुवार छह फरवरी, श्री राणीसती दादी जी का मंगलपाठ शुक्रवार सात फरवरी को मंगलपाठ वाचक रवि तुलस्यान द्वारा किया जाएगा। वहीं रविवार दो फरवरी को बंसत पंचमी के मौके पर महाप्रसाद और लावरेश्वर महादेव प्रभु का रुद्राभिषेक होगा।

## देहरादून में अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में एपीएस स्कूल चिड़ावा ने लहराया परचम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** देहरादून में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में एपीएस स्कूल चिड़ावा के खिलाड़ियों ने परचम लहराते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रिंसिपल सुनिल श्रीवास्तव ने बताया कि देहरादून में चार से छह जनवरी तक आयोजित अंतराष्टीय कराटे प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए एपीएस स्कूल के 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा उसमें से आठ खिलाड़ियों आर्यन कुमावत, पुलकित, वासु सोमरा, विधि शेखावत, सिद्धार्थ सिहाग, दिव्यांशु बलवदा, यश देव ने गोल्ड मैडल जीते।

इसके साथ ही पांच खिलाड़ियों कुणाल चाहर, जेसन, मोहित गढ़वाल, हितेश, दक्ष ने सिल्वर मैडल जीते एवं दो खिलाड़ियों सोनिका सोमरा व लक्की यादव ने ब्रॉन्ज मैडल जीतकर राजस्थान राज्य का गौरव बढ़ाया है। इससे पहले विद्यालय प्रांगण में सभी खिलाड़ियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही इन खिलाड़ियों को कोचिंग देने वाले अंतराष्टीय कोच राकेश सैनी का भी माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

स्कूल के खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि की खुशी में चिड़ावा शहर में विजेता खिलाड़ियों के साथ एक विशाल रैली निकाली गई। जो कि शहर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरती हुई वापस स्कूल पहुंची। प्रिंसिपल श्रीवास्तव ने बताया कि जिन खिलाड़ियों ने गोल्ड मैडल जीते हैं। वो खिलाड़ी मई में होनेवाली वर्ल्ड चैंपियशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता साउथ अफ्रीका में आयोजित होगी। कार्यक्रम में पीआरओ डॉ. जीसी शर्मा, एकेडमिक हैड मनमोहन शर्मा, एचओडी फाउंडेशन धीरज कुमार, एचओडी सैनिक अकैडमी वीरेंद्र पायल, सचिव सैनिक अकेडमी अनिल बराला, सिक्योरिटी ऑफिसर शमशाद खान, विकेश कुमार, विकास सैन, अरविंद कुमार पीटीआई सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद था।

### महिला प्रतिनिधियों एवं प्रतिभाशाली छात्रों के साथ बजट पूर्व संवाद

# महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए राज्य सरकार ने उठाए महत्वपूर्ण कदमः मुख्यमंत्री

## आधी आबादी को उनका हक देने के लिए उठाए प्रभावी कदम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप राज्य सरकार युवा, महिला, किसान, मजदूर के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं उद्यमिता के लिए गत एक वर्ष के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार महिला प्रतिनिधियों के सभी सुझावों पर विचार कर उन्हें बजट में यथासंभव शामिल करेगी।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में महिलाओं एवं प्रतिभाशाली छात्राओं के साथ बजट पूर्व संवाद में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो परिवार भी सशक्त होता है। सशक्त समाज बनता है और एक अच्छे राष्ट्र का विकास होता है। हमारी सरकार पहले ही दिन से इसी सोच के साथ काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। लाडो प्रोत्साहन योजना शुरू कर बालिका के जन्म से लेकर उच्च शिक्षा हासिल करने तक उन्हें 7 किश्तों में 1 लाख रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। करीब 33 करोड़ रुपये की पहली किश्त लाभार्थियों को मिल चुकी है। इस साल मार्च तक 3 लाख बालिकाओं को योजना का लाभ पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत बैंकों के माध्यम से




महिलाओं को आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। कालीबाई भील महिला संबल शिक्षा सेतु योजना से 58 हजार से अधिक बालिकाओं को निशुल्क माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा हासिल करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के माध्यम से 85 हजार महिलाओं एवं बालिकाओं को रोजगारमूलक, डिजिटल कौशल एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया गया है। कालीबाई भील उड़ान योजना के जरिये 1 करोड़ 22 लाख से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को नि:शुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके सम्मान की दिशा में भी सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्रों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार महिलाओं और बालिकाओं को परामर्श सेवाएं प्रदान की गई हैं। राज्य के 246 पुलिस सर्कल थानों में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र और 37 वन स्टॉप सखी केंद्रों के माध्यम से 40 हजार महिलाओं को परामर्श दिया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 4 हजार से अधिक जोड़ों को साढ़े दस करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के लिए शारीरिक एवं मानसिक प्रशिक्षण, ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, ड्राइविंग प्रशिक्षण एवं करियर काउंसलिंग जैसे जरूरी प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 10 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों पर 1 लाख 37 हजार से अधिक पौधरोपण किया गया है। 40 हजार से अधिक बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाकर इस योजना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है। हाल ही में उदयपुर में आयोजित चिंतन शिविर में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस पहल को पूरे देश में बेस्ट प्रैक्टिस के तौर पर चिन्हित किया है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत प्रथम संतान के जन्म के समय दी जाने वाली राशि 5 हजार से बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये कर दी है। इस योजना में दिव्यांग गर्भवती महिला को 10 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। इस योजना में केन्द्र सरकार दूसरी संतान बालिका होने पर 6 हजार रुपये देती है। जबकि राज्य में दूसरी संतान बालक हो या बालिका, दोनों के लिए 6 हजार रुपये की राशि दी जा रही हैं। योजना के तहत 3 लाख 32 हजार लाभार्थियों को भुगतान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 62 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 45 लाख बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को पूरक पोषाहार, शाला पूर्व शिक्षा, टीकाकरण आदि सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। आंगनबाड़ी सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए राज्य मद से एक हजार नए आंगनबाड़ी केंद्र खोले गए हैं। साथ ही 2 हजार 365 आंगनबाड़ी केंद्रों को आदर्श आंगनबाड़ी के रूप में विकसित किया जा रहा हैं। आंगनबाड़ी सुविधाएं विकसित करने के लिए भामाशाहों एवं दानदाताओं को प्रेरित करने के उद्वेश्य से नई सीएसआर पॉलिसी लाई गई है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3 से 6 वर्ष के 17 लाख बच्चों को अतिरिक्त पोषण के रूप में गर्म दूध उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना'' शुरू की गई है।



## नौकर ही निकला व्यापारी के घर लूट का मुख्य आरोपी

**कुचामन सिटी।** नावां में मंगलवार को रात को हुई लूट की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की ओर एक पुलिस टीम का गठन किया। हनुमान प्रसाद (आई.पी.एस.पुलिस अधीक्षक जिला डीडवाना-कुचामन के निर्देशन में व नेमीचन्द खारिया (आर.पी.एस.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामन व अरविन्द विश्नोई वृत्ताधिकारी वृत कुचामनसिटी के निकटतम सुपरविजन में नरेश कुमार हैड कानि. नं.503 के नेतृत्व में टीम ने घटना के आसपास के 20 से ज्यादा सी सी टीवी कैमरे खंगाले और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल हुई।

**घटनाः** प्रार्थी कमलकांत शर्मा पुत्र द्वाका दास जाति ब्राहम्ण उम्र 52 साल निवासी मैन मार्केट, आजाद चौक नावा, पीएस नावा, ने उपस्थित थाना होकर उक्त लिखित रिपोर्ट पेश कि की मैं घर पर बैठा था। रात्रि के करीब 10 बजे के आस पास दो अज्ञात लोग मेरे घर पर आकर मेरे साथ मारपीट कर रस्सी के बाधकर मेरे घर में रखा हुआ सोना चादी के आभुषण व नकदी लूट कर ले गये व मेरे कमरे के बाहर ताला लगाकर चले गये। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण सं. 28/2025 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना स्थल के आस पास सीसीटीवी फुटेज देखे गये एवं लोगो से पुछताछ की गई। घटना स्थल का निरीक्षण उच्च अधिकारियो व एफएसएल टीम द्वारा किया गया। परिवादी के मुनिम मुबारिक खान से विस्तृत पुछताछ की गई जिससे सामने आया कि मुबारिक खान के पिता ने विदेश से करीब 5 लाख रूपये भिजवाये थे जो अपने महगे शौक को पुरा करने के लिए खर्च कर दिये अपने पिता द्वारा रूपये मागने पर इस लूट को अपने साथीयो के साथ मिलकर अजाम दिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तः** कयाममुदीन उर्फ बबलू पुत्र इस्लामुदीन जाति साई मुसलमान उम्र 22 साल निवासी वार्ड नं.16 नावां शहर, पुलिस थाना नावांशहर,लालचंद उर्फ नरेन्द्र पुत्र मालाराम जाति रेगर उम्र 22 साल निवासी डासरोली थाना दातारामगढ जिला सीकर हाल जाल का बालाजी नावांशहर थाना नावांशहर, मुबारक खान उर्फ दोलत पुत्र रमजान खान जाति कायमखानी उम्र 23 साल निवासी वार्ड नं. 16 मजिंद के पास नावांशहर गिरफ्तार बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है।

## सुशीला बिरला गर्ल्स स्कूल कोलकाता के साथ साप्ताहिक स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत विद्यापीठ की छात्राओं का रहा अविस्मरणीय शैक्षिक अनुभव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिलानी।** बिरला बालिका विद्यापीठ की कक्षा छठी तथा सातवीं की 16 छात्राओं ने कोलकाता में सुशीला बिरला गर्ल्स स्कूल के साथ 12 से 20 जनवरी 2025 तक एक साप्ताहिक स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम 'खेल और खिलौना आधारित शिक्षण पद्धति मजेदार शिक्षा' विषय पर केंद्रित था। कार्यक्रम केवल कक्षा में सीखने तक ही सीमित नहीं था। इस दौरान छात्राओं ने न केवल विभिन्न विषयों का अध्ययन किया बल्कि पाक कौशल में चॉकलेट कुकीज बनाना, कला और शिल्प में लकड़ी की गुड़िया बनाना, विभिन्न शास्त्रीय नृत्य और पश्चिमी संगीत और अंग्रेजी में बंगाली संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी हल करने जैसी गतिविधियों में भाग लिया। अपने कोलकाता प्रवास के अंतर्गत छात्राओं ने अलीपुर चिड़ियाघर, विक्टोरिया मेमोरियल, साइंस सिटी, बिरला मंदिर, सेंट पॉल कैथेड्रल चर्च और इको पार्क जैसे सांस्कृतिक स्थलों का दौरा किया। बिरला बालिका विद्यापीठ एक आवासीय विद्यालय है और अपने इस प्रवास के दौरान इन छात्राओं को सुशीला बिड़ला गर्ल्स स्कूल जैसे एक दिवसीय स्कूल का अनुभव छात्राओं के लिए अभूतपूर्व था। इससे पहले नवंबर माह में, सुशीला बिरला गर्ल्स स्कूल की 20 छात्राओं की टीम ने भी बिरला बालिका विद्यापीठ, पिलानी का दौरा किया, जिससे दोनों स्कूलों के बीच परंपराओं को मजबूत करने और आवासीय स्कूल का अनुभव साझा करने का अवसर मिला। बिरला शिक्षण संस्थान के निदेशक मेजर जनरल एसएस नायर (एवीएसएम) ने विद्यालय द्वारा की गई इस अनोखी पहल की सराहना की। उन्होंने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके इस सफल प्रवास पर शुभकामनाएं प्रेषित की। स्कूल मैनेजर डॉ. एम कस्तूरी ने इस एक्सचेंज प्रोग्राम की प्रभारी शिक्षिकाओं डॉ. साथी संपद रॉय और रेनू दुबे को इस सफल शैक्षिक अनुभव के लिए हार्दिक बधाई दी। साथ ही उन्होंने सभी छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन और सीखने की उत्सुकता की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह की उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित किया। प्रभारी प्राचार्या अचला वर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देना और समग्र विकास के अवसर प्रदान करना है। जो न केवल छात्राओं की सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देता है बल्कि उन्हें अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और अपनी क्षमताओं को पहचानने का अवसर भी प्रदान करता है।

## सोनपुर मीडिल स्कूल में रातों रात कब्रिस्तान बनाया, ग्रामीणों में रोष

**अलवर।** मालाखेडा उपखंड के सोनपुर ग्राम के मीडिल स्कूल के प्रांगण में रातो रात गांव के ही एक युवक ने मजार बना कर उसे कब्रिस्तान बना दिया जिसका ग्रामीणों ने भारी विरोध किया है उनका आरोप है कि कुछ लोग शिक्षा के मंदिर को भी नही छोड़ रहे है विवाद बढता देख स्कूल प्रशासन ने मालाखेडा थाना पुलिस को मोके पर बुला लिया।



**क्या है मामलाः** ग्रामीण जनक सिंह ने अपने बयान में बताया कि सोनपुर निवासी दीन मोहम्द ने 17 से 19 जनवरी तक के स्कूली अवकाश में स्कूल की सफाई करने के बहाने प्रधानाध्यापक से स्कूल गेट की चाबी ले ली और इसी दौरान उसने यहां कब्र स्थापित कर दी। जो विवाद का विषय है कुछ लोग षिक्षा के मंदिर को भी विवादों में लाने की चेष्टा कर रहे है इसका हम सब ग्रामीण विरोध करते है यहां स्थापित कब्रों को तुरंत प्रभाव से हटा कर सफाई करवाई जाएं। मामला बिगडते देख स्कूल प्रधानाअध्याक कविता मीणा ने इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी और मालाखेडा थाना पुलिस को मौके पर बुलाया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**इनका कहना है...**

स्कूल में 17 से 19 तक तीन दिन का अवकाष था आज स्कूल खुली तो मेने आकर देखा स्कूल प्रांगण में दीवार बनी हुई है और वहां मजार बनी हुई है जो गैर कानूनी है मैने शक के आधार पर दीन मोहम्मद को बुलाया लेकिन वह नही आया उसने कहा कि मुझे जो करना था कर दिया अब आपकों जो करना है कर लो। मैने इसकी सूचना तुरन्त उच्च अधिकारियों सहित पटवारी,पुलिस थाना और ग्राम सरपंच को देकर एसएमबी की बैठक बुला कर मामलें को उन्हें बताया। पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है एवं जांच कर रही है।

**कविता मीणा प्रधानाध्यापक मीडिल स्कूल सोनपुर मालाखेडा**

मुझे मामले की जानकारी मिलते ही मैं मोके पर पहुंचा षिक्षा के मंदिर में जो हुआ वह नही होना चाहिए प्रषासन को चाहिए इस पर कार्यवाही करते हुए इसे सुधारा जाएं।

**उधाराम सरपंच बन्दीपुरा**

## रेलवे स्टेशन पर विकास समिति ने दी व्हील चेयर की सुविधा

**कुचामन सिटी।** बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की सेवा को ही अपना कर्म मानते हुए कुचामन विकास समिति द्वारा आज कुचामन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा हेतु एक स्टेनलेस स्टील की आरामदायक व्हीलचैयर स्टेशन मास्टर उगमाराम को अन्य रेलवे कर्मचारियों के साथ भेंट की गई। जिसका उपयोग कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति पूर्णतया निशुल्क रेलवे परिसर में कर सकेंगे साथ ही समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश काबरा ने वाणिज्यिक रेल प्रबन्धक जोधपुर को पत्र लिखकर स्टेशन पर जरूरतमंद यात्रियों की सुविधा के लिये ई-रिक्शा चलवाने की अनुमति मांगी है स्वीकृति प्राप्त होने पर समिति द्वारा निशुल्क आधुनिक ई-रिक्शा बेटरी सहित महिलाओं व बुजुर्ग यात्रियों के लिये साधारण रियायती दर पर रेलवे स्टेशन पर उपयोग हेतु उपलब्ध करा दिया जायेगा।

## संविधान भारत और भाजपा दोनों की ही आत्माः झाबर सिंह खर्रा

**अलवर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अलवर पर संविधान गौरव अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवम वक्ता नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा रहे । संविधान गौरव यात्रा संयोजक एडवोकेट शिवलाल मीणा ने बताया कि संविधान गौरव यात्रा का आयोजन 25 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है । मुख्य अतिथि झाबर सिंह खर्रा जी ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने भारत रत्न बाबा साहब के पंच तीर्थ बनाकर बाबा की विरासतों का सम्मान किया। कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब के इतिहास को कुचलने का प्रयास किया। कांग्रेस ने बाबा साहब को 1952 और 1954 के उपचुनाव में हाराने का घोर पाप किया। भाजपा ने अपने शासनकाल में बाबा साहब को भारत रत्न देकर के उनका सम्मान किया साथ ही संसद के सेंट्रल हॉल में तेलिया चित्र लगाने का काम किया पूर्व कैबिनेट मंत्री हेम सिंह भडाना ने कहा कि भारतीय संविधान में भारत की आत्मा बसती है । पंडित धर्मवीर जी ने बताया कि भारत के संविधान के द्वारा हर नागरिक को अपने मौलिक अधिकार और दायित्वों का बोध होता है । पूर्व विधायक जयराम जाटव द्वारा भी बताया गया कि बाबा साहब अंबेडकर के द्वारा बनाया गया संविधान हमारे देश का नागरिक को स्वतंत्रता प्रदान करता है । जिला प्रमुख बालवीर चिल्लर एवं इंद्रजीत सिंह पाटा, सोहनलाल सुलानिया ,पूर्व जिला अध्यक्ष संजय नरूका ,बन्नाराम मीणा ने भी विचार रखें। कार्यक्रम के सह संयोजक सीताराम किराड़ ने सभी का माला एवं दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। सभी का जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता जी द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया कार्यक्रम में गोवर्धन सिंह सिसोदिया, महासिंह चौधरी, देशराज वर्मा, रमन गुलाटी ,हरिओम कटरा, ऋषि राज शर्मा,नरेश धनावत, अभिराम दीक्षित ,रीता सेठी,जितेंद्र शर्मा ,विजय मीणा पूर्व सभापति घनश्याम गुर्जर,सतीश दुहारिया, शेर सिंह मीणा, लक्ष्मी नारायण गुप्ता,सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडलों के संविधान गौरव अभियान के संयोजक और सहसंयोजक सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

## इस्कॉन मंदिर में भूमितल की छत की भराई का हरि भक्तों द्वारा शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शहर के फौज का मोहल्ला में निर्माणाधीन श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि मंदिर (इस्कॉन मंदिर) में भूमितल की छत भराई का कार्य बुधवार से शुरू हो गया। मंदिर प्रांगण में विधि विधान के साथ हरि भक्तों की उपस्थिति में सामूहिक रूप से पूजन किया गया। इस्कॉन मंदिर के हरि भक्त राधा मदनमोहनदास, नवीन कांतिदास, प्रमोद शर्मा प्रभु, सोमवीर प्रभु के साथ-साथ ठेकेदार नितेश राधेश्याम मोरवाल, अनिल ओमप्रकाश मोरवाल, पवन केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, पवन अग्रवाल गुढ़ावाला, अनिल केडिया, डॉ. डीएन तुलस्यान, रुपेश तुलस्यान, वृंदावन से आए अन्य सभी हरि भक्तों की उपस्थिति में अपने अपने हाथों से भूमितल की छत की भराई के लिए बजरी, सीमेंट, रेती एवं कंकरीट का माल मिक्सर मशीन में डालकर शुभारंभ किया। विदित है कि दुनिया के 160 देशों में 800 से अधिक मंदिर और सांस्कृतिक केंद्र स्थापित होने के बाद अब इस्कॉन मंदिर व सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कार्य शेखावाटी के झुंझुनूं में तिवारी की बगीची फौज का मौहल्ला मोदियों की जाव में शेखावाटी के पहले इस्कॉन मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जो कि दस करोड़ की लागत से तीन साल में बनकर तैयार होगा। इस्कॉन मंदिर के हरि भक्त राधा मदनमोहन दास



एवं नवीन कांतिदास ने बताया कि मुट्ठी भर चावल के बदले श्री कृष्ण ने बिना आग्रह ही सुदामा को धन वैभव से परिपूर्ण कर दिया था। अब यह अवसर झुंझुनूं के हरि भक्त भी पा सकते हैं। इसके लिए मंदिर निर्माण में मासिक दान देकर सुदामा सेवक बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक प्रथम चरण का कार्य लगभग पूर्ण किया जा चुका है। द्वितीय चरण निर्माणाधीन है। जिसके लिए सभी उदारमना दानदाता भामाशाहों से सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि नित्य सेवा हर व्यक्ति के लिए निस्वार्थ दान कार्यक्रम है। जो इस्कॉन झुंझुनूं से जुड़े हैं या जुड़ने के इच्छुक है। सभी दान राशि का उपयोग श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि भोग, वैष्णव सेवा, प्रसाद वितरण, प्रचार कार्यक्रम, उत्सव आयोजन, मंदिर की देखभाल एवं मंदिर निर्माण के उपयोग में किया जाएगा।

## मानसिंह श्योराण बने प्रदेश मंत्री

**झुंझुनूं।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन झुंझुनूं की जेपी जानूं राउमावि के खेल मैदान में आयोजित हुआ। दो दिवसीय अधिवेशन में शिक्षा, शिक्षार्थी व शिक्षक विषयों पर मंथन, नामांकन वृद्धि, स्थानान्तरण, केंद्र के समान वेतन पर विचार विमर्श हुआ। सम्मेलन के दूसरे दिन सर्वसम्मति से प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुई। जिसमें चुनाव अधिकारी छगनलाल गुप्ता ने नव कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें प्रदेश मंत्री के पद पर मानसिंह श्योराण को चुना गया। मानसिंह श्योराण को साथी शिक्षकों ने बधाई दी है।

## भाजपा ने डॉ. अंबेडकर की विरासत को सम्मानित करने के लिए हर संभव प्रयास किएःसरजीत चौधरी

**झुंझुनूं।** भारतीय जनता पार्टी के संविधान गौरव अभियान के तहत शहर के दो नंबर रोड स्थित वाल्मिकी बस्ती में आयोजित नुक्कड़ बैठक में बोलते हुए मुख्य वक्ता कार्यक्रम के जिला संयोजक जिला महामंत्री सरजीत चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को कभी भी सम्मान नहीं दिया। भाजपा ने डॉ. अंबेडकर की विरासत को सम्मानित करने के लिए हर संभव प्रयास किए। सन 1990 में भाजपा सरकार ने ही बाबा साहेब के चित्र को संसद में स्थापित किया। उससे पहले लगातार कांग्रेस सरकार रही। लेकिन कभी सम्मान नहीं किया। उनके व उनके विचारों का विरोध करते रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने न्याय, समानता और सशक्तिकरण पर आधारित एक आदर्श राष्ट्र की परिकल्पना की। उनके विचारों ने दलित और पिछड़े समाज को नई दिशा दी। कांग्रेस ने हर कदम पर उनका विरोध किया। जबकि भाजपा ने बाबा साहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया। कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक ललित जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन नगर महामंत्री विजेंद्र हटवाल ने किया। इस अवसर पर ख्यालीराम कुमावत, ओमप्रकाश चांवरिया, गणेश नारायण डूलगच, बूथ अध्यक्ष विनोद चांवरिया, संतोष सारवान, कानूराम सारवान, छोटेलाल ठेकेदार, मुकेश चांवरिया, धर्मेंद्र चांवरिया, लक्ष्मीकांत डूलगच, अनिल चांवरिया, अमित डूलगच, सुंदर चांवरिया, सिकंदर, राधेश्याम, सत्यनारायण राणा, नंदलाल सारवान, मोनू, जीवन चांवरिया, रणजीत चांवरिया, कन्हैयालाल चांवरिया, माणकचंद ठेकेदार, आदित्य डूलगच, शिवा चांवरिया, राहुल हटवाल सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

## सुविचार

मेहनत करनी है तो कमर सीधी करनी जरूरी है झुक कर ज़्यादा देर काम नहीं किया जा सकता।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### 18,000 भारतीयों की वापसी!

डोनाल्ड ट्रंप की बादशाहत आते के साथ ही अमेरिका में रह रहे भारतीयों के जीवन में निश्चित ही एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अपने जीवन के सपनों को पूरा करने की आस रह रहे भारतीयों को अब ट्रंप की नीतियों से निश्चित ही झटका लगने वाला है। ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान ही ये वायदा किया था कि वह सत्ता में आते ही अवैध प्रवासियों को फ्लाइट में बैठाकर उनके मूल देश रवाना कर देंगे। यही नहीं उन्होंने इसके लिए कई कड़े प्रतिबंध एवं नियम बनाने का भी उल्लेख किया था। अमेरिका की कुर्सी संभालने के साथ ही ट्रंप अपने इस वायदे को पूरा कर दिखाने की उत्सुकता में दिखाई दे रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति बनते ही अवैध प्रवासियों को निकालने के आदेश दिए हैं। ट्रंप के इस आदेश के बाद भारत सरकार ने भी वहां रह रहे 18,000 भारतीयों को वापस लाने की तैयारियां शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत सरकार ने ट्रंप प्रशासन के साथ मिलकर इस पर काम भी शुरू कर दयिा है। यह संकेत है कि नई दिल्ली अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ सहयोग को इच्छुक है और व्यापार युद्ध से बचना चाहता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देशों (अमेरिक और भारत) की सरकारों ने लगभग 18,000 अवैध भारतीय प्रवासियों की पहचान की है, जिन्हें वापस भेजा जाना है। अवैध भारतीय प्रवासियों की यह संख्या कितनी है, यह अभी स्पष्ट नहीं है। ऐसा बताया जा रहा है कि यह संख्या और भी अधिक हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई अन्य देशों की तरह, भारत भी ट्रम्प प्रशासन को खुश करने और व्यापार खतरों से बचना चाहता है। इतना ही नहीं, भारत उम्मीद कर रहा कि ट्रंप प्रशासन के साथ उसके रिश्ते इसमें काफी काम आएंगे। साथ ही, ट्रंप के साथ पीएम नरेंद्र मोदी के निजी रिश्तों की वजह से छात्र वीजा और एच-1बी वीजा से जुड़े लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। आपको बता दें कि अवैध प्रवास पर कार्रवाई ट्रंप के चुनावी अभियान का प्रमुख वादा है। ट्रंप ने सोमवार को शपथ ग्रहण के कुछ घंटों के भीतर इस वादे को पूरा करने की दिशा में कदम उठाया है। इन फैसलों में जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करना और अमेरिकी-मेक्सिको सीमा पर सैनिकों की तैनाती करना शामिल है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपने सहयोग के बदले में काफी उम्मीद है। भारत को उम्मीद है कि ट्रंप प्रशासन भारतीय नागरिकों को अमेरिका में प्रवेश के लिए दिए जाने वाले वैध प्रवासन चैनलों जैसे कि छात्रा वीजा और कुशल श्रमिकों के लिए H-1B कार्यक्रम को संरक्षित रखे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2023 में दिए गए 386,000 एच-1बी वीजा में से लगभग तीन-चौथाई भारतीय नागरिकों को मिले थे।

### बधाल में फैली रहस्यमय बीमारी

# आपराधिक साजिश या महज संयोग



संजय श्रीवास्तव

बायो वेपन के परीक्षण, आपराधिक साजिश और षडयंत्र से अलग देश में रोगों के मानचित्रीकरण, जीनोम मैपिंग, जीनोम सीक्वेंसिंग, ऑरल ऑटोप्सी, रेयर डिसीज मैपिंग और बीमारियों और कारकों के विश्वसनीय तथा आद्यतन आंकड़ों का अभाव हर साल कुछ नई और रहस्यमय बीमारियों के उद्गम का कारण बनता है। बधाल की रहस्यमय बीमारी इस आवश्यकता की ओर ध्यान दिलाने वाली है। जम्मू के राजौरी जिले के गांव बधाल की एक रहस्यमय बीमारी इन दिनों राष्ट्रीय चर्चा का विषय बनी हुई है। इस बीमारी ने अब तक 17 से अधिक जानें ली हैं और करीब 40 लोग अभी भी अस्वस्थ हैं। देश में हर साल कुछ रहस्यमय बीमारियां सीमित क्षेत्रों तक फैलती हैं। कभी मौतों या प्रभावितों की संख्या दहाई के भीतर रहती है, कभी सैकड़ा पार कर जाती है।

- इमेज

किसी किसी बीमारी या स्वास्थ्य विसंगति की पहचान हो जाती है और बहुत बार ये रहस्य ही बनी रह जाती हैं। अभी तक अचानक फैलने वाली अज्ञात बीमारियों की आशंकाओं के आगत, रोकथाम या पहचान का कोई सुगठित, सुनिश्चित तंत्र नहीं बन पाया है। देश का कौन सा क्षेत्र किस तरह की बीमारी अथवा स्वास्थ्य विसंगति के प्रति आशंकित है, अथवा किस आयु, वर्ग, अथवा प्रकार के लोग किस मौसम में किन बीमारियों के किन नए प्रकारों से प्रभावित हो सकते हैं, देश और राज्य के स्तर पर इस पुख्ता आंकड़े या जानकारी का सर्वथा अभाव है। तब जबकि इसकी, तकनीक, तरीके, प्रविधियां मौजूद हैं और कई देश इसको इस्तेमाल कर रहे हैं। आवश्यकता है ऐसी स्वास्थ्य समस्याओं को गंभीरता से लेने के अलावा इनका समग्रता के साथ समाधान तलाशने की। बधाल की मौजूदा स्थिति इन सवालों और जरूरतों को एक बार फिर प्रकाश में ले आई है, इस परिदृश्य ने व्यवस्था को स्मरण दिलाया है कि इस दिशा में सुविचारित तथा समष्टिपूर्ण समाधान के महती प्रयासों की कितनी आवश्यकता है। बधाल में कुल 17 मौतों में डेढ़ किलोमीटर के दायरे में रहने वाले, एक प्रीतिभोज में खाना खाने वाले दो परिवार के 7 लोग हैं। 5 बच्चे और दो वयस्क। अन्य मृतकों में कुछ स्त्री पुरुष बुजुर्ग भी शामिल हैं। यह तथ्य बताता है कि संबंधित बीमारी ने हर आयु वर्ग को प्रभावित किया है, यहां जमीन के लिए होनी वाली साजिशों, हत्याओं की ओर भी इशारा करता है। जहां तक पारिवारिक आपराधिक साजिश या खाद्य विषाक्तता का प्रश्न है, वह पुलिस अभी तक साबित नहीं कर पाई है। राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं ने पाया है कि किसी तरह के जीवाणु अथवा वायरस के प्रकोप का संबंध इस बीमारी से नहीं है। इससे किसी तरह की संक्रामक बीमारी की आशंका स्वतः खारिज हो जाती है। सामान्य विषाक्तता या मिलावट का भी मामला नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट यह कहती है कि उल्टी, तेज़ बुखार, सांस लेने में तकलीफ और बेहोशी के बाद मरने वालों के दिमाग में सूजन पाई गई। सुदूर क्षेत्र होने के चलते मरीज को लाने में देरी हुई थी, इसने दिमाग इस स्तर तक प्रभावित हुआ कि इनका इलाज मुमकिन नहीं था। विशेषज्ञों ने मृतकों के नमूनों में पाए जाने वाले 'न्यूरोटॉक्सिन' को इसका दोषी माना। तंत्रिकातंत्र को प्रभावित करने वाला यह रसायन प्राकृतिक जीवों, जैसे बैक्टीरिया, पौधों या जानवरों द्वारा उत्पादित किए जा सकते हैं या सिंथेटिक केमिकल हो सकते हैं। सुदूर क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच तमाम दावों के बावजूद लचर है इसलिए न्यूरोटॉक्सिक से प्रभावित दिमाग को समय से इलाज न मिल पाना समझा जा सकता है; लेकिन लाख टके का सवाल यह कि यह रसायन मृतकों के शरीर में कैसे पहुंचा, इसका अभी तक कोई जवाब नहीं मिला। बधाल में पहली मौत के बाद अगले 48 घंटे में आधा दर्जन मौतें उन्हीं लक्षणों के चलते हुईं और तकरीबन सारे परीक्षण तभी प्राप्त हो चुके थे लेकिन तकरीबन डेढ़ महीना बीतने के बाद स्वास्थ्य सहित तमाम विभाग किसी निर्णायक परिणिति पर कैसे नहीं पहुंच पाए, यह भी एक रहस्य ही है। आंध्र प्रदेश में रहस्यमयी बीमारी के चलते जिसमें लोग चक्कर खाकर अचानक बेहोश हो जाते थे, एक समय 400 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हुए थे कुछ मर भी गए। महाराष्ट्र के बुलढाना शहर में अचानक 60 लोग गंजेपन का शिकार हो गए, जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं। आजतक इसका रहस्य नहीं खुला, ये महज कुछेक उदाहरण हैं। बेशक हर ऐसी घटना अकारण नहीं होती। उसके पीछे कुछ कारण, कारक अवश्य होते हैं। ऐसी परिस्थितियां न आएं या आ जाएं तो इससे सफलता पूर्वक निपटा जा सके, वे रहस्यमयी या पूर्णतया अबूझ न बनी रह जाएं, इसके लिए उन कारकों पर निगाह रखना, उनके निदान हेतु व्यवस्था बनाकर काम करना, सचेत रहना इन जैसी परिस्थितियों के समाधान हेतु आवश्यक है जिन्हें सरकारी व्यवस्थाएं लगातार नजरअंदाज करती रही हैं। बहुतेरे देशों में बीमारियों के प्रकार और उनके प्रभाव क्षेत्र दर्शाने वाले मानचित्र होते हैं। देश में किस क्षेत्र में लोग कौन सी बीमारी से सबसे ज्यादा जूझ रहे हैं, किस शहर में किस प्रकार के डाक्टर की सबसे ज्यादा जरूरत है और लोग किस विशेषज्ञ की खोज सबसे ज्यादा कर रहे हैं, इसके वार्षिक आंकड़े मौजूद होते हैं। अपने देश में बीमारियों का कोई न मानचित्र है न ही इस तरह के विश्वसनीय सरकारी आंकड़े, जिससे यह पता लगाया जा सके कि फलां क्षेत्र में इस तरह की बीमारी आशंकित है। कुछ देश दुर्लभ बीमारियों का राष्ट्रीय मानचित्र बनाते हैं, इसमें जीनोटाइप बीमारियां या क्षेत्र विशेष की आनुवांशिक बीमारियों का ब्योरा होता है, तो फीनोटाइप का भी। इससे क्षेत्र विशेष में किसी भी नई बीमारी के उभार या सघनता का पता चलता है। बीमारी का हॉट स्पॉट नियत हो पाता है, बीमारी रहस्य नहीं रहती बल्कि इनके इलाज का पहले से ही प्रबंध रहता है। क्लिनिकल रिसोर्स समय से वहां उपलब्ध हो जाता है। रोगनिरोधी भविष्य के साथ स्वास्थ्य देखभाल रणनीतियों और नई बीमारियों के रहस्य से पर्दा उठाने के लिए जीनोम मैपिंग और जीनोम सीक्वेंसिंग बड़े काम की चीज है पर इस क्षेत्र में हमारी जो पोल कोरोना के समय खुली, अभी ढंकी नहीं है। ऑरल ऑटोप्सी की प्रक्रिया के तहत गांव गिरांव में मौखिक सर्वेक्षण के जरिये अदृश्य और अज्ञात रोगों का पता लगाने की तो देश में कभी बात ही नहीं हुई। यह दूर की कौड़ी सही पर चीन ईरान सरीखी कोई ताकत अपने बायो वेपन या जैविक हथियार का परीक्षण भी इस तरह कर सकती है, क्या हमारे पास इसका शीघ्रता से पता लगाने का कोई मैकनिज्म है? शायद नहीं। डेढ़ महीने से ज्यादा समय के बाद भी रहस्य बनी हुई कथित बीमारी के पीछे किसी अज्ञात बीमारी, खाद्य विषाक्तता, संदूषण, साजिश, अपराध, अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र, बायोटेरोरिज्म, किसी दुश्मन देश द्वारा जैविक हथियार के परीक्षण जैसे कई कोण शामिल हैं। स्थानीय और राज्य का पुलिस महकमा अपनी स्पेशल टास्क फोर्स बनाकर इसमें लगा है, वहीं राज्य का स्वास्थ्य मंत्रालय इस पहेली को सुलझाने के लिए पुणे के भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, दिल्ली के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, ग्वालियर के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तथा पीजीआई चंडीगढ़ जैसे अनेक राष्ट्रीय संस्थानों की मदद ले रहा है।

## पंचांग

23 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| • विक्रम संवत् | - | 2081 |
| • शक संवत् | - | 1946 |
| • ऋतु | - | शिशिर |
| • माह | - | माघ |
| • पक्ष | - | कृष्ण |
| • तिथि | - | नवमी 17.38 तक |
| • वार | - | गुरुवार |
| • नक्षत्र | - | विशाखा 29.09 तक |
| • योग | - | गंड 29.07 तक |
| • करण | - | वणिज 30.37 तक |
| • सूर्योदय | - | 07.16 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - | 06.24 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - | 07.27 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - | 06.18 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - | तुला 22.32 तक |
| • अभिजित् मुहूर्त | - | 12.28 से 13.12 |
| • राहु काल | - | 14.14 से 15.38 |
| • व्रत, त्यौहार | - | नेताजी जयंती, बिच्छुड़ा 22.32 प्रारंभ, सूर्य श्रवण में 28.45, भद्रा 30.37 प्रारंभ |
| • दिशा शूल | - | दक्षिण |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




### कलयुग का राजा राहु, अगर प्रसन्न कर लिया तो बना देगा मालामाल

ज्योतिष में शनि देव को सबसे क्रूर ग्रह माना जाता है जबकि देवगुरु बृहस्पति और ग्रहों के राजा सूर्य को बहुत शुभ और बलवान माना जाता है। लेकिन ज्योतिष में सभी नौ ग्रहों का अपना अलग-अलग महत्व होता है। कलयिुग में एक ग्रह बहुत ही प्रभावशाली माना जाता है। कलयुग में जन्म कुंडली में राहु ग्रह को सबसे अधिक प्रभावशाली माना जाता है। माना जाता है कि राहु के पास रातों-रात चुटकियों में किसी की भी किस्मत बदलने की ताकत है। चाहे कुंडली कितनी ही खराब हो या बाकी ग्रह कितने भी बलवान हों पर यदि राहु चाहे तो व्यक्ति को फर्श से उठाकर अर्श पर और अर्श से उठाकर फर्श पर पटक सकता है। किसी भी जातक को यदि राहु की कृपा प्राप्त हो जाती है तो रातों-रात वह है करोड़पति बन जाता है।

**अशुभ राहु के लक्षण :** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि जन्म कुंडली में राहु नकारात्मक परिणाम दे रहा है तो आपको इसके अनेक लक्षण दिखाई देंगे। आपके हाथ में नाखूनों का अपने आप टूटना, मन में तरह-तरह के वहम बने रहना, दोस्त और रिश्तेदारों से धोखा मिलना, लगातार बीमार बने रहना और दवा न लगना, परिवार में लगातार क्लेश बने रहना, करियर बुरी तरह डिस्टर्ब हो जाना। अगर आपके साथ इस तरह की समस्याएं लगातार बन रही हैं तो आपको राहु से संबंधित उपाय करने की आवश्यकता है।

**राहु बना देता भाग्यवान :** जन्म कुंडली में यदि राहु की महादशा अंतर्दशा के दौरान उसके उपाय कर लिए जाए तो राहु अपने सकारात्मक परिणाम देना शुरू कर देता है। राहु को कलयुग में राजा माना जाता है। जिनका राहु जन्म कुंडली में अच्छा होता है वह लॉटरी, शेयर बाजार एवं युवा सट्टा घर बैठे धन कमाते हैं।

**यह करें उपाय :** यदि आपकी जन्म कुंडली में महादशा अथवा अंतर्दशा में राहु सक्रिय है, तो प्रतिदिन राहुकाल में राहु के मंत्र का 108 बार अर्थात एक माला नित्य जाप करें। कपड़े धोने में प्रयोग होने वाला सुख नील नहाने के पानी में डालकर उससे नित्य स्नान करें। घर के अंदर बने शौचालय को बुधवार एवं शनिवार के दिन तेजाब से साफ करें। इन उपायों को करने से आपका राहु आपके लिए सकारात्मक परिणाम देने लगेगी आपकी किस्मत रातों-रात पलट सकती है।

## तारीख विशेष

### पराक्रम दिवस

पराक्रम अर्थात शौर्य, विक्रम, बल, शक्ति, सामर्थ्य, साहस। भारत में हर साल साहस और वीरता का जश्न मनाया जाता है और इसी दिन को पराक्रम दिवस के नाम से जाना जाता है। पराक्रम दिवस हर भारतीय के लिए एक प्रेरणादायक दिन है। इस दिन



नेताजी सुभाष चंद्र बोस के महान योगदान और उनके द्वारा दिखाए गए साहस के महत्व को समझने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। नेताजी आज भी हर भारतीय के दिल में बसे हुए हैं और पराक्रम दिवस उनके उस अदम्य साहस, निस्वार्थ सेवा और देशभक्ति को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। हर साल 23 जनवरी को भारत में पराक्रम दिवस मनाया जाता है। यह दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य पर मनाया जाता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नायकों में से एक थे। नेताजी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने साहस और बलिदान से अंग्रेजों के खिलाफ डटकर संघर्ष का नेतृत्व किया। उनके नेतृत्व और आज़ादी के प्रति असीम समर्पण ने लाखों भारतीयों को प्रेरित किया। वर्ष 2021 में भारत सरकार ने नेताजी के जन्मदिन को "पराक्रम दिवस" के रूप में घोषित किया ताकि युवाओं को उनकी साहसिक और देशभक्तिपूर्ण विचारधारा से प्रेरित किया जा सके। नेताजी का यह दृढ़ विश्वास था कि स्वतंत्रता केवल संघर्ष और बलिदान से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान युवाओं में जोश जगाने के लिए कई महत्वपूर्ण नारे दिए। उनके दिए गए 'दिल्ली चलो' और 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा' जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। भारत सरकार ने 2021 में इस दिन को "पराक्रम दिवस" के रूप में घोषित किया ताकि नेताजी के साहसिक कार्यों और देशभक्ति की भावना को सम्मानित किया जा सके। यह विशेष थीम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और उनके आदर्शों को प्रतिबंबित करता है।

### समसामयिक

# तेजी से उभर रही साहित्य की हाइब्रिड शैली

लोकमित्र गौतम

**अंशु मालवीय का कविता संग्रह, 'कोलाज कविता' एक ऐसा कविता संकलन है, जिसे कई पारंपरिक साहित्यकार तो शायद कविता संग्रह मानने से ही इंकार कर सकते हैं; ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें कविताओं की जो शैली है, वह निबंधनुमा भी है, डायरीनुमा भी है और कविताओं में गद्य के लंबे लंबे अंश भी इनमें मौजूद हैं। हालांकि यह इन कविताओं की कोई सीमा नहीं बल्कि असीमितता का परिचायक है, क्योंकि कई कविताएं बेहद भावनात्मक और असीम गहराई लिए हुए हैं। कुछ ऐसा ही हाल प्रियंवद के उपन्यास 'तट' का भी है।**

- इमेज

कभी यह शॉर्ट स्टोरी लगने लगता है, कभी आत्मकथा सरीखा सुख देता है, तो कई बार इसका स्वर किसी अजनबी शैली का सा महसूस होने लगता है। ऐसे ही इतिहास और कला आलोचना को मिलाकर तैयार की गई सदन झा की किताब 'गांधी इन द गैलरी' भी है, जो गांधीजी के जीवन को समकालीन चश्मे से देखने का प्रयास करती है। वास्तव में ये तीन किताबें, दूसरी किताबों की तरह तीन और किताबें भर नहीं हैं बल्कि हाल के सालों में ऐसी सैकड़ों किताबें आई हैं, जिनको साहित्य की किसी भी एक पारंपरिक शैली में सीमित करके नहीं देखा जा सकता। आलोचना की किताबों में कहानियां हैं, कहानियों में लंबी लंबी कविताएं भरी हुई हैं और हद तो यह है कि कविताओं में निबंध के बड़े पठनीय खंड मौजूद हैं। सवाल है आखिर साहित्य में इस कदर का शैलीगत घालमेल क्यों उभर रहा है? क्या यह साहित्य की गहराई की कम होती समझ का नतीजा है? क्या नई पीढ़ी के साहित्यकारों द्वारा किसी एक विधा पर मास्टर न हो पाने की वजह से यह शैलीगत अनिश्चितता उभरकर सामने आई है या फिर यह अपने आपमें एक नई शैली है? यह अंतिम बात ही सही है। हमने ऊपर जिन किताबों का जिक्र किया, वो किताबें अपने लेखकों की किसी सीमा का नतीजा नहीं हैं, बल्कि ये इनकी अभिव्यक्ति में आई उदारता का नतीजा हैं।

दरअसल साहित्य में ये हाइब्रिड शैली की देन है। बड़ी तेजी से हाइब्रिड शैली विकसित हो रही है, जिससे मुराद यह है कि किसी भी रचना के लिए किसी एक शैली पर ही क्यों निर्भर रहा जाए? वास्तव में हाइब्रिड साहित्य की वह शैली है, जिसमें साहित्य की सभी विधाओं, आशाओं या तकनीकों का बेफिक्र मिश्रण होता है। हाइब्रिड साहित्य शैली पारंपरिक शैलियों की सीमाओं को तोड़ते हुए आधुनिक समाज की जटिलताओं को अधिक से अधिक व्यवहारिक और समग्र रूप से अभिव्यक्त करने का जरिया है। हाइब्रिड शैली दुनिया में साहित्य की किसी एक विधा के एकाधिकार को तोड़कर इसे सहज बनाना है। साहित्य की हाइब्रिड शैली इन दिनों एक ऐसी शैली के रूप में उभर रही है, जिसमें एक ही जिल्द के भीतर उपन्यास, कविता संग्रह, नाटक और संस्मरणों को जगह मिलती है। हाइब्रिड साहित्य शैली के अंतर्गत कोई भी रचना किसी एक शैली की बाध्य नहीं है। यह जिस भी संभव तरीके से अभिव्यक्ति की जा सके, उसकी छूट देती है। इसलिए उपन्यास, कविता, नाटक, संस्मरण, सब एक ही रूप में देखे और पढ़े जा रहे हैं। यह साहित्य की दुनिया में तेजी से आकार ले रही एक ऐसी रचनाशैली का पाठ है, जो भविष्य में आपको कई ऐसी जटिल अभिव्यक्तियों के लिए रास्ता साफ करेगी, जैसा अब के पहले कभी नहीं था। भारत में तो फिर भी ज्यादातर हाइब्रिड प्रयोग अभी तक साहित्य और पारंपरिक कहानियों और कविताओं तक ही सीमित हैं। लेकिन अंग्रेजी साहित्य में बात इसके भी ऊपर की है। अंग्रेजी में क्वेस्ट गेम्स नामक एक ऐसा हाइब्रिड संग्रह आया है, जिसमें ज्यादातर कहानियां हाइब्रिड उभार, के चलते कभी कहानियां लगती हैं और कभी वर्जिनिया वुल्फ का आत्मकथात्मक फंटैसी उपन्यास 'ओरलैंडो' का एक्सटेंशन लगती हैं। क्योंकि यह उपन्यास भी एक साथ अपने में कई शैलियां छिपाए हुए है। इसमें भरपूर समावेशिता है, सज्जनात्मक स्वतंत्रता है, जो भविष्य के जटिल जीवन को साहित्य के सांचे में ढालती है। हाइब्रिड शैली इसलिए भी आज प्रासंगिक हो गई है, क्योंकि इसमें मल्टीमीडिया अभिव्यक्ति की संभावनाएं हैं, इसके अलावा बाकी किसी भी पारंपरिक साहित्य की शैली में आज के जटिल और मल्टीमीडिया अभिव्यक्ति के लिए गुंजाइश नहीं है। जबर्दस्ती अभिव्यक्ति की भी जाए तो भी पूर्णता से अपने को व्यक्त नहीं कर पाएगी। इसलिए साहित्य की हाइब्रिड शैली तेजी से उभर रही है और इस क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि साल 2025 में युवाओं द्वारा इस शैली को बहुत अच्छी तरह से अपनाया साहित्य में हाइब्रिड शैली का तेजी से उभरना एक दिलचस्प और विचारोत्तेजक परिघटना है। यह शैली विभिन्न विधाओं, माध्यमों और तकनीकों का संगम है, जैसे कविता और गद्य का मेल, साहित्य में मल्टीमीडिया का समावेश, या एआई जैसे उपकरणों का प्रयोग। हालांकि यह नवाचार साहित्य को समृद्ध बना रहा है, लेकिन इसकी सीमाओं पर विचार करना महत्वपूर्ण है। मसलन इस शैली से कई बार लगता है साहित्य कहीं मशीनी तो नहीं हो रहा है? क्योंकि हाइब्रिड शैली में जिस तरह एआई और तकनीकी उपकरणों का उपयोग बढ़ रहा है, उससे यह डर भी लग रहा है कि कहीं यह आगे चलकर साहित्य को 'मशीनी' न बना दे। क्योंकि कई साझा विधाओं का साहित्य किसी भी एक विधा में गहराई तक नहीं उतरता। जब साहित्य का निर्माण तकनीकी उपकरणों से होता है, तो उसमें मानवीय अनुभवों और भावनाओं की गहराई कम हो सकती है, ऐसी स्थिति में साहित्य एक कला रूप की बजाय 'उत्पाद' बन जाता है।



## गीता सार

एवं परम्पराप्राप्तमिमं राजर्षयो विदुः।
स कालेनेह महता योगो नष्टः परन्तप॥2॥

-: हिंदी भावार्थ :-

हे परन्तप अर्जुन! इस प्रकार परम्परा से प्राप्त इस योग को राजर्षियों ने जाना, किन्तु बहुत काल बीतने के बाद वह योग- परम्परा (पृथ्वी से) लुप्त हो गई॥

## बोले तो...



पटना, कोलकाता और लखनऊ में हितधारकों से मिलने के लिए जेपीसी दौरे के कार्यक्रम 21 जनवरी को पूरे हुए। यह अजीब है कि जेपीसी की अगली बैठक की तारीखों की घोषणा बिना किसी औपचारिक चर्चा के जल्दबाजी में की गई। जबकि जेपीसी पहले से ही दौरे पर थी।

-ए राजा



कोई भी किसी प्रदेश आए और चुनाव प्रचार करें लेकिन आप सरकारी तंत्र का उपयोग करें। अभी मैंने एक फोटो एसएचओ को भेजी थी जिसमें पंजाब पुलिस की गाड़ियों में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता आ रहे हैं। तो ये गलत चीज है।

- संदीप दीक्षित



लव जिहाद के जरिए केवल लड़कियों का इस्तेमाल किया जाता है। उनका शारीरिक शोषण होता है, उन्हें खत्म कर दिया जाता है। फिर हरिद्वार में टुकड़े मिलते हैं और कई के फ्रिजों में टुकड़े मिलते हैं। हिंदू बेटियां जागरूक नहीं हो रही हैं तो उन्हें जागरूक होने की आवश्यकता है।

- प्रदीप मिश्रा

## कुछ अलग | अजब गजब

# 16वीं शताब्दी का एक किला, जहां आज भी भटकती नर्तकी की आत्मा

हिमाचल प्रदेश को देव भूमि के नाम से जाना जाता है, लेकिन यहां की कहानियां भी उतनी ही दिलचस्प हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही अनोखे किस्से के बारे में बताएंगे जिसे सुनकर आप हैरान रह जाएंगे। यह किस्सा कांगड़ा जिले के नूरपुर का है, जो 16वीं शताब्दी के अंत में बना था। यह आज भी चर्चा में रहता है। इस ऐतिहासिक किले का नाम है 'नूरपुर किला' है, जिसे पहले धामड़ी किले के नाम से जाना जाता था। इस किले का निर्माण पठानकोट के शासक राजा बसु देव ने करवाया था। बाद में इस किले में कई और निर्माण हुए। मुगल बादशाह जहांगीर की प्रिय पत्नी नूरजहां जब पहली बार यहां आईं, तो धामड़ी का नाम बदलकर नूरपुर रख दिया गया। नूरजहां को यह किला और यहां का प्राकृतिक सौंदर्य बहुत पसंद आया था और वह नूरपुर छोड़कर जाना नहीं चाहती थीं।

नूरी की आत्मा की कहानी यह किला नर्तकी 'नूरी' की याद दिलाता है। नूरी का नाम नूरजहां से प्रेरित होकर रखा गया था। किंवदंती है कि नूरी नूरजहां से भी ज्यादा खूबसूरत थी, जिससे नूरजहां जलती थी। नूरजहां को डर



था कि नूरी अपनी सुंदरता से ज्यादा प्रसिद्ध हो जाएगी, इसलिए उसने नूरी को महल में परफॉर्म नहीं करने दिया। कहा जाता है कि नूरी के पायल की आवाज जब महल में गूंजती थी, तो आसपास के लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**नूरजहां ने कटवा दी थी नूरी की जीभ**

नूरी नाचने के साथ-साथ गाने में भी माहिर थी। बेगम नूरजहां को उसका गाना बहुत पसंद था, लेकिन उसकी खूबसूरती से जलती थी। नूरजहां को शक हुआ कि नूरी अपनी सुंदरता से जहांगीर को लुभा सकती है, इसलिए उसने नूरी की जीभ कटवा दी। तब से यह किला सुनसान पड़ा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यहां आज भी नूरी की आत्मा भटकती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने अपने परिवारजनों से सुना है कि आज भी किले में नूरी की आत्मा भटकती है, इसलिए रात के समय किले की तरफ नहीं जाते। इस बात में कितनी सच्चाई है ये तो पता नहीं लेकिन आज भी लोग वहां जाने से डरते हैं।

## पाठक पाती

### पराली जलाएं नहीं, बल्कि खाद बनाना सीखें

पराली जलने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के प्रयासों के परिणाम संतोष जनक नहीं निकले और प्रभावी समाधान नहीं निकलने से राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) के वैज्ञानिकों ने पराली को खाद में बदलने की खोजी तकनीक से खेतों में पराली से किसान खाद में बना सकते हैं। आग लगने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति के साथ मृदा से कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटैशियम जैसे तत्व नष्ट होते हैं तथा जहरीला धुआं, वायु प्रदूषण के साथ सांस की बीमारियां बढ़ाता है। एनबीआरआई के वैज्ञानिकों ने फंगस व बैक्टीरिया से 'एक्स्ट्रा फेस्टर' नामक तरल पदार्थ तैयार किया है जो पराली की जड़ों पर छिड़कने से उसे गला कर खाद में बदल देता है जिससे 'मृदा संजीवनी' नामक खाद तैयार हो रहा है। किसानों के लिए यह खाद अतिरिक्त आय का साधन बन सकेगा। अस्तु इस तकनीक को किसान व्यवहार में लाएं।

बी एल शर्मा 'अकिंचन' तराना-उज्जैन

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# देसूरी नाळ में सुरक्षात्मक निर्माण की मांग को लेकर तेजराज टाक ने अपनाया गांधीवादी तरीका

## हादसों के स्थान वाले पुलिए के एक तरफ 16 दिसंबर से जारी है धरना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** हादसों के लिए चर्चित देसूरी नाळ में होने वाली दुर्घटनाओं एवं जानमाल की हानि की रोकथाम की मांग को लेकर देसूरी नाळ स्थित नाग देवता मंदिर के समीप पुलिया के एक कोने में तेजा टाक नाम के व्यक्ति का 16 दिसंबर से शांतिपूर्ण धरना यथावत जारी है। इस पुलिए पर ही रामदेवरा जातरुओं की ट्रक दुर्घटना में 92 लोगों की मौत हुई थी। ओलादर (कुंभलगढ़-राजसमंद) निवासी तेजराज टाक (कलाल) पुत्र भैरूलाल टांक देसूरी नाल के नवनिर्माण को लेकर धरने पर बैठा है। टांक ने बताया कि वह न तो पुलिस प्रशासन के लिए किसी भी प्रकार की कोई परेशानी पैदा करेगा ना ही सड़क जाम करने या अन्य प्रकार की ऐसी कोई गतिविधि करेगा जिससे किसी को तकलीफ उठानी पड़े। वो केवल शांतिपूर्ण तरीके से कानून के दायरे में रहकर दुघर्टनाओं की रोकथाम को नव निर्माण के लिए सरकार व प्रशासन की आंखे खोलने के लिए धरने पर बैठा है। टाक ने बताया कि वह स्नैक केचर भी है एवं समाजसेवा में भी योगदान दिया है। मगर देसूरी नाळ में आए दिन होने वाले हादसों व काल कलवित होते व गंभीर घायल होने की घटनाओं ने उसे उद्वेलित किया है। असामयिक मौतों के बाद भी सरकार ने कोई कदम नही उठाया है। नतीजन गांधीवादी तरीके से धरने पर बैठा है। जंगली जानवरों के भय को लेकर पूछे जाने पर टांक ने बताया कि सुरक्षात्मक दृष्टि से देसूरी नाळ का नव निर्माण कार्य शुरू होने तक बगैर किसी भय के अपना धरना जारी रखेगा। हालांकि उसने कहा कि आगामी 26 जनवरी के बाद वह कुछ अलग ही करने वाला है। उसने बताया कि सरकार उसकी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अभी तक नहीं जगी है।




# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य फोलोअप शिविर आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** पंचायत समिति स्तरीय मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य फोलोअप एवं रेफरल शिविर सीएचसी पर आयोजित किया गया। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश राठौड़ के अनुसार पीएचसी/सीएचसी पर लगेशिविरों से रेफर किए लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर परामर्श के साथ दवाइयां दी गई। शिविर में पाली से नाक कान गले के डॉ प्रवीणसिंह चंपावत, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राजेंद्रसिंह राठौड़, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा संजय कालानी, फिजिशियन डॉ संजय परमार, दंत चिकित्सक अंकुर माथुर, नेत्र सहायक कोमल सांखला, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्रसिंह ने सेवाएं दी। सीएचसी कार्मिकों के साथ नर्सिंग अधिकारी एएनएम, सीएचओ व आशा सहयोगिनियों ने सहयोग किया। शिविर में 200 लोगों के आभा कार्ड बनाए एवं सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के साथ अन्य पात्र लोगों की भी इ केवाइसी की गई। जिससे लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त मेडिकल इलाज फ्री करवाने में सहायता मिलेगी।



# नेत्र जांच शिविर में 17 लोग ऑपरेशन की लिए चिह्नित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** महावीर इंटरनेशनल शिवगंज-सुमेरपुर व अलंकार फाउंडेशन द्वारा निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच परामर्श शिविर आयोजन किया गया।

महावीर इंटरनेशनल के संयोजक दीपक गोयल के अनुसार आबूरोड स्थित अंबे माता मंदिर परिसर में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में जरूरतमंद लोगों के आंखों की जांच कर चश्मे, दवाइयों के साथ परामर्श दिया गया। शिविर में ब्लड जांच, इसीजी, ब्लड प्रेसर, बीपी शुगर की जांच भी निशुल्क की गई। महावीर इंटरनेशनल के राष्ट्रीय सचिव अशोक जैन ने कैंप का अवलोकन करते हुए मेडिकल उपकरणों का महावीर इंटरनेशनल के सह सचिव नरेश सांखला के साथ एमओयू साइन किया। उन्होंने मरीजों से कैंप में मिली सेवाओं की जानकारी ली। डॉ मननकुमार ने मरीजों की जांच की। कैंप में 200 लोगों को निशुल्क चश्मे व दवाइयां वितरित कि गई और 17 लोग आंखों के ऑपरेशन के लिए चयनित हुए। एमआइ संयोजक दीपक गोयल, सह संयोजक नरेश सांखला, पदाधिकारी मोहित शर्मा आबूरोड, रजत जवाहर, योगेश पटवा, भरत कुमार, जितेंद्र कुमार, गोविंद वैष्णव, कल्पेश वैष्णव, गौतम कुमार आदि मौजूद रहे।

**महावीर इंटरनेशनल व अलंकार फाउंडेशन का आयोजन**

# सामूहिक विवाह की अनुदान राशि अटकी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** रावणा राजपूत समाज तहसील बाली (फालना) के 14 फरवरी 24 को हुए द्वितीय सामूहिक विवाह समारोह की 11 माह बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर दी जाने वाली अनुदान राशि अटकी पड़ी है। रावणा राजपूत समाज के प्रवक्ता सुखसिंह खंगारोत ने बताया कि आयोजित समारोह में 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे थे। 11 माह बाद भी राज्य सरकार द्वारा अनुदान राशि अभी तक वधू एवं रावणा राजपूत विकास संस्था को नहीं मिली है। पाली बाल विकास परियोजना कार्यालय में संपर्क करने पर एक ही जवाब मिलता है कि कार्य प्रगति पर है। जबकि रावणा राजपूत समाज का 2020 में प्रथम सामूहिक विवाह की अनुदान राशि 3 माह में प्राप्त हो गई थी।

# कांग्रेस प्रवक्ता का किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा एवं क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीशंकर मेवाड़ा के निर्देशानुसार सुमेरपुर ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता पद पर सुरेंद्र परमार को नियुक्त करने पर कांग्रेसजनों ने परमार का स्वागत सम्मान किया। ब्लॉक अध्यक्ष नेपालसिंह पावा, ब्लॉक महासचिव कंचन परमार सहित ग्रामीण एवं युवाओं ने कोसेलाव पहुंच परमार का स्वागत किया। इस मौके पर यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेश भार्गव, समाजसेवी भावेश सेन, दिनेश मेघवाल, विनोद परमार, पूरण गोयल, मोहनलाल, ओमप्रकाश मीणा आदि मौजूद रहे।



# साइबर अपराधों की दी जानकारी, सतर्क रहने का आह्वान, बताए बचाव के उपाय

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** वरिष्ट नागरिक समिति पाली की साप्ताहिक बैठक का आयोजन रामजीवन तापड़िया की अध्यक्षता में करणसिंह की चाली स्थित सभागार में किया गया। समिति के महामंत्री नरपतसिंह कुंपावत के अनुसार बैठक में रामजीवन के साहित्यिक योगदान के लिए समिति सदस्यों द्वारा उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में साइबर अपराधों की जानकारी और उससे बचाव के उपाय विषय पर वार्ता रखी गई। वार्ता में हिम्मताराम फुलवारी ने पुराने रिकॉर्ड के ऑन लाइन संधारण में त्रुटि, श्रवणकुमार तंवर ने सरकार द्वारा जागरूकता की कमी, गणपतसिंह दैय्या ने अपना है सो जाएगा नहीं, जाएगा सो अपना नहीं..., विनोद शर्मा ने धोखाधड़ी की एफआइआर करने, दिनेश दवे ने जागरूकता की कमी, गोपालदास मूंदड़ा ने टू कॉलर एप के उपयोग करने, जगदीश दुबे ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी तथा प्रशासन का रवैया, कांतिलाल मुथा ने साइबर धोखाघड़ी से बचाव पर विचार रखे। बैठक में श्यामसिंह पंवार, रामलाल गर्ग, पीरूलाल बंजारा, विरदीचंद मेवाड़ा, कृष्णचंद्र जोशी, ओटाराम सोलंकी, धनसिंह बडगुजर, मोतीलाल मेवाड़ा, नवरत्नमल गुप्ता, सज्जनसिंह बोराणा आदि ने भी अपने अनुभव साझा किए। महामंत्री ने आभार व्यक्त किया।



# महाविद्यालय में फूड फेस्टिवल, छात्राओं ने बनाए लजीज व्यंजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** जवाई बांध रोड स्थित वाइब्रेंट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन द्वारा संचालित गुरुकुल संस्कार कन्या महाविद्यालय में फूड फेस्टिवल स्टॉल का आयोजन किया गया। कला, वाणिज्य एवं विज्ञान वर्ग के साथ कम्प्यूटर वर्ग की छात्राओं द्वारा आयोजित फेस्टिवल में विद्यार्थियों और अतिथियों ने विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा। आयोजन में विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाए गए व्यंजनों को प्रदर्शित किया और अतिथियों को परोसा। महाविद्यालय के निदेशक व सह प्राचार्य डॉ. नारायण विश्नोई ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक अच्छा अवसर था जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा और रुचि का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय हमेशा अपने विद्यार्थियों को नई और रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होने के अवसर प्रदान करने का प्रयास करता है। संस्थान अध्यक्ष महावीरसिंह सिसोदिया ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए व्यंजनों को चख कर छात्रों की कौशल की प्रशंसा की। आयोजन में विद्यार्थियों और अतिथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा।



# गोडवाड़ शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी का विस्तार

**कन्हैयालाल शर्मा महामंत्री मनोनीत**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** गोडवाड शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज वरकाणा के अध्यक्ष पूरण शर्मा ने समाज की कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इसके तहत वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, महेश रामलाल शर्मा, महामंत्री कन्हैयालाल शर्मा, मंत्री नरपतलाल शर्मा, सहमंत्री जितेन्द्र शर्मा, उपमंत्री अमृतलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा, सह कोषाध्यक्ष विजयराज, प्रचार मंत्री भरत शर्मा, प्रवक्ता मनु शर्मा, लेखाविद फुलचंद शर्मा, संगठन मंत्री महेंद्र शर्मा, प्रवीण शर्मा, विधि सलाहकार योगेश शर्मा, व्यवस्थापक ओमप्रकाश शर्मा मनोनीत किए गए। कार्यकारिणी में 21 सदस्यों का चयन किया गया।

# कर्मचारियों ने किया आधे दिन कार्य का बहिष्कार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को राजस्व विभाग प्रमुख शासन सचिव के नाम तहसीलदार दिनेश आचार्य को ज्ञापन देकर आधे दिन का कार्य बहिष्कार किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों के संबंध में कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है तो आंदोलन को तेज करते हुए 24 जनवरी तक काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करवाया जाएगा। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष शेरसिंह जोधा सरवड़ी ने बताया कि राजस्व विभाग सरकार का एक महत्वपूर्ण विभाग है जो न केवल राजस्व संग्रह करता है बल्कि आम जनता और किसानों से जुड़े संवेदनशील मामलों का निपटारा भी करता है। विभाग आपदा प्रबंधन, चुनाव, जनगणना और महामारी नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में तहसीलदार पदों पर मंत्रालयिक संवर्ग का कोटा यथावत रखना, राजस्व मंडल और संभागीय आयुक्त कार्यालयों को मंत्रालयिक निदेशालय में शामिल करना, उपखंड अधिकारी कार्यालयों में नए पदों का सृजन और नवगठित जिला कार्यालयों में स्थायी नियुक्तियों के लिए स्पष्ट नीति की मांग शामिल है।



**मांगें नहीं मानने पर आंदोलन की चेतावनी**

*राजस्व विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्यालयों के समान वेतन और भत्ते दिए जाने, विभाग में फील्ड स्टाफ की नियुक्ति न करने और मंत्रालयिक संवर्ग के कार्यों को अन्य संवर्ग के कर्मचारियों से न करवाने, उपखंड कार्यालयों में पैरोकार सरकार के पद पर नायब तहसीलदार के स्थान पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद सृजित करने, राजस्व मंडल में वर्तमान तहसीलदार संवर्ग के पदों और उपखंड कार्यालयों में नायब तहसीलदार के पदों को समाप्त करने की मांग भी की गई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो वे विरोध प्रदर्शन और आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। ज्ञापन देने के दौरान टीमाराम मीणा, रमेशकुमार मीणा, विष्णुकुमार, श्रवणकुमार, आसिफ खान, जसवंतसिंह, भंवरसिंह, राजकुमार आदि मौजूद रहे।*

# टाटा मुंबई मैराथन में वरिष्ठ नागरिक दौड़ में सुमेरपुर के किशोर भाटी प्रथम

**कस्बेवासियों ने जताई खुशी, दी बधाई**

**वरिष्ठ नागरिक दौड़ में 1894 वरिष्ठों ने लिया भाग**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** एशिया के सबसे बड़े मैराथन आयोजनों में से एक 20वें टाटा मुंबई मैराथन में सुमेरपुर निवासी किशोर भाटी ने वरिष्ठ नागरिक वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर कस्बेवासियों ने खुशी जताई एवं भाटी को बधाई दी। वरिष्ठ नागरिक दौड़ में 1894 वरिष्ठों ने लिया भाग भाटी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए 4.2 किलोमीटर की यह दौड़ छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से शुरू होकर हुतात्मा चौक, ओवल मैदान, मरीन ड्राइव, प्रिंसेज फ्लाई ओवर, मेट्रो आईनॉक्स होते हुए आजाद मैदान पहुंच विसर्जित हुई। भाटी ने प्रतियोगिता में अव्वल रहने पर प्रति'या देते हुए कहा कि यह उनके जीवन का सबसे बेहतरीन पल है। वरिष्ठ नागरिक दौड़ सिर्फ एक आयोजन नहीं बल्कि वरिष्ठ समुदाय के जीवन, शक्ति और सकारात्मक उम्र बढ़ने का उत्सव है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठों को स'िय और प्रेरित रहने के अधिक अवसर मिलने चाहिए। मैराथन में 59 हजार 967 धावकों ने भाग लिया। विभिन्न श्रेणियों में जैसे हाफ मैराथन, ओपन 10क्र, ड्रीम रन, सीनियर सिटीजन रन और विकलांग चैंपियंस में बड़ी संख्या में धावकों ने हिस्सा लिया।




# कृष्णा नगर आवासीय योजना की लॉटरी आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** कृष्णा नगर आवासीय योजना में 257 भूखंडों की लॉटरी गुरुवार दोपहर 12 बजे जिला परिषद सभागार में निकाली जाएगी। यह जानकारी यूआइटी सचिव ने दी। उन्होंने हितबद्धों से अनुरोध किया है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर लॉटरी प्र'िया में भाग लें।

# पशुपालकों के लिए लाभदायी साबित होगी मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना

**योजना से जुड़ने के लिए आवेदन 31 तक**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राज्य सरकार की ओर से पशुपालकों के हितार्थ शुरू की गई मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के आवेदन 31 जनवरी तक किए जा सकेंगे। योजना के अंतर्गत पहले 5-5 लाख दुधारु गाय/भैंस, 5-5 लाख भेड़/बकरी तथा एक लाख उष्ट्र वंशीय पशुओं के बीमा का प्रावधान किया गया है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश बुनकर के अनुसार योजना के तहत लाभ लेने के लिए प्रदेश के सभी जनाधार कार्ड धारक पशुपालक पात्र होंगे। पशुपालकों को बीमा विभाग के एप/सॉफ्टवेयर पर आवेदन करना होगा। मोबाइल एप/वेब पोर्टल पर 31 जनवरी 2025 तक आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बीमा के लिए लॉटरी द्वारा पशुपालकों का चयन किया जाएगा। प्रदेश के गोपाल क्रेडिट कार्ड धारक पशुपालक और लखपति दीदी पशुपालकों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए 'मशः 16 और 12 प्रतिशत आरक्षण का भी प्रावधान किया गया है।

### पशुओं का टैगिंग अनिवार्य

बीमा के लिए पशुओं की टैगिंग अनिवार्य है। चयनित पशुपालक के अधिकतम 2 दुधारु पशु (गाय, भैंस अथवा दोनों), 10 बकरी/10 भेड़/ एक उष्ट्र वंश पशु का निःशुल्क बीमा किया जाएगा। यह बीमा उन्हीं पशुओं का होगा जो किसी अन्य योजना के तहत बीमित नहीं हो। यह बीमा एक वर्ष के लिए किया जाएगा और पशुपालक को इसके लिए कोई प्रीमियम नहीं देना होगा। बीमा राशि का निर्धारण पशु की नस्ल, उम्र व दुग्ध उत्पादन क्षमता के आधार किया जाएगा। लेकिन किसी भी स्थिति में बीमा की अधिकतम राशि 40 हजार रुपए से अधिक नहीं होगी।

### पशुओं की आयु का निर्धारण

पशुओं के बीमा के लिए निर्धारित उम्र अनुसार गाय की उम्र 3 से 12 वर्ष और भैंस की 4 से 12 वर्ष होनी चाहिए। इसी प्रकार बकरी और भेड़ की उम्र 1 से 6 वर्ष जबकि ऊंट की उम्र 2 से 15 वर्ष होनी चाहिए। इस योजना का ि'यान्वयन ट्रस्ट मोड पर राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग द्वारा किया जाएगा। जबकि पशुपालन विभाग नोडल विभाग होगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग (साधारण बीमा) विभाग चयनित पशुपालकों के पशुओं का बीमा कराने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत/राजस्व ग्राम के लिए तिथिवार कार्य'म निर्धारित करेगा। जिसकी सूचना पशुपालकों को एसएमएस या अन्य माध्यम से दी जाएगी। समस्त बीमा प्र'िया उपरान्त पशुपालक को मोबाइल पर एसएमएम के माध्यम से बीमा पॉलिसी का लिंक प्राप्त होगा।

### टैग गुम होने पर देनी होगी सूचना

यदि बीमित पशु का टैग किसी कारणवश गुम हो जाता है तो उस स्थिति में पशुपालक को बीमा विभाग को सूचना देनी होगी। सूचना प्राप्त होने के एक दिन के भीतर बीमा विभाग पशु का री-टैगिंग करवाकर पॉलिसी एवं सॉफ्टवेयर में नए टैग की प्रविष्टि करेगा। पशुपालक द्वारा पशु की बि'ी/उपहार दिए जाने की स्थिति में बीमा पॉलिसी समाप्त मानी जाएगी। बीमित पशु की मृत्यु होने पर पशुपालक द्वारा शीघ्र ही इसकी सूचना बीमा विभाग को देनी होगी। बीमा प्रतिनिधि द्वारा सर्वे तथा पशु चिकित्सक द्वारा मृत पशु का पोस्टमॉर्टम परीक्षण कर समस्त प्र'िया को निर्धारित सॉफ्टवेयर/एप में इन्द्राज किया जाएगा।

### बीमा दावा का 21 दिन में होगा भुगतान

बीमा विभाग द्वारा 21 कार्य दिवस के भीतर मृत बीमित पशु की दावा राशि का भुगतान सम्बन्धित पशुपालक को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत किसी भी प्राकृतिक या आकस्मिक दुर्घटना जैसे आग लगने, सड़क दुर्घटना, आकाशीय बिजली गिरने, प्राकृतिक आपदा, जहरीला घास खाने या सर्प/कीड़ा काटने, किसी बीमारी आदि में मृत्यु होने पर बीमा क्लेम मिलेगा। पशुपालक को बीमा पॉलिसी जारी होने पर उपरोक्त स्थिति को छोड़ कर 21 दिवस के ग्रेस पीरियड के बाद ही पशु की मृत्यु होने की स्थिति में क्लेम/दावा भुगतान का लाभ दिया जाएगा। दावा भुगतान की जानकारी के लिए एक मैसेज पशुपालक के मोबाइल नम्बर पर प्रेषित किया जाएगा।

# देवली में ब्राह्मणी माता व जुजारजी मेला एवं शनि महाराज की प्रतिष्ठा 31 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** देवली गांव में ब्राह्मणी माता व जुजारजी मेला महोत्सव एवं शनि महाराज मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 31 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। उपासक कानाराम के सान्निध्य में आयोजित समारोह में 31 जनवरी को भजन कार्यक्रम में नरेन्द्र कुमावत जोधपुर और पूजा जोक्सन सिरोही प्रस्तुतियां देंगे। इसी दिन गाजे-बाजे के साथ नवनिर्मित मंदिर में शनि महाराज की प्रतिष्ठा की जाएगी। इससे पूर्व सवेरे शोभायात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद दस बजे ध्वजा व महाआरती होगी। हवन यज्ञ के बाद शनि महाराज की प्रतिष्ठा की जाएगी। समारोह में कांग्रेस नेता संयम लोढ़ा व आदिवासी पार्टी रतलाम अध्यक्ष छगन मीणा पिण्डवाड़ा भाग लेंगे। समारोह की तैयारियों में भक्तजन जुटे हुए हैं।

# भाटी ने वरिष्ठ नागरिकों को किया कानून के प्रति जागरुक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं एडीजे विं मसिंह भाटी ने नेत्रहीन विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित जागरुकता शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को कानून की जानकारी दी। भाटी द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के आयाम की सरल भाषा में जानकारी देते हुए नालसा मॉड्यल फॉर सीनियर सिटिजन के तहत वरिष्ठ नागरिकों का परिवार में महत्व, वरिष्ठ नागरिकों के लिए जारी जनकल्याणकारी योजनाएं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायती दरों पर परिवहन सुविधा, नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100, नालसा पोर्टल, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण हेतु माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 आदि के बारे में जानकारी दी गई। मांगीलाल तंवर द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता व इसकी पात्रता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम एवं इसकी पात्रता, महिलाओं तथा बच्चों के विरूद्ध हो रहे अपराध, बालिकाओं के अधिकार, राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता, बाल-विवाह, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, पोक्सो अधिनियम, नालसा व रालसा द्वारा जारी विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्य'म में वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान पाली के अध्यक्ष लक्ष्मीपतराज मेहता, संस्थापक देवराज शर्मा, नेत्रहीन विकास समिति पाली के अध्यक्ष छगनलाल सालेचा आदि उपस्थित रहे।



### बॉर्डर पर बीएसएफ का हाई अलर्ट

# गणतंत्र दिवस को लेकर चलाया 'ऑपरेशन सर्द हवा'

**▶▶ बीएसएफ आधुनिक हथियारों के साथ लैस, 24 घंटे पहरा**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** भारत-पाकिस्तान सरहद पर सीमा सुरक्षा बल का ऑपरेशन सर्द हवा 22 जनवरी से शुरू हुआ। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लेकर सरहद पर बीएसएफ कल से हाई अलर्ट पर है। 22 से 29 जनवरी तक चलने वाले 'ऑपरेशन सर्द हवा' के तहत बीएसएफ के सभी जवान व अधिकारी इस दौरान सरहद पर मौजूद रहेंगे।

आधुनिक हथियारों के साथ सरहद पर निगरानी बरतेंगे। दरअसल, सरहद पर कड़ाके की सर्दी के मौसम में किसी भी तरह की घुसपैठ व अवांछनीय गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से बीएसएफ की ओर से गणतंत्र दिवस से ठीक पहले ऑपरेशन सर्द हवा के नाम से अभियान चलाया जाता है। इस अभियान में बीएसएफ की तरफ से निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए सुरक्षा पहरा और कड़ा करने के लिए नफरी बढ़ाई जाती है।



#### जवान-अधिकारी सरहद पर तैनात

▪ बीएसएफ डीआईजी नॉर्थ सेक्टर योगेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया- हालांकि सरहद पर साल भर चौकस हैं, मगर इन दिनों ज्यादा सतर्कता बरती जा रही है। इसके साथ ही आधुनिक हथियारों के साथ 24 घंटे सरहद पर पहरा रहेगा। ताकि किसी भी तरह की अवांछनीय घटना पर तत्काल एक्शन हो सके। इस ऑपरेशन सर्द हवा के तहत सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी भी सीमा चौकियों में दिन-रात रहकर चौकसी पर नजर रखेंगे। बल के अधिकारी सीमा चौकियों पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ सीमा चौकियों में रात्रि विश्राम भी करते हैं। गौरतलब है की ऑपरेशन सर्द हवा के दौरान सीमा क्षेत्र में अतिरिक्त नफरी तैनात की गई है। बटालियन और सेक्टर मुख्यालयों पर नियुक्त सीमा सुरक्षा बल के जवानों को तारबंदी की निगरानी के लिए भेजा गया है।

#### सरहद पर बढ़ाई गश्त और पेट्रोलिंग

▪ ऑपरेशन सर्द हवा के दौरान बीएसएफ की तरफ से अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पैदल जवानों, वाहनों के साथ रेगिस्तान के जहाज कहलाने वाले ऊंटों पर सवार होकर गश्त बढ़ाई गई है। किसी भी तरह की अवांछनीय हरकत को रोकने और सीमा पार से घुसपैठ जैसे किसी भी नापाक मंसूबे को विफल करने के लिए सुरक्षा प्रबंधों को चाक-चौबंद किया गया है। अभियान के दौरान सुरक्षा प्रहरियों को विशेष सतर्कता बरतने व हर सूचना से उच्चाधिकारियों को अवगत करवाने के दिशा निर्देश दिए जाते हैं। सीमा सुरक्षा बल के सेक्टर और बटालियन मुख्यालय से रिजर्व जाब्ते और कार्यरत अधिकारियों, साजो-सामान को सीमा पर भेजा गया है ताकि सरहद पर 24 घंटे चौकस निगाहें रहे। ऑपरेशन सर्द हवा के दौरान सीमा पर आधुनिक हथियारों और तकनीकी उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता है।

---

## सलूंबर में दिखा लेपर्ड

**▶▶ मुंडेर से नीचे झांक रहा था**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** बाजार में व्यापारियों ने लेपर्ड को देखा तो उनके होश उड़ गए। शोर मचाने पर लेपर्ड तेजी से भागा और घर की छत पर चढ़ गया। यहां एक से दूसरी छत पर इधर-उधर घूमता रहा। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई है और लेपर्ड के रेस्क्यू के प्रयास किए जा रहे हैं। मामला सलूंबर के नागदा बाजार का सुबह आठ बजे का है। लेपर्ड बाजार में ही एक घर की छत पर मौजूद है। उसे पकड़ने के लिए वन विभाग ने उदयपुर से टीमें आई है। कस्बे के नागदा बाजार में सलूंबर के क्षेत्रीय वन अधिकारी दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि सूचना मिलने पर हमने यहां से स्थानीय वनकर्मियों को मौके पर भेजा और उदयपुर से भी टीम को बुलाया गया। लेपर्ड को रेस्क्यू किया जाएगा।

---

# जेएसएम शूटिंग रेंज प्रतियोगिता में हर्षवर्धन कविया ने जीता सिल्वर

▪ 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में देश भर से आए 200 शूटर्स में लहराया परचम



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** पश्चिमी राजस्थान की पहली 'जेएसएम शूटिंग रेंज' के हर्षवर्धन कविया ने राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल हासिल कर जैसलमेर का नाम रोशन किया है। जेएसएम शूटिंग रेंज के हैड कोच केसरी सिंह नाचना ने बताया- 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन, डाक्टर करणी सिंह रेंज, दिल्ली में हुआ। इस प्रतियोगिता में देश भर के पांच हजार से भी ज्यादा शूटर्स शामिल हुए। वहीं डबल ट्रेप जूनियर मेन केटेगरी में 200 शूटर्स शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में 200 शूटर्स को पराजित करते हुए जेएसएम शूटिंग रेंज के हर्षवर्धन कविया ने सिल्वर मैडल जीता। कविया को सभी लोग बधाई व शुभकामना दे रहे हैं।

#### पंजाब के केशव ने जीता गोल्ड

जेएसएम शूटिंग रेंज के हैड कोच केसरी सिंह नाचना ने बताया- राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में जेएसएम शूटिंग रेंज जैसलमेर के शूटर हर्षवर्धन ने हिस्सा लिया। 12 बोर की डबल ट्रेप जूनियर मेन केटेगरी में 200 से भी ज्यादा शूटर्स शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में मैडल के लिए 110 निशाने लगाने पड़ते हैं। इसमें जेएसएम शूटिंग रेंज के हर्षवर्धन कविया ने 97 सटीक निशाने लगाए और सिल्वर मैडल जीता। इस प्रतियोगिता में पंजाब के केशव चौहान ने 105 सटीक निशाने लगाते हुए गोल्ड अपने नाम किया।

#### दूसरे स्थान पर हर्षवर्धन का नाम अंकित

जेएसएम शूटिंग रेंज के हर्षवर्धन कविया ने पहली बार कोई नेशनल मैडल जीत कर जैसलमेर का नाम रोशन किया है। केसरी सिंह नाचना ने बताया कि जैसलमेर के शूटर्स राष्ट्रीय स्तर कि प्रतियोगिता में जैसलमेर का नाम रोशन कर रहे हैं। ये जैसलमेर के लिए बहुत बड़ी बात है। उन्होंने आशा जताई है कि आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी ओलिम्पिक मैडल जीतकर लाए। हर्षवर्धन ने अपना बेहतरीन खेल दिखाते हुए दूसरे स्थान पर अपना नाम अंकित करवाया है जो पश्चिमी राजस्थान के लिए गर्व करने वाली बात है।

---

## राजसमंद में एक डिग्री तापमान गिरा

**तीसरे दिन भी मौसम साफ**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजसमंद में लगातार तीसरे दिन भी मौसम साफ है। बादल छटने से आसमान साफ रहा व सुबह के समय धूप निकली। वहीं कोहरा भी पूरी तरह साफ होने से सुबह के समय वाहन चालकों ने बड़ी राहत महसूस की। इस दौरान गोमती-उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या आठ व राजसमंद-भीलवाड़ा फोरलेन सहित सड़कों पर वाहनों की आवाजाही रही। वहीं बाजारों में अब लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी। हालांकि तापमान के उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। बुधवार को फिर से एक डिग्री तापमान कम होने से न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज किया गया जबकि अधिकतम तापमान 26 डिग्री से अधिक रहने की संभावना है। सर्दी कम पड़ने से अब सामान्य रूप से राजसमंद झील की नौ चौकी पाल व इरिगेशन पाल पर मार्निंग वॉक पर स्थानीय लोगों व पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। वहीं खुले व मैदानी क्षेत्र में भी सर्दी का असर कम हुआ है।

---

### अपराध के पैसों से खरीदी संपत्ति होगी कुर्क

# जैसलमेर पुलिस ने चोरी के पैसों से खरीदी दो गाड़ियां की जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में दो चोरों पर नए कानून के तहत कार्रवाई करते हुए चोरी के पैसों से खरीदी दो गाड़ियां पुलिस ने जब्त की। जैसलमेर जिले में इस तरह की ये पहली कार्रवाई की है। जैसलमेर एसपी सुधीर चौधरी ने बताया- भणियाना व सांकड़ा थाना के दो अलग-अलग चोरी के मामलों में चोरों ने चोरी के पैसों से गाड़ियां खरीदी थी। नए कानूनों में चोरी की घटनाओं व आपराधिक मामलों से अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वालों की संपत्ति को कोर्ट के मार्फत कुर्क करवाने का प्रावधान है। इसी के तहत ये दो कार्रवाई की गई है, जिसमें एक बोलेरो कैंपर व एक कार को जब्त कर कुर्क किया गया है। एसपी ने बताया कि आगे भी जिला पुलिस द्वारा समस्त थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे तत्वों की पहचान कर एसपी ऑफिस के मार्फत उनकी सम्पति को भी जल्द से जल्द अटैच करने की कार्रवाई की जाएगी।





#### आरोपी पर धारा 107

जैसलमेर एसपी ने बताया- सभी थानाधिकारियों को चोरी की घटनाओं व आपराधिक क्रियाकलापों से अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वालों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी के तहत भणियाणा थानाधिकारी देवाराम द्वारा आरोपी वीरमाराम मेघवाल निवासी गुजरों का बेरा, कानासर शिव, पर चोरी की घटना कर सोने, चांदी व नकद राशि से खरीदी गई कार आई-20 को कुर्क करवाने के लिए संबंधित न्यायालय में कार्रवाई की गई। इसके साथ ही सांकड़ा थानाधिकारी राणसिंह ने आरोपी अनोपसिंह निवासी मोकला पर चोरी व विद्युत अधिनियम की घटनाओं से खरीदी गई बोलेरो कैंपर को कुर्क करवाने के लिए संबंधित न्यायालय में धारा 107 बीएनएसएस 2023 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में इस्तगासा पेश किया।

#### आपराधिक तत्वों के पहचानें

गौरतलब है की एसपी ने बताया की नए कानूनों में चोरी की घटनाओं वारदातों और आपराधिक क्रियाकलापों से अवैध रूप से संपति अर्जित करने वालों की संपति को न्यायालय में धारा 107 बीएनएसएस 2023 के तहत के माध्यम से कुर्क करवाने का प्रावधान है। जिसके तहत आगे भी पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सूचना संकलित कर ऐसे तत्वों की पहचान कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के माध्यम से संपति को भी जल्द से जल्द अटैच करने की कार्रवाई की जाएगी।

---

### राजसमंद मानक लेखन प्रतियोगिता

# प्रतियोगिता में योगिता व पूजा बनी टॉपर

**▶▶ स्कूली बच्चों को भारतीय मानक ब्यूरो की दी गई जानकारी**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजसमंद के मुंडोल गांव में स्कूली बच्चों को भारतीय मानक ब्यूरो व हॉलमार्क सहित उत्पादों की शुद्धता व गुणवत्ता मापने की जानकारी दी गई। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल मुंडोल में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) शाखा कार्यालय जयपुर के तहत गठित मानक क्लब की तृतीय गतिविधि- मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मानक क्लब के 36 सदस्यों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में योगिता जाट व पूजा कुंवर ने प्रथम स्थान, कृष्णा कुंवर व मनीषा कुंवर ने द्वितीय स्थान, प्रिया कुंवर व खुशबु व्यास ने तृतीय स्थान, वहीं ओम भोई व हिमांशु ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।



#### पीपीटी से समझाया मानक लेखन

मानक क्लब के मेंटॉर टीचर सतीश कुमार हेड़ा ने क्लब के उद्देश्यों ओर भारतीय मानक ब्यूरो के आईएसआई मार्क, हॉलमार्क एवम उत्पादों की शुद्धता के मानकीकरण और गुणवत्ता की पहचान के बारे में जागरूकता पर जोर दिया एवं मानक लेखन को पीपीटी से समझाया। व्याख्याता पंकज मेवाड़ा ने बीआईएस केयर ऐप के बारे में जानकारी दी व अपील की कि वो अपने परिवार और समाज में इस जानकारी का प्रचार प्रसार करें।

## स्कूली बच्चों को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी



**राजसमंद।** राजसमंद में साइबर शील्ड अभियान के तहत लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल में बच्चों को साइबर सुरक्षा की जानकारी व साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए। राजसमंद में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए महानिदेशक पुलिस जयपुर की ओर से विशेष अभियान 'साइबर शील्ड' चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के सुपर विजन में साइबर थानाधिकारी सरोज बैरवा एवं प्रोगामर खैरूल वसीम, कॉन्स्टेबल डालूराम एवं रतन लाल की टीम ने स्कूलों में बच्चों को साइबर अपराध से बचने के तरीके बताए।

---

### आरएएस परीक्षा को लेकर हुई बैठक

## 27 केंद्रों पर 6,801 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**▶▶ कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बालोतरा।** बालोतरा में दो फरवरी को होने वाली राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) परीक्षा 2025 की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में बुधवार को एक बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए कड़े निर्देश जारी किए। परीक्षा दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक जिले के 27 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसमें 6,801 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। इसके बाद किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। कलेक्टर यादव ने स्पष्ट किया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। केंद्राधीक्षक, वीक्षक और नियुक्त कर्मचारियों को चेतावनी दी गई है कि नियमों का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। नकल रोकने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे और सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक हरिशंकर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अशोक कुमार, नगर परिषद आयुक्त जितेंद्र चौकीदार, जिला परिवहन अधिकारी भगवानाराम गहलोत, कोषाधिकारी करनाराम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सहायक कोषाधिकारी अनिल कुमार ने परीक्षा की विस्तृत तैयारियों से सभी को अवगत कराया।

---

# व्यापार जगत

## सोना पहली बार 80 हजार के पार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोना 22 जनवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 689 रुपए बढ़कर 80,142 रुपए हो गया है। इससे पहले मंगलवार को इसके दाम 79,453 रुपए प्रति दस ग्राम थे। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज तेजी है। ये 634 रुपए बढ़कर 91,167 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 90,533 रुपए पर थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

| ₹76,162 | ₹80,142 |
|---|---|
| 31 दिसंबर 2024 | 22 जनवरी 2025 |

#### चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,240 रुपए है। **मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,090 रुपए है। **कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,250 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 82,090 रुपए है। **चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,090 रुपए है। **भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,140 रुपए है।



---

### किसानों को मोदी सरकार का तोहफा

# कच्चे जूट की एमएसपी में 2.35 गुना बढ़ोतरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार 22 जनवरी को मार्केटिंग सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट के लिए 5,650 रुपए प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी, जो पिछले एमएसपी से छह प्रतिशत या 315 रुपए अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक के बाद वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि नई एमएसपी अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर 66.8 प्रतिशत का रिटर्न सुनिश्चित करता है और इससे किसानों को लाभ होगा। सरकार ने कच्चे जूट के एमएसपी को 2014-15 में 2,400 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2025-26 मार्केटिंग सत्र के लिए 5,650 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है, जो 2.35 गुना वृद्धि है। 2025-26 सत्र के लिए कच्चे जूट (टीडी-3 ग्रेड) का एमएसपी 5,650 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। इससे उत्पादन की अखिल भारतीय भारित औसत लागत पर 66.8 प्रतिशत का रिटर्न सुनिश्चित होगा। मार्केटिंग सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट का स्वीकृत एमएसपी, बजट 2018-19 में सरकार द्वारा घोषित अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने के सिद्धांत के अनुरूप है। मार्केटिंग सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट का एमएसपी पिछले मार्केटिंग सत्र 2024-25 की तुलना में 315 रुपए प्रति क्विंटल अधिक है। भारत सरकार ने कच्चे जूट का एमएसपी 2014-15 में 2400 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2025-26 में 5650 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है, जो 3250 रुपए प्रति क्विंटल (2.35 गुना) की वृद्धि दर्ज करता है। वर्ष 2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान जूट उत्पादक किसानों को दी गई एमएसपी राशि 1300 करोड़ रुपए थी, जबकि वर्ष 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान दी गई राशि 441 करोड़ रुपए थी।



40 लाख किसान परिवारों की आजीविका डायरेक्ट या इनडायरेक्ट रूप से जूट उद्योग पर निर्भर करती है। करीब चार लाख श्रमिकों को जूट मिलों और जूट के व्यापार में डायरेक्ट रोजगार मिलता है। पिछले वर्ष एक लाख 70 हजार किसानों से जूट की खरीद की गई थी। 82% जूट किसान पश्चिम बंगाल के हैं, जबकि शेष असम और बिहार में जूट उत्पादन में 9-9% की हिस्सेदारी है। भारतीय जूट निगम मूल्य समर्थन संचालन करने के लिए केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में जारी रहेगा और ऐसे संचालन में होने वाले नुकसान, यदि कोई हो, की पूरी भरपाई केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी।

---

## आपका राशिफल 23 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-4-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-2-3-७

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-3-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभांक-3-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-3-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेलजोल से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्यों में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-3-5

---

# मेटा की पूर्व सीओओ पर ईमेल डिलीट करने पर रोक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**वॉशिंगटन।** सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनी मेटा की पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) शेरिल सैंडबर्ग को कैंब्रिज एनालिटिका गोपनीयता मामले से जुड़े ईमेल डिलीट करने के लिए अदालत द्वारा दंडित किया गया है। गौरतलब है कि शेरिल सैंडबर्ग को उन ईमेल्स को सुरक्षित रखने के लिए कहा गया था। डेलावेयर की अदालत के जज वाइस चांसलर ट्रैविस लास्टर ने कहा कि सबूतों से पता चलता है कि सैंडबर्ग ने फर्जी नाम से एक व्यक्तिगत ईमेल खाता बनाया और उनमें से कुछ ईमेल्स को पहले ही हटा दिया, जो संभवतः मामले के हितधारकों से जुड़े थे।




#### प्रतिबंध के चलते शेरिल सैंडबर्ग की बढ़ी परेशानी

प्रतिबंध के चलते अब शेरिल सैंडबर्ग के सामने अपना पक्ष रखना और अप्रैल में होने वाले आठ दिवसीय, गैर-जूरी परीक्षण में देयता से बचना मुश्किल हो जाएगा। जज ने शेरिल को शेयरधारकों द्वारा किए गए प्रतिबंध प्रस्ताव से संबंधित खर्चों का भुगतान करने का भी आदेश दिया। हालांकि सैंडबर्ग ने अपने जीमेल खाते से कुछ ईमेल्स पहले ही हटा दिए हैं, इसलिए आशंका है कि मामले से जुड़ी अहम और संवेदनशील जानकारी पहले ही खत्म हो चुकी है। अदालत द्वारा शेरिल पर प्रतिबंध लगाने पर अभी तक मेटा या सैंडबर्ग की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

#### क्या है मामला

यह मामला साल 2018 का है, जब फेसबुक पर लाखों उपयोगकर्ताओं के डेटा को कैंब्रिज एनालिटिका द्वारा एक्सेस करने की अनुमति देने का आरोप लगा था। कैंब्रिज एनालिटिका एक राजनीतिक परामर्श फर्म है, जिसने साल 2016 में अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रम्प के प्रचार अभियान का काम किया था। कंपनी के निदेशकों और अधिकारियों पर उपयोगकर्ताओं के इस्तेमाल और संघीय व्यापार आयोग के साथ साल 2012 के सहमति आदेश का उल्लंघन करके निवेशकों को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे थे। कोर्ट के रिकॉर्ड के अनुसार, मुकदमे की शुरुआत से पहले जुकरबर्ग के दूसरी बार पेश होने की उम्मीद है।

---

# सेंसेक्स 566 अंक चढ़कर 76,404 पर बंद

**▶▶ निफ्टी में भी 130 अंक की बढ़त**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** शेयर बाजार में 22 जनवरी को बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 566 अंक की तेजी के साथ 76,404 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 130 अंक की तेजी रही, ये 23,155 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और नौ में गिरावट देखने को मिली। आईटी, एफएमसीजीऔर बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही। वहीं मेटल और एनर्जी स्टॉक्स पर दबाव देखने को मिला।



गौरतलब है की एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.58% और कोरिया के कोस्पी में 1.15% की तेजी रही। वहीं चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.89% की गिरावट देखने को मिली। एनएसई के डेटा के अनुसार, 21 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 5,920 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 3,50 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 21 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 1.24% की तेजी के साथ 44,025 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.88% चढ़कर 6,049 पर बंद हुआ।

# थाली में झूठन नहीं छोड़नें तथा उपहारस्वरूप वैदिक साहित्य अपनाने का संकल्प लिया

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सादुलपुर।** नौरंगपुरा के अमर शहीद शीशराम निमड़ के निवास स्थान पर आयोजित जन्मोत्सव प्रीतिभोज कार्यक्रम में युवा भारत मातृभूमि अभ्युदय इकाई भगतसिंह नवयुवक मण्डल संस्थान की ओर से ग्राम विकास अभियान अंतर्गत अन्न ब्रह्म एवं वैदिक आर्ष ज्ञान साहित्य जागरूकता अभियान के निमित्त जिला ग्राम विकास संयोजक व स्वदेशी प्रवक्ता योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने बालक जिव्यांश एवं बालिका विनाया को वैदिक वंदना प्रस्तुत कर जीवेम शरद शतम आरोग्यम धनम सम्पदा की शुभाशीष मंगलकामनाएं वीरांगना विमला देवी निमड़,वीरपुत्र विक्रम-अमित निमड़,श्रीमती पंकज देवी व शिक्षिका प्रियंका देवी को वैदिक संसार विशेषांक आकर्षक विज्ञान साहित्य व महापुरुष चित्रावली भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की। उपस्थितजनों को भगवान ऐसी शक्ति जगा भारत में महातेज निर्माण करें थाली में झूठन नही छोडक़र अन्नदाता किसान,देवी माँ अन्नपूर्णा,देश की सीमाओं के रक्षक जवान का सम्मान करें और हम अपने घर प्रतिष्ठान को पवित्र मंदिर बनाएं उपहारस्वरूप महापुरुष जीवनी व वैदिक साहित्य अपनाएं की थीम पर । जन जन में अन्न के प्रति ब्रह्म भाव तथा भारत भारतीय संस्कार युक्त संस्कृति के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प करवाया । कार्यक्रम में कैप्टन ताराचंद निमड़,विजेंद्र,प्रोफेसर सुमेर सिंह, सुनील कंस्ट्रक्टर,प्राध्यापक रविन्द्र कुमार,वीरांगना सुमित्रा गोदारा,वीरांगना सुमित्रा पूनियाँ, वीरांगना राजकुमारी नेण,पूर्व सरपंच राजवीर शर्मा,शास्त्री केदार शर्मा,चौधरी भगवान सिंह झाझडिया,जीवनराम,राव वीरेंद्र मिस्त्री, बलवीर फौजी, दीपक, सुनील शेरावत, मोहर सिंह कुल्हरी, रामकिशन फौजी, पिटिआई सवाई सिंह यादव, सूबेदार हीरान्द,दयाराम धनखड़, वेदप्रकाश मोटसरा, एसआई वीरेन्द्र, मनोज नेवी,एडवोकेट अमरदीप,सूबेदार मेजर राजपाल, अभिप्रिया देवी, बिरमा देवी, किताबों, अनितासिंह, भविष्या, ऋतू, पुष्पापाठक, कविता देवी, निरु, बनीता,विजेंद्र स्वामी, पिंटू भाम्मू, मनोज नेवी, महेंद्र नोरंगपुरा, मोहित कटेवा, आरजू, मेहुल, परीक्षित, अंकित पचार, सचिन पूनियाँ, प्रधानाचार्या मंजू देवी,नंदू सुरा, रामनिवास बुडानिया, शिक्ष्यविद अमरसिंह,राहुल् जांगिड़, अंकित काजला, कपिल डाटीक, कर्मपाल बोला, अंकित पचार आदि ने मांगलिक कार्यक्रमों में थाली में झूठन नही छोड़ने की शपथ ली। जनप्रतिनिधियों यथा चूरू सांसद राहुल कस्वां,चिड़ावा प्रधान रोहतास धांगड़,कमल्कांत पार्षद, रामप्रताप,अध्यापक राकेश चौधरी जांदु,भाजपा नेता जोगेंद्र झाझडिया, पूर्व उप जिलाप्रमुख सुरेंद्र स्वामी,सोमवीर बैरासर, डॉ.कौशल पूनियाँ, कृष्ण जांगिड़,बीडीसी धर्मवीर पूनियाँ,डॉ सतपाल चाहर डीडीसी,राजपाल मास्टर, विशाल मैचू, भगतसिंह सुलखनिया, शिक्षाविद् कुलदीप पूनियाँ, बिरसिंह लीलावठी,युवा समाजसेवी सरपंचप्रतिनिधि अनिल श्योराण आदि ने जागरूकता अभियान की सराहना करते हुये भूमि सुपोषण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त जीमणवार पर ध्यानाकर्षण करवाया।

## फार्मर रजिस्ट्री के शिविर 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक होगें आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** फार्मर रजिस्ट्री कृषि एवं संबंधित विभाग के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्टर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे देश में किसानों के लिए एक व्यापक और एकीकृत रजिस्ट्री बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह रजिस्ट्री किसानां के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ एवं उनका लाभ सभी लाभार्थियो तक कुशलता एवं शीघ्रता से पहुंच सके, को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिला नोडल अधिकारी एवं उपखण्डाधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने बताया कि जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री के शिविर 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक आयोजित किये जायेंगे। शिविर में इस योजना के अन्तर्गत किसान की जमाबंदी को उसके आधार कार्ड से जोडकर एक यूनिक आईड़ी बनाई जाएगी, जिससे भविष्य में किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। फार्मर रजिस्ट्री आईड़ी हेतु जिले के समस्त किसान अपने आधार कार्ड को वर्तमान में उपलब्ध मोबाईल नम्बर से जुडवायें जिससे 5 फरवरी से ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविर के दौरान फार्मर आईडी सुगमता से बन सके, जिससे भविष्य में केन्द्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाली योजनाओ का लाभ निरन्तर प्राप्त हो सकें।

## पूर्व सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष का हार्ट अटैक से हुआ निधन

**फुलेरा।** ब्लॉक कांग्रेस सेवादल फुलेरा के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण गोपाल साहू हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया । मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार साय 5.30 बजे उन्हें हार्ट अटैक आया और कुछ ही देर में उनकी सांसें थम गई। इस घटना से पूरे कस्बे व जनप्रतिनिधियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बताते चलें कि और ब्लॉक अध्यक्ष रहे कृष्ण गोपाल साहू ने लोगों के बीच अपनी साफ सुथरी छवि को छोड़ दुनिया से विदाई ले ली।

# हेलमेट को माने सर का ताज

## वाहनों पर लगाए गये स्टीकर और यातायात नियमों की पंपलेट का किया वितरण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिला कलक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव द्वारा गुलाब बाग चौराहे पर वाहन चालकों के वाहनों पर विभाग की ओर से स्टीकर लगाए गये, जिसमें परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा द्वारा 10 दर्जन से अधिक वाहनों पर यातायात नियमों से संबंधित स्टीकर लगाए गये और उन्हें यातायात नियमों की पंपलेट का वितरण किया गया। उन्होंने दोपहिया वाहन चालक जो सर पर हेलमेट लगाए हुए थे उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि हेलमेट को सदैव सर का ताज समझना चाहिए इससे हमारे शरीर की सुरक्षा होती है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर देखा जा रहा है कि युवा वर्ग मोटर साइकिल को तेज स्पीड में चलना अपना स्टेटस मानते हैं और वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना तो अब आम होता जा रहा है जिस कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है और सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर में सर्वाधिक युवा वर्ग देखा जा रहा है ऐसे में हम होश से काम ले और सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्रहित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का ध्येय वाक्य परवाह है। इस दौरान टेंपो चालकों को हिदायत दी कि वह क्षमता से अधिक सवारियां ना बैठा ले अन्यथा उनके टेंपो का परमिट निरस्त कर दिया जाएगा। इस अवसर पर यातायात पुलिस की ओर से पुलिसकर्मियों ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया।

# एडीजे ने किया उपकारागृह का औचक निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** कस्बे के नरेना रोड़ स्थित उप कारागृह का बुधवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश पवन जीनवाल ने औचक निरीक्षण कर कारागृह में साफ सफाई, विधि व्यवस्था जायजा लिया। इस दौरान एडीजे पवन कुमार ने कारागृह में निरुद्ध बंदियों से जाति,धर्म व सामाजिक स्तर से जुड़े भेदभाव के संबंध में बातचीत की।



साथ ही बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं के संदर्भ में जानकारी दी गई। बंदियों ने किसी भी प्रकार का विरोधाभास नहीं दिखाया बंदियों ने कहा कि यहाँ किसी भी प्रकार का सामाजिक, जातिगत धर्म के स्तर पर भेदभाव नहीं किया जाता है,और ना ही इस मापदंड के अनुसार बैरक निर्धारित किये गये हैं, सभी के लिए समान सुविधाएं लागू हैं। इस दौरान बंदीयों को फ्री लीगल एड बंदी की तरफ से पैरवी हेतु सरकारी वकील से संबंधित जानकारी देते हुए राष्ट्रीय विकास सेवा प्राधिकरण व राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विधिक जानकारी दी गयी। निरीक्षण के दौरान एडीजे पवन कुमार ने उप कारागृह की व्यवस्थाओं व साफ सफाई की बुरी बुरी प्रशंसा की । इस मौके पर उप कारापाल भरत लाल मीणा,प्रसून दीक्षित, लीगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया सहित कारागृह स्टाफ मौजूद रहा।

# नागरिक परिषद रतनगढ़ दिल्ली ने गणेशमल बैद स्कूल में किया कम्प्यूटर, प्रिंटर भेंट



**चूरू।** नागरिक परिषद रतनगढ़ ट्रस्ट दिल्ली एन सी आर द्वारा शैक्षिक उन्नयन हेतु राजकीय विद्यालयों में किए जा रहे सहयोग के अंतर्गत मंगलवार को एम जी जी एस गणेशमल बैद स्कूल में कंप्यूटर और प्रिंटर का सैट भेंट किया। संस्थाप्रधान अनिल कुमार ने बताया परिषद् के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय भवन निर्माता भामाशाह डालमचंद बैद के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मोतीलाल तातेड, मनोज जोशी, कमल बैद, पवन सराफ, राजकुमार बैद, विष्णु चौधरी आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ थे। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और गणेशमल बैद की मूर्ति पर माल्यार्पण से शुरू हुए कार्यक्रम में ट्रस्ट के स्थानीय समन्वयक कुलदीप व्यास ने ट्रस्ट के जनसेवी कार्यों की जानकारी दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में इंदौरिया ने विद्यालय के साथ अभिभावकों के जुड़ाव और संस्कारयुक्त शिक्षा पर बल दिया। विद्यालय परिवार की ओर से हिम्मतसिंह चारण ने शाब्दिक स्वागत किया और अनिल कुमार, नवीन कुमार, प्रीतम कौर, सुशीला आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जगदीश शर्मा, बजरंग बोथरा, सुरेन्द्र श्यामसुखा, साबिर मंडेलिया, मोहम्मद खोखर, फारुख, शकील मंडेलिया, मदीना, हारून किलानिया आदि उपस्थित थे।

**तमिलनाडु के त्रिची में होगा डायमंड जुबली जम्बूरी का आयोजन:** भारत स्काउट गाइड के 75 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय स्काउट गाइड डायमंड जुबली जम्बूरी का आयोजन 28 जनवरी. से 03 जनवरी तक त्रिची तमिलनाडु में होगा। इस जंबूरी में सम्पूर्ण भारत सहित विश्व के 15 देशों के लगभग 20 हजार स्काउट गाइड सम्मिलित होंगें। राजस्थान प्रदेश के 1100 स्काउट गाइड के दल में स्काउट सीओ महिपाल सिंह तंवर के नेतृत्व में जिले के राउमावि, गुडावडी के 08 स्काउट राजेन्द्र सिंह ढाका व राउमावि भालेरी की 08 गाइड प्रेमलता शर्मा के साथ सम्मिलित होने के लिए जयपुर पहुंचे।

# स्किल एग्जीबिशन कम कॉम्पिटिशन का हुआ आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** समग्र शिक्षा अभियान धौलपुर द्वारा व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत स्किल एक्जीबिशन कम कंपटीशन 2024-25 का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी धौलपुर महेश कुमार मंगल के मुख्य आतिथ्य में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में आयोजित किया गया। स्किल एग्जीबिशन कम कंपटीशन में छात्र छात्राओं ने मॉडल के जरिए अपने कौशल, ज्ञान और विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया।

कंपटीशन के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी विशेषता दिखाते हुए मॉडल के जरिए तकनीकी जानकारी प्रदर्शित की। छात्र-छात्राओं द्वारा मॉडल का मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। मॉडल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने छात्र छात्राओं से प्रश्न कर उनकी क्रिएटिविटी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विजेता छात्र-छात्राओं के मॉडलों को सराहते हुए बधाई और शुभकामनाएं देकर शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कंपटीशन के दौरान एपीसी विशाल गुप्ता ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित किए गए स्कूलों के कंपटीशन में प्रत्येक स्कूल के चयनित विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय चयन समिति ने प्रत्येक सेक्टर से तीन विद्यार्थियों प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान का चयन किया। इसके बाद विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन समिति के सदस्यों, निर्णायक मंडल एवं अन्य सभी योगदान देने वाले सदस्यों को भी डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के तहत ट्रेड ट्रैवल एंड ट्यूरिज्म में प्रथम स्थान पर महात्मा गांधी खेरली के सुमित शर्मा, करन, अजीत सिंह, पंकज कुमार एवं द्वितीय स्थान पर दयेरी के राहुल कुशवाह रहे। एपेरल मेड अप होम फर्निशिंग में निधेरा खुर्द की आमना प्रथम, मनियां के नितिन द्वितीय एवं सिंघावली बरेह की शिवानी तृतीय स्थान पर रही। ब्यूटी एंड वेलनेस में बिरौंधा की परी शर्मा प्रथम, टोंटरी की मधु परमार, रौनक, शिवानी द्वितीय एवं बाड़ी की रश्मि राठौड़ तृतीय स्थान पर रहीं। प्लम्बर में मछरिया के सचिन सैंगर प्रथम, जसूपुरा के अभिषेक एवं कल्याण सिंह द्वितीय एवं करीमपुर के अभिषेक और सुन्दर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। बीएफएसआई में धनौरा की मोनिका प्रथम एवं नौराहा के विवेक कुमार परमार द्वितीय रहे। सिक्योरिटी में बाड़ी के कृष्णा मंगल प्रथम, पिपरोंन के हिमांशु द्वितीय तथा मरैना के सुनील कुमार तृतीय रहे। रिटेल में बाड़ी के अयान खान प्रथम, खानपुर के मयंक मीणा द्वितीय एवं शाहपुरा की स्वेता और भावना तृतीय रहे। आईटी एवं आइटीएस में पिपरोंन की आकांक्षा प्रथम, आंगई के आदित्य द्वितीय एवं मरैना के लक्ष्मी कुमार तृतीय स्थान पर रहे। इलेक्ट्रोनिक्स एंड हार्डवेयर में विपरपुर के लोकेंद्र प्रथम, बसेड़ी के ध्रुव सिंह द्वितीय एवं बसेड़ी के साधना नागर तृतीय स्थान पर रही। टेलीकॉम में राजपुरा के बादल सिंह और हरिकेश प्रथम, टांडा की सानिया द्वितीय एवं पुरानी छावनी के योगेश प्रजापति तृतीय स्थान पर रहे। एग्रीकल्चर ट्रेड में महाराणा धौलपुर के आदित्य शर्मा प्रथम तथा हेल्थकेयर में मालौनी खुर्द के अमित कुमार प्रथम एवं टोंटरी के आर्यन परमार द्वितीय रहे। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा, उप प्राचार्य बिंदुरानी सहित विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं के साथ गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महिला सशक्तीकरण के हर प्रयास में हमारी सक्रिय भागीदारी होः सहारण

**चूरू।** विधायक हरलाल सहारण व एडीएम अर्पिता सोनी ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर इंद्रमणी पार्क से महिला अधिकारिता विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओं' योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में एवं राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत आयोजित महिलाओं की वाहन रैली



को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सहारण ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए किए जाने वाले हर प्रयास में हमारी सक्रिय भागीदारी हो। महिला सशक्तीकरण बालिका शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। हम अपने समाज के उत्थान के लिए संकल्पित रहें और बालिका शिक्षा की दिशा में अपना योग दें। बालिकाओं की शिक्षा व संरक्षण के साथ उन्नत जीवन स्तर के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में हम अपनी भूमिका निभाएं। एडीएम अर्पिता सोनी ने कहा कि सभी के संकल्पित प्रयासों से ही एक सक्षम समाज का निर्माण संभव है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हम सभी मिलकर प्रयास करें। शिक्षा से वंचित बालिकाओं को जोड़ें और किन्हीं कारणों से शिक्षा से देर हो जाने वाली बालिकाओं को हम सक्रिय प्रयास करते हुए पुनः शिक्षा की ओर बढ़ाएं। शिक्षा सक्षम समाज की नींव है। वाहन रैली इन्द्रमणी पार्क से रवाना होकर लोहिया महाविद्यालय, बस स्टैण्ड, डॉ अंबेडकर सर्किल होते हुए महिला पुलिस थाने पहुंची। संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओं' योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में एवं राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सुपरवाईजर कृष्णा, सुनिल ढाका, जेंडर विशेषज्ञ ज्ञानप्रकाश गोदारा, पुलिस विभाग की कालिका टीम, सखी केन्द्र टीम सहित महिलाएं व बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# प्राथमिक विद्यालय में शिक्षण सुचारु रूप से करने के लिए कार्ययोजना तैयार : भेरूलाल डोडियार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बांसवाड़ा।** ग्राम पंचायत अमरथुन स्थित राप्रावि भौम पाड़ा में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने,विद्यालय में बच्चों सहित महिला कार्मिको के लिए मूत्रालय शौचालय स्छरूकक्ष पुराने बर्तन मरम्मत और नवीन खरीद करने, जर्जर भवन मरम्मत कार्य,चार दिवारी निर्माण सहित दो कक्षा कक्ष की आवश्यकता के प्रस्ताव पारित कर उच्चाधिकारियों को अग्रेषित किए जाने हेतु विद्यालय प्रबंध समिति में पारित किए गए।

**समस्याएं अनेक सुझाव ओर ज्ञापन एक:** इस अवसर पर वर्षो से विद्यालय भवन मरम्मत कार्य, रंग रोगन,मूत्रालय- शौचालय जर्जर स्छरू कक्ष खंडहर होने ,बर्तन पुराने ओर जर्जर होने पर कड़ा आक्रोश अभिभावकों ने जताया ओर दिन भर बच्चियों ओर महिला कार्मिको द्वारा मूत्रालय शौचालय के अभाव में रोके जाने पर दुःख जताया ओर शीघ्र नव निर्माण करने की मांग की गई जिसे हाथों हाथ वाजिब समस्याओं को अग्रेषित करने का भरोसा पीओ प्रधानाचार्य अरुण व्यास ने दिया। राउमावि अमरथुन पीओ स्कूल प्रतिनिधि के वरिष्ठ अध्यापक संस्कृत भेरूलाल डोडियार ने परीक्षा पर चर्चा कर प्रतिमाह बच्चों की पढ़ाई, MSRA परीक्षा की तैयारी,MDM, विद्यालय परिसर की साफ सफाई, शौचालय विहिन विद्यालय होने के कारण शौचालय निर्माण, जर्जर अवस्था में किचन शेड की मरम्मत कराने जो कि वर्तमान मे अनुपयुक्त हैं उस पर आगे अग्रेषित किए जाने का भरोसा दिलाया और समसा कार्यालय से शीघ्र राहत मिलने की आशा जताई। इस अवसर पर बैठक में अभिभावकों ने जर्जर अवस्था में चार दिवारी की मरम्मत कराने तथा विद्यालय की विभिन्न समस्याओं के बारे मे विस्तृत रुप से चर्चा की गई। बैठक में अभिभावको, विद्यालय के छात्र/ छात्राओं, स्टॉफ साथी, एसएमसी के सदस्यों, ग्रामीणों, जन प्रतिनिधियों तथा पीईईओ प्रतिनिधि ने भाग लिया। पीईईओ प्रतिनिधि भेरूलाल डोडियार वरिष्ठ अध्यापक, हरिशंकर चरपोटा पंचायत सहायक,



संस्था प्रधान किरपा कुमारी, रिशा परमार, एसमसी अध्यक्ष बालकृष्ण जी चरपोटा, गणेशलाल जी निनामा, पवन कुमार सारेल, सविता सारेल, अनिता चरपोटा, नागेंद्र सारेल, गुणमाला देवी तथा तुलसी सारेल ने विद्यालय हित तथा बच्चों हित में अपने अपने विचार रखें। बैठक का संचालन किरपा कुमारी ने किया और आभार रिशा परमार ने व्यक्त किया।

# भजनों पर झूमे श्रद्धालु

जागरूक टाइम्स संवाददाता




**चूरू।** श्री ढांढ़ण शक्ति भक्त मंडल की ओर से टीडा गेला दादी के अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत निकाली गई 47 दिवसीय रथ यात्रा के 41 वें ठहराव के दौरान मंगलवार रात्री को श्रीराम मन्दिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दादी की दिव्य ज्योत प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में कोलकाता के मूलचन्द बजाज ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अकोला की नेतल शर्मा ने दादी आओ तो सही थारा टाबरिया बुलावे सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति प्रस्तुति देकर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।। कोलकाता के मोनू मोर ने दादी म्हारे घरां पधारो कदसै तरसै मनडो म्हारो व म्हारे थारो एक सहारो सहित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर वाहवाही लूटी। इस अवसर पर दादी के भव्य दरबार को सजाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों व कलाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पुष्प वर्षा कर कलाकारों का उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं व पुरुष भजनों पर झूमने लगे।

# जिला कारागार में ब्लेजर वितरण कार्यक्रम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** सांचल ड्रेसेस चुरु के सौजन्य से अणुव्रत समिति, चूरू द्वारा जिला कारागार, चुरु में ब्लेजर वितरण कार्यक्रम का आयोजन जेल अधीक्षक नरेंद्र कुमार स्वामी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर जिला कारागार चूरू में जीवन विज्ञान पर एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अहमदाबाद निवासी प्रवक्ता उपासिका चांद छाजेड़ रही, जिन्होंने बंदियों को



जीवन विज्ञान की उपयोगिता समझाते हुए जीवन विज्ञान की अनेकों क्रियाएं करवाई। समिति अध्यक्ष रचना कोठारी ने बंदियों को अपना जीवन सुधारने के लिए अणुव्रत जीवन शैली को अपनाने हेतु प्रेरित किया तथा अणुव्रत के छोटे-छोटे नियमों से जीवन को कैसे उत्कृष्ट बनाया जा सकता है इस बारे में बताया। जेल अधीक्षक स्वामी द्वारा समिति के कार्यों की सराहना करते हुए सभी बंदियों को नियमित रूप से अपने जीवन में जीवन विज्ञान की क्रिया करने हेतु कहा और बताया कि बंदी जेल में रहकर भी कैसे अपनी जीवनशैली सुधार सकते हैं। समिति मंत्री एडवोकेट ताहिर खान ने बंदियों को अणुव्रत के नियमों से संकल्पित करवाया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।

# शिविर में वाहन चालकों के नेत्र की जांच

**चूरू।** माह को सड़क सुरक्षा माह परवाह के कार्यक्रमों के तहत पुलिस विभाग व परिवहन विभाग के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन राजेन्द्र प्रसाद सारण ढाणी डिपो के सौजन्य से डॉ. गिरधर जयपाल आँखो के अस्पताल, सरदारशहर में



किया गया। जिसमे टेक्सी, बस एव ट्रक ड्राईवरो की आँखो की जाच की गई। इस मौके पर सरदारशहर थानाधिकारी मदनलाल थानाधिकारी, परिवहन निरीक्षक मनोज स्वामी, डॉ गिरधर जयपाल, कनिष्ठ सहायक छगनलाल, सूचना सहायक रवि व राजेन्द्र सारण आदि उपस्थित रहे।

मलेशिया : महिला अंडर-19 विश्व कप

## इंग्लैंड ने अमेरिका को आठ विकेट से हराया



▶▶ इंग्लैंड ने टॉस जीतकर चुना क्षेत्ररक्षण

▶▶ डेविना-ट्रुडी ने खेली शानदार पारी




**जोहोर।** डेविना पेरिन (74) और ट्रुडी जॉनसन (नाबाद 44) की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबले में अमेरिका को आठ विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के 119 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर एरिन थॉमस (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई ट्रुडी जॉनसन ने डेविना पेरिन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में पूजा शाह ने डेविना पेरिन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। डेविना पेरिन ने 45 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए (74) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। ट्रुडी जॉनसन (44) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड ने 14.2 ओवर में दो विकेट पर 120 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। अमेरिका की ओर से माही माधवन और पूजा शाह को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले बुधवार यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 29 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए थे। चेतना पग्यद्दला (10), इसानी वाघेल (10) और दिशा ढींगरा (छह) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे समय मे कप्तान अनिका कोलन ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। रितू सिंह (20) रन बनाकर आउट हुई। अनिका कोलन (46) और पूजा गणेश (10) रन बनाकर नाबाद रही। अमेरिका की महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 119 रन का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से प्रिशा थानावाला, ट्रुडी जॉनसन ने दो-दो विकेट लिये। टिली कॉर्टीन-कोलमैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## न्यूजीलैंड ने समोआ को 67 रनों से हराया



**कुचिंग।** ईव वोलैंड (48) रन की पारी के बाद ताश वेकलिन और ऋषिका जसवाल (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबलों में समोआ को 67 रनों से शिकस्त दी। 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी समोआ की टीम का कोई भी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नही टिक सका। समाओ की पूरी टीम 14.2 ओवर में 40 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। समाओ का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। न्यूजीलैंड की ओर से ताश वेकलिन और ऋषिका जसवाल ने तीन-तीन विकेट लिए। सोफी कोर्ट को दो विकेट मिले। हन्ना ओ'कॉनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बुधवार को यहां समोआ महिला अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 12 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिए। इसके बाद अनिका टोड और ईव वोलैंड ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में ए मापु ने अनिका टोड 19 गेंदों में (27) रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद समोआ के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। ईव वोलैंड ने 43 गेंदों में (48) रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 17 ओवरों में नौ विकेट पर 107 रन का स्कोर बनाया।

रणजी ट्रॉफी 2024-25

## टीम इंडिया की 'प्लेइंग 11' उतरेगी

**कोलकाता। रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे दौर की शुरुआत आज, 23 जनवरी से होने जा रही है। ये पहला मौका है जब रणजी ट्रॉफी को दो पार्ट में खेला जा रहा है। रणजी ट्रॉफी के पहले दौर में सभी टीमों ने पांच-पांच मैच खेले थे। अब दूसरे दौर में हर टीम दो-दो मैच खेलेगी। इस दौरान टीम इंडिया के 11 खिलाड़ी अपनी-अपनी टीमों के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। दरअसल, बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद सख्त रवैया अपनाते हुए किसी भी खिलाड़ी के फिट होने की स्थिति में घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है। इसी वजह से टीम इंडिया के कई बड़े खिलाड़ियों ने 23 जनवरी से शुरू हो रहे मुकाबलों में खेलने का फैसला किया है, जिसमें 11 बड़े खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं।**



▶▶ दो-दो मैच खेलेंगी टीमें

### 10 साल बाद खेलेंगे रोहित

मुंबई को अगले मैच में जम्मू कश्मीर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जो अभी एलीट ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है। इस मैच में रोहित शर्मा खेलते हुए नजर आएंगे, जो 10 साल के बाद उनका पहला रणजी मैच होगा। रोहित हालांकि अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में खेलेंगे। इस मुकाबले में यशस्वी जायसवाल भी उतरेंगे, जो रोहित के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे और शार्दुल ठाकुर जैसे स्टार खिलाड़ी भी इस मैच के लिए मुंबई की टीम में शामिल हैं।

### रवींद्र जडेजा और ऋषभ पंत का आमना-सामना

राजकोट में दिल्ली का सामना दो बार के विजेता सौराष्ट्र से होगा, जिसमें ऋषभ पंत दिल्ली की टीम के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। उनका सामना रवींद्र जडेजा से होगा, जो सौराष्ट्र की टीम का हिस्सा हैं। चेतेश्वर पुजारा और नवदीप सैनी भी इस मुकाबले में नजर आएंगे। दोनों टीम के लिए ग्रुप डी के इस मैच में जीत हासिल करना बेहद जरूरी है। दिल्ली अभी चौथे और सौराष्ट्र पांचवें स्थान पर है। तमिलनाडु और चंडीगढ़ इस ग्रुप में पहले दो स्थान पर हैं।

### शुभमन गिल पर भी सभी की नजर

भारतीय वनडे टीम के उप कप्तान शुभमन गिल भी इस बार रणजी खेलने वाले हैं। वह पंजाब की टीम का हिस्सा हैं। पंजाब ने ग्रुप सी में पांच मैच में अभी तक केवल एक जीत हासिल की है और वह पांचवें स्थान पर है। ऐसे में शुभमन गिल पर सभी की नजर रहने वाली है। उनकी टीम बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में कर्नाटक से भिड़ेगी। पंजाब को इस मैच में अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह की कमी खलेगी जो इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल हैं। दूसरी तरफ कर्नाटक को देवदत्त पडिक्कल और प्रसिद्ध कृष्णा की वापसी से मजबूती मिलेगी।

## क्रिकेट में वापसी कर सकते डिविलियर्स

▶▶ एसए 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर भी



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स थोड़ी मौज-मस्ती करने और अपने बच्चों को खुश करने के लिए इस तरह की क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं जहां आईपीएल जैसा दबाव नहीं हो और वह सहज होकर खेल सकें।

डिविलियर्स ने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए नवंबर 2021 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। दक्षिण अफ्रीका के 40 वर्षीय पूर्व कप्तान अब चैरिटी और प्रसारण से संबंधित कार्यों से जुड़े हुए हैं।

वह मौजूदा एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। लेकिन अपने यूट्यूब चैनल पर मेलिंडा फैरेल के साथ बातचीत में डिविलियर्स ने कहा कि वह फिर से क्रिकेट खेलना चाहते हैं।

लिवरपूल चैंपियंस फुटबाल लीग

## बार्सिलोना की रोमांचक जीत, 18 मिनट में तीन गोल दागे



**बार्सिलोना।** लिवरपूल ने अपने घरेलू मैदान पर लिली को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की, जबकि बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक रोमांचक मैच में बेनफिका को पांच-चार से हराया। बार्सिलोना ने 18 मिनट के अंदर तीन गोल दागकर जीत हासिल की। हार्वे इलियट ने विजयी गोल करके लिवरपूल को सात मैचों में सातवीं जीत दिलाई। इससे पहले मोहम्मद सलाह ने लिवरपूल की तरफ से 34वें मिनट में पहला गोल किया था लेकिन लिली कनाडा के स्ट्राइकर जोनाथन डेविड के 62वें मिनट में किए गए गोल के दम पर बराबरी करने में सफल रहा था। लिली को अंतिम आधे घंटे का खेल 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लिवरपूल को अंतिम 16 में जगह बनाने के लिए इस मैच में केवल एक अंक हासिल करने की जरूरत थी लेकिन उसकी टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए शानदार तरीके से अगले चरण में प्रवेश किया। बर्सिलोना की टीम 75वें मिनट तक दो-चार से पिछड़ रही थी। इसके बाद स्पैनिश जाएंट्स ने आखिरी 18 मिनट में शानदार वापसी करके जीत हासिल की। उसकी तरफ से रफिन्हा ने इंजरी टाइम में विजयी गोल किया। इससे बार्सिलोना के सात मैच में 18 अंक हो गए हैं और वह लिवरपूल के बाद दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के 21 अंक हैं। बेनफिका के वेंजेलिस पावलिडिस ने चैंपियंस लीग में तीसरी सबसे तेज हैट्रिक बनाई। उन्होंने दो गोल बार्सिलोना के गोलकीपर वोज्शिएक स्जेसनी की गलतियों का फायदा उठाकर किए। रॉबर्ट लेवानदॉस्की ने बार्सिलोना के लिए पेनल्टी पर दो गोल किए। वह नौ गोल के साथ चैंपियंस लीग के शीर्ष स्कोरर बने हुए हैं। रफिन्हा ने भी दो गोल किए।

इंटरनेशनल लीग टी-20 2025

## एलेक्स हेल्स ने महारिकॉर्ड बनाकर चौंकाया



2000 बाउंड्री लगाने वाले दूसरे क्रिकेटर बने

**दुबई।** दुबई में खेले जा रहा इंटरनेशनल लीग टी20 2025 में एलेक्स हेल्स ने इतिहास रच दिया है। डेजर्ट वाइपर्स और दुबई कैपिटल्स के बीच खेले गए टूर्नामेंट के 13वें मैच में एलेक्स हेल्स ने शानदार बल्लेबाजी की और एक ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है जिसने विश्व क्रिकेट को चौंका कर रख दिया है। इंटरनेशनल लीग टी20 202 में डेजर्ट वाइपर्स की ओर से खेल रहे हेल्स ने दुबई कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान 31 गेंदों में 34 रन की पारी खेली, अपनी पारी में हेल्स ने दो चौके और दो छक्के लगाए। हेल्स ने ऐसा कर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अब एलेक्स हेल्स टी20 क्रिकेट में 2000 बाउंड्री लगाने में सफल हो गए हैं। हेल्स टी-20 क्रिकेट में 2000 बाउंड्री लगाने वाले दुनिया के केवल दूसरे क्रिकेटर बने हैं। हेल्स के नाम अब टी-20 क्रिकेट में 2001 बाउंड्री लगाने का कमाल दर्ज हो गया है। इस मामले में पहले नंबर पर क्रिस गेल हैं जिनके नाम टी-20 में कुल 2188 बाउंडी लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है।

# म नो रं ज न

## फिर साथ नजर आएंगे प्रभास-दीपिका पादुकोण

साल 2024 की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धुआं उठाया। फिल्म ने 1000 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था। नाग अश्विन की इस फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण के अलावा अमिताभ बच्चन ने भी काम किया था। जिनके रोल की सबसे ज्यादा तारीफ की गई है। तब से ही फिल्म के सीक्वल को लेकर चर्चा चल रही है। अब इस पर बड़ा अपडेट आ गया है। क्या मैटरनिटी लीव के बाद 'कल्कि 2' का शूट शुरू करेंगी दीपिका पादुकोण? फिल्म के पहले पार्ट में तीन अलग-अलग दुनिया की कहानी दिखाई गई है ।लेकिन विलेन का काफी कम रोल था। ऐसा कहा गया कि सेकंड पार्ट में विलेन बने कमल हासन का खतरनाक रूप देखने को मिलेगा। अब इस पर बड़ी जानकारी सामने आ गई है। दरअसल फिल्म का शूट इसी साल शुरू होने वाला है। रिपोर्ट से पता लगा कि 'कल्कि 2898 एडी' के पार्ट 2 की शूटिंग इसी साल जून से शुरू हो सकती है। इस वक्त प्रभास अपने अपकमिंग फिल्मों की शूटिंग में बिजी हैं। उनके खाते में पहले से ही कई फिल्में हैं। इस समय वो 'फौजी' पर काम कर रहे हैं, उसके बाद संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' का शूट होगा। ऐसे में क्या सच में जून में 'कल्कि' के पार्ट 2 की शूटिंग हो पाएगी? यह जानने के लिए मेकर्स के ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार करना है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, जून में ऐसा हो रहा है। फिल्म के प्रोड्यूसर अश्विनी दत्त ने बताया था कि कल्कि के सीक्वल में जिन तीन एक्टर्स के कैरेक्टर्स पर फोकस रहेगा, वो अमिताभ बच्चन, प्रभास और कमल हासन हैं। जहां पहले पार्ट में विलेन बने कमल हासन की आखिरी वक्त पर एंट्री करवाई गई थी। पार्ट 2 में उन्हें ज्यादा स्क्रीन स्पेस मिलने वाला है। वहीं दीपिका पादुकोण भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि को जन्म देने वाली है। यह सबकुछ भी इसी पार्ट में देखने को मिलेगा।



## महाकुंभ में होगी 'रामायण: द लेजेंड ऑफ प्रिंस रामा' की ऐतिहासिक स्क्रीनिंग

'रामायणः द लिजेंड ऑफ प्रिंस रामा' अपनी थियेट्रिकल रिलीज से पहले एक ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहा है। यह फिल्म आज, 23 जनवरी को प्रयागराज के महाकुंभ मेले में प्रदर्शित होगी, जहां स्कूल के बच्चों और श्रद्धालुओं को वाल्मीकि के रामायण पर आधारित इस इंडो-जापानी एनीमेशन का नया 4K रिमास्टर वर्जन दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा बच्चों को भारतीय महाकाव्य रामायण से परिचित कराना है, जिसमें जापानी कला के जरिए जान फूंकी गई है। महाकुंभ मेला दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक महासंगम है, जो प्रयागराज में होता है, जहां दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु शहर में आते हैं। यह स्पेशल स्क्रीनिंग महाकुंभ में आयोजित होने वाला पहला ऐसा आयोजन होगा, जो प्रयागराज के सेक्टर छह स्थित दिव्य प्रेम सेवा शिविर में नेटरा कुंभ के पास को सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

## विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना की फिल्म 'छावा' का ट्रेलर रिलीज




विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना की फिल्म 'छावा' के ट्रेलर का काफी समय से इंतजार हो रहा था और अब फाइनली ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी जबरदस्त है। जिस तरह पोस्टर्स इसके जबरदस्त थे उसी तरह इसके ट्रेलर ने दिल जीत लिया है। ट्रेलर की शुरुआत होती है एक वॉइस ओवर से जिसमें बताया जाता है कि छत्रपति शिवाजी के निधन के बाद मुघल मराठा की जमीन पर राज करने के लिए तैयार होते हैं, लेकिन संभाजी महाराज की होती है फिर एंट्री जो बोलते हैं कि हम शोर नहीं करते, हम शिकार करते हैं। विक्की की परफॉर्मेंस देखकर आप भी काफी इम्प्रेस होंगे। रश्मिका का स्क्रीन प्रेजेंस भी काफी ठीक है। विक्की के एक्शन सीन और डायलॉग्स काफी जबरदस्त हैं। ट्रेलर के एंड में शेर और विक्की का सीन आपको फिल्म देखने के लिए काफी एक्साइटेड करेगा। विक्की ने फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया है। विक्की और रश्मिका की साथ में यह पहली फिल्म है। रश्मिका ने फिल्म में संभाजी महाराज की पत्नी येसूबाई भोसले का किरदार निभाया है। फिल्म में विक्की और रश्मिका के अलावा अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी हैं। छावा में उस साहसी योद्धा की कहानी बताई गई है जिसके राज्याभिषेक के दिन 1681 में इसी दिन एक महान शासनकाल की शुरुआत हुई थी। फिल्म में अपने किरदार को लेकर विक्की ने इंटरव्यू में कहा था, 'जब मेरे पास फिल्म की स्क्रिप्ट आई तब सबसे पहले मेरे मन में यही बात आई थी कि क्या मैं इस किरदार के साथ इंसाफ कर पाऊंगा। लेकिन इसके साथ ही मुझे एक्साइटमेंट भी हुई। इसके अलावा ऐसा मौका जब आता है जब आपको एक महान आदमी वो भी छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाना पड़े तो ये काफी खूबसूरत मौका होता है अपने कल्चर को समझने का, उनकी हिस्ट्री जानने का।'

## व्हीलचेयर पर बैठे, मास्क से चेहरा छुपाती दिखीं 'पुष्पा' की श्रीवल्ली

रश्मिका मंदाना साउथ के बाद बॉलीवुड में भी छा चुकी हैं। एनिमल के बाद उन्होंने बॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बना ली है। रश्मिका जल्द ही सलमान खान के साथ 'सिकंदर' और विक्की कौशल के साथ 'छावा' में नजर आने वाली हैं। हाल ही में रश्मिका के जिम करते दौरान पैर में चोट लग गई थी। अपने पैर की चोट के बारे में रश्मिका ने खुद पोस्ट शेयर करके जानकारी दी थी। चोट लगने के बावजूद रश्मिका अपने काम से छुट्टी नहीं ले रही हैं। बुधवार को उन्हें हैदराबाद से मुंबई जाते हुए एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। जहां पर उन्होंने अपना फेस कवर किया हुआ था और लंगड़ाती हुई नजर आईं। रश्मिका की फिल्म 'छावा' रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म के प्रमोशन के लिए लगता है रश्मिका हैदराबाद से मुंबई पहुंच गई हैं। उनकी एयरपोर्ट से वीडियो वायरल हो रही है जिसमें वो कार से बाहर लंगड़ाती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में रश्मिका ने सिर पर कैप और फेस पर मास्क लगाया हुआ है। उनके पैर में प्लास्टर बंधा हुआ है। वो कार से निकलती हैं और लंगड़ाते हुए व्हीलचेयर तक जाती हैं। जिसके बाद उन्हें बैठाकर एयरपोर्ट पर अंदर लेकर जा रहे हैं। रश्मिका को दर्द में भी काम करता देख फैंस उनके जल्दी ठीक होने की प्रार्थना कर रहे हैं। रश्मिका के वीडियो पर फैंस कमेंट करके उनके जल्दी ठीक होने की कामना कर रहे हैं।



## री-रिलीज होगी 'पद्मावत'

संजय लीला भंसाली की फिल्म 'पद्मावत' अपनी सातवीं सालगिरह के मौके पर फिर से रिलीज हो रही है। फिल्म को 24 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज किया जा रहा है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी भी साझा कर दी है। अब फैंस को एक बार फिर बड़े पर्दे पर इस शानदार फिल्म को देखने का मौका मिलेगा। दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और शाहिद कपूर जैसे स्टार्स वाली 'पद्मावत' आज भी इंडियन सिनेमा की सबसे कामयाब फिल्मों में से एक रूप में गिनी जाती है। इस फिल्म की कहानी असल घटना पर आधारित थी, जिसे काफी खूबसूरती के साथ कलाकारों और निर्देशक संजय लीला भंसाली ने दर्शकों के सामने पेश किया था। मलिक मुहम्मद जायसी की कविता 'पद्मावत' पर बेस्ड ये ऐतिहासिक ड्रामा रानी पद्मावती की खूबसूरती, सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के खिलाफ उनकी हिम्मत और उनकी निडरता की कहानी है। फिल्म में जौहर की प्रथा को दिखाया गया है। संजय लीला भंसाली ने फिल्म में भव्यता दिखाने का प्रयास किया, जैसा कि वो अपनी हर फिल्म में अपने डायरेक्शन के जरिए करते हैं। ग्रैंड प्रोडक्शन डिजाइन ने इसे दुनियाभर के दर्शकों के दिलों तक पहुंचाया।



फिल्म को खूब तारीफे मिलीं और इसका फैनबेस आज भी जबरदस्त है। 2018 में जब पद्मावत रिलीज हुई तो इसने हर तरफ तहलका मचा दिया। फिल्म का काफी विरोद भी हुआ। कई समुदायों ने इसे बैन करने की भी मांग की। फिल्म की हीरोइन दीपिका पादुकोण को जान से मारने की धमकी भी मिली। कर्णी सेना पूरी तरह से फिल्म के विरोध में उतर आई थी। जैसे-तैसे मेकर्स ने फिल्म रिलीज की और तमाम विवादों के बीच भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर पाई। फिल्म की कहानी और शानदार एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीत लिया। दीपिका पादुकोण ने रानी पद्मावती के रोल में अपना जलवा दिखाया, रणवीर सिंह ने खिलजी के किरदार में डर और जुनून भर दिया, और शाहिद कपूर ने राजा रतन सिंह की गरिमा को बेहतरीन तरीके से पर्दे पर उतारा। फिल्म की कहानी उसकी भव्यता और डिटेलिंग को लेकर भी खूब बातें हुईं।

# जिले के 134 पटवारी हड़ताल पर, आमजन के कार्य प्रभावित

## 10 सूत्री मांगों को लेकर पटवारियों में आक्रोश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान पटवार संघ की लंबित मांगों को लेकर जिलेभर के 134 पटवारी पिछले कई दिनों से हड़ताल पर हैं। पटवारियों की हड़ताल से अब आमजन के कार्य प्रभावित होने लगे हैं। पटवारी काम नहीं कर रहे, इससे तहसीलों से लेकर उपखंड कार्यालयों तक कामकाज बेपटरी है। राजस्व विभाग के अधिकारियों के मुताबिक जाति प्रमाण पत्रों का सत्यापन, भूमि विभाजन, तरमीन समेत कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों के छोटे-मोटे कार्य भी नहीं हो रहे। 10 सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को दसवें दिन भी पटवारियों का धरना तहसील कार्यालय के बाहर जारी रहा। इस दौरान महेन्द्र पटेल, आशिष मीणा, धूलाराम, उदयवीरसिंह, अशोक माली, रश्मि एवं ललिता समेत कई जने मौजूद थे।




### यह हैं प्रमुख मांगें

- » गिरदावरी एप में आवश्यक संशोधन करने व सर्वेयर नियुक्ति का विरोध।
- » पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी में वित्तीय स्वीकृति से शेष पटवार - मंडल व भू- अभिलेख निरीक्षक वृत्त की वित्तीय स्वीकृति
- » 752 नव सृजित भू अभिलेख निरीक्षक पदों के निर्धारित संबंधि पत्रावल भेजने।
- » पटवारी से भू-अभिलेख निरीक्षक व भू-अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार पद की डीपीसी नए सृजित भू अभिलेख निरीक्षक पदों के निर्धारण संबंधी पत्रावली का निस्तारण।
- » सभी पटवारियों को जीबी स्टोरेज टेबलेट या लैपटॉप मय प्रिंटर इंटरनेट सुविधा देने।
- » भू-अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार में पदोन्नत कोटा बढ़ाने की मांग
- » तहसीलदार पद पर मंत्रालयिक संवर्ग के कोटे का पुनर्निर्धारण 2 वर्षों से लंबित
- » भू-प्रबंधन आयुक्त 1 अप्रेल 2023 की स्थिति में नियम विरुद्ध जारी वरिष्ठता सूची को निरस्त कर संयुक्त केडर की वरिष्ठता सूचीजारी करने।
- » हार्ड ड्यूटी एवं स्टेशनरी भत्तों में बढ़ोतरी

## विद्यार्थियों को किया जागरूक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रॉयल राजस्थान पब्लिक स्कूल में पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला सदस्यों ने महिला सुरक्षा और सड़क सुरक्षा पर ज्ञानवर्धक संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें सुंदर, कमला एवं सुलोचना ने विद्यार्थियों को जागरुक किया। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की टीम ने विभिन्न स्थितियों में महिलाओं की सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किए गए मोबाइल ऐप के बारे में जानकारी दी। प्रिंसिपल जनक प्रताप सिंह राठौड़ व शैक्षिक प्रभारी ने महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को शिक्षित करने की उनकी पहल और प्रयासों के लिए पुलिस टीम का आभार जताया। स्कूल के चेयरमैन दीपक पाठक ने कहा कि रॉयल राजस्थान पब्लिक स्कूल हमेशा जागरूकता को बढ़ावा देने और अपने छात्रों की सुरक्षा तथा कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बस के पीछे टकराई बाइक, बाइक चालक घायल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** धामसरा में रोडवेज बस के पीछे से बाइक सवार टकरा गया। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को उपचार के लिए राजकीस चिकित्सालय ले जाया गया। भीनमाल से चलकर आबूरोड आ रही आबूरोड आगार की बस धामसरा पहुंची। इसी दौरान सवारियों से भरी बस के पीछे से बाइक सवार टकरा गया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं बाइक क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने 108 एम्बूलेंस व सदर पुलिस को सूचना दी। घायल को एम्बूलेंस से आकराभटटा राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसका उपचार किया गया। वहीं दुर्घटना के बाद बस चालक नदारद हो गया। आगार से दूसरे चालक के आने के बाद बस को रवाना किया गया।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आज होगा पथ संचलन

### » एवीएम के विद्यार्थी जय घोष और संघ के बैंड की धुन पर मिलाएंगे कदम



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर गुरुवार को जिलेभर में आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों की ओर से पथ संचलन निकाला जाएगा। जिसमें सभी विद्यार्थी जयघोष की धुन पर कदमताल मिलाते हुए चल आगे बढ़ेंगे। जिला मुख्यालय के आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से संचलन निकाला जाएगा। यह संचलन सरकेएम विद्यालय रवाना होगा। जो पैलेसरोड, महल रास्ता, नीलवणी चौक, सदर बाजार, सरजावाव दरवाजा, नया बस स्टैण्ड, सम्पूर्णानंद कॉलोनी, भाटकड़ा होते हुए रामझरोखा मैदान पहुंचेगा। जहां संचलन का समापन होगा। संचलन को लेकर पग पग पर सामाजिक संगठन एवं व्यापारियों की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

**आबूरोड।** गोविंदानंद आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक गोविंदधाम की ओर से गुरुवार सुबह नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रुप में मनाई जाएगी। साथ ही सुबह साढ़े दस बजे विद्यार्थियों का पथ संचलन निकाला जाएगा।

**वेलांगरी।** आदर्श विद्या मंदिर बालिका उच्च माध्यमिक की बहनों द्वारा विराट पथ संचलन का आयोजन में किया जाएगा। पथ संचलन राजकीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय वेलांगरी से रवाना होकर गांव के मुख्य मार्ग होते हुए फिर से विद्यालय पहुंचेगा। संचलन को लाबुसिंह देवड़ा, वणाराम देवासी, उपसरपंच साबूसिंह, कुपाराम देवासी रवानगी देंगे।

## धूमधाम से मनाया प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** नया खेड़ा में नवनिर्मित बालाजी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। दिनभर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ महाप्रसादी का आयोजन किया गया। नया खेड़ा के हनुमान चौराहा पर नवनिर्मित बालाजी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के चलते सवेरे 251 कलश के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मुख्य मार्गो से होते हुए बालाजी मंदिर पहुंची। जहां हवन व पूजन किया गया। इसके बाद दोपहर एक बजे से महाप्रसादी का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। शाम साढ़े छह बजे भजन संध्या व रात आठ बजे मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। महावीर टॉकिज रोड स्थित अंबाजी मंदिर का भी वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विशेष पूजा-अर्चना की गई। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

## डोडा पोस्त तस्करी में फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने डोडा पोस्त तस्करी के मामले में फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 35 क्विंटल डोडा पोस्त के मामले में जिला स्तरीय टॉप 10 सूची में वांछित आरोपी झालावाड़ के अकलेरा थाना के पोली हाल कोटा के आरटीओ आफिस के पीछे निवासी दयाराम पुत्र छोटूलाल मीणा को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि गत वर्ष 26 अप्रैल को मावल पुलिस चौकी पर नाकाबंदी के दौरान ट्रक से 35 क्विटंल डोडा पोस्त जब्त किया था। मौके पर दो अरोपी दिलीप दास व गोरधन रावत को गिरफ्तार किया था। अनुसंधान के दौरान आरोपी पंकज को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में वांछित आरोपी दयाराम की गिरफ्तारी के लिए अलग.अलग टीम भेजकर दस्तायाबी के प्रयास किए गए। लम्बे समय तक तलाश के बाद आरोपी दस्तयाब नहीं हो सका। वह जगह बदलकर अलग-अलग जगह पर रहने लगा। आरोपी पर पांच हजार कर इनाम घोषित किया था।



## घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर के निर्देशानुसार सम्पूर्ण जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग/अवैध रिफिलिंग इत्यादि के विरूद्ध संचालित प्रतिष्ठानों, दुकानों व गोदामों आदि के विरूद्ध कार्यवाही जारी है। इसके तहत नया गांव रोड स्थित प्रतिष्ठानों पर 4 घरेलू गैस सिलेण्डर मय दो भट्टियां जब्त की गई। जिला रसद अधिकारी डॉ पूजा सक्सेना ने बताया कि नया गांव रोड स्थित राजश्री नमकीन व बालाजी स्वीट्स एंड नमकीन प्रतिष्ठान पर संयुक्त जांच दल द्वारा जांच करने पर गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण एवं व्यावसायिक उपयोग पाया जाने पर 4 घरेलू गैस सिलेण्डर मय 2 दो भट्टियों को जब्त किया गया। इन दोषियों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान प्रवर्तन अधिकारी कमल पंवार एवं जितेन्द्रसिंह आशिया मौजूद रहे।

## शिक्षकों की अनूठी पहल
## शिक्षक बने भामाशाह



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय (मेघवाल बस्ती) में विद्यालय भवन के रंग-रोगन का कार्य पूर्ण हुआ। इस कार्य के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भामाशाह के रूप में अपना योगदान दिया। विद्यालय के प्रवेश द्वार का रंग-रोगन भामाशाह गणेशराम पुत्र दलाराम ने करवाया। कस्बे की मेघवाल बस्ती सकूल की एक अलग ही पहचान है। जो जिले की सरकारी स्कूलों के लिए एक मॉडल है। विद्यालय के कमरे, कंप्यूटर कक्ष, गार्डन, टीन शेड सहित विद्यालय में हर गतिविधि आयोजित की जाती है। विद्यालय के समस्त 12 अध्यापक अध्यापिकाओं ने भामाशाह के रूप में योगदान देकर विद्यालय भवन का रंग रोगन किया गया है। विद्यालय में 212 का नामांकन है। किसी सरकारी विद्यालय के प्रति शिक्षकों की अनूठी पहल की बदोलत सरकारी विद्यालयों का काया पलट हो रहा है। इससे पढ़ाई के साथ-साथ भौतिक सुविधाओं को बढ़ावा मिल रहा है।



## शिविर में निधारित समय पर नहीं पहुंचे अधिकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सियावा में क्लस्टर के विशेष योग्यजन शिविर का आयोजन किया गया। लेकिन, अधिकारियों ने बेरुखी दिखाते हुए निर्धारित समय पर पहुंचने की जेहमत नहीं उठाई। जिसके चलते दिव्यांगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसारसियवा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे विशेष शिविर शुरु हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजन व ग्रामीण पहुंचे। लेकिन, अधिकारियों ने बजट घोषणा के शिविर में निर्धारित समय पर पहुंचना जरुरी नहीं समझा। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे तक अधिकारी शिविर से नदारद रहे। अधिकारियों ने सम्पर्क करने पर जवाबदेही से कन्नी काटते रहे।

## डोडा पोस्त बरामद, एक गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** पालड़ी एम पुलिस ने फोरलेन स्थित एक होटल पर डोडा बेच रहे एक जने को गिरफ्तार कर उसके पास से डोडा पोस्त बरामद किया। थानाधिकारी हुकमसिंह भाटी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की फोरलेन के सारण बावला होटल पर बावरला पुलिस थाना डांगियावास हाल बावला होटल निवासी सुभाष पुत्र बाबूलाल विश्नोई डोडा बेच रहा है। जिस पर थाना अधिकारी मय जाब्ता होटल पर पहुंचे तो सुभाष विश्नोई डोडा पोस्त बेचता पाया गया। पुलिस ने सुभाष के पास से 1 किलो 485 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## एमएलए का गनमैन बताकर महिला ट्रैफिक कर्मी से की बदसूलकी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** बस स्टैंड के पास यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक सवार ने अपने आपको आबू- पिंडवाड़ा विधायक का गनमैन बताया। महिला ट्रैफिक हेड कांस्टेबल के साथ बदसलूकी की। पूरा मामला समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस की ओर से यातायात सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की नसीहत दी जा रही है। वहीं ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसी के तहत बस स्टैंड के पास महिला ट्रैफिक हेड कांस्टेबल व एक कांस्टेबल ड्यूटी को अंजाम दे रहे थे। इसी दौरान एक बाइक सवार व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की बाइक व बिना हेलमेट लगाए पहुंचा। ड्यूटी पर तैनात महिला ट्रैफिक हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल ने बाइक सवार को रोका। यातायात नियमों का उल्लंघन करने का हवाला दिया। लेकिन, बाइक सवार व्यक्ति अपने आपको आबू-पिंडवाड़ा विधायक का गनमैन बताते हुए रुआब दिखाने लगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में गहमागहमी हो गई। पूरा मामला बस स्टैंड के समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

## 'खता' की 'माफी' मांगने पहुंचे राजकीय चिकित्सालय

### चिकित्सक के साथ हाथापाई, धक्का मुक्की व बदसलूकी करने का मामला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** आकराभटटा राजकीय चिकित्सालय में चिकित्सक के साथ का धक्का मुक्की करने, गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने व राजकाज में बाधा पहुंचाने के मामले में संबंधित लोग राजकीय चिकित्सालय पहुंचे। चिकित्सकों के समक्ष किए गए दुर्व्यवहार के लिए माफी मांगी। राजकीय चिकित्सालय में चिकित्सक गौरव मेवाड़ा के साथ मंगलवार को ओपीडी के बाहर उन्मादी भीड़ ने बदसलूकी की थी। दुर्व्यवहार करते हुए गाली-गलौज व हाथापाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। पूरा मामला अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया था। चहीं चिकित्सकों में रोष व्याप्त हो गया था। इसी मामले में बुधवार शाम को सबंधित व्यक्ति कुछ लोगों के साथ राजकीय चिकित्सालय पहुंचे। चिकित्सक के साथ की गई बदसलूकी के लिए क्षमा याचना की। गौरतलब है कि मंगलवार को ओपीडी के बाहर लोगों ने डॉ. मेवाड़ा के साथ हाथापाई, गाली गलौज व दुर्व्यवहार किया था। इस पर चिकित्सकों की ओर से सदर थाने में रिपोर्ट दी गई थी। चौबीस 24 घंटे में आरोपियों की पहचान व गिरफ्तार करने की मांग की गई थी। मांग पूरी नहीं होने पर कार्य के बहिष्कार की चेतावनी दी गई थी।



## पिकअप से अंग्रेजी शराब के 17 कार्टन बरामद

### दो आरोपी गिफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने मावल चौकी पर बोलेरो पिकअप में हरियाणा से गुजरात ले जाई जा रही शरा बरामद की। हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब के 17 कार्टन जब्त का दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार विशेष अभियान के तहत मावल चौकी पर मंगलवार रात बोलेरो पिकअप जीजे 27 टीएफ 3596 की जांच की गई। पिकअप में हरियाणा से गुजरात ले जाई जा रही हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब के 17 कार्टन पाए गए। इस पर पिकअप व शराब को जब्त किया गया। साथ हरियाणा के भिवानी जिले के खारखडी गांव निवासी पवन पुत्र धर्मपाल जाट, हनुमानगढ़ के गोगामेडी थाना के दीपलाना निवासी विनोद पुत्र दीपचंद छीपा को गिरफ्तार किया।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

# राम जल सेतु लिंक परियोजना

राजस्थान मध्यप्रदेश

## (संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना)








## परियोजना के लाभ

- 17 जिलों की 3.25 करोड़ आबादी को मिलेगा शुद्ध पेयजल।
- 25 लाख किसानों की आय बढ़ाने हेतु लगभग 4 लाख हैक्टेयर भूमि में सिंचाई के लिए मिलेगा जल।
- राज्य के चहुंमुखी विकास हेतु उद्योगों को होगा जल उपलब्ध।
- बनास, मोरेल, बाणगंगा, रूपारेल, पार्वती, गंभीर, साबी जैसी नदियों को पुनर्जीवित कर होगा भूजल पुनर्भरण।

राजस्थान संवाद

जल संसाधन विभाग, राजस्थान
पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना निगम